प्रकाशन का सफलतम 18 वां वर्ष

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची ➢ दिल्ली ➢ देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

10

वर्ष - 18 | अंक 94 | दैनिक | रांची | सोमवार 18 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00



**सुविचार**

मूर्खता और बुद्धिमता में सिर्फ एक फर्क होता है की बुद्धिमता की एक सीमा होती है ।

अल्बर्ट आइंस्टीन

## केजरीवाल के 'हनुमान' ने दिया जोर का झटका

### ● 'अपने राम' को छोड़ उड़ चले कैलाश गहलोत, दे दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। खुद को अरविंद केजरीवाल का हनुमान बताने वाले एएपी नेता कैलाश गहलोत ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया है। वो मौजूदा आतिशी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे और परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी



संभाल रहे थे। कैलाश गहलोत ने रविवार को आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने मंत्री पद भी छोड़ दिया। उनके इस्तीफे को दिल्ली की सीएम आतिशी ने स्वीकार कर लिया है। यही नहीं एएपी सूत्रों का दावा है कि कैलाश गहलोत के खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स के कई मामले चल रहे थे। छापेमारी भी हुई थी, ऐसे में उनके पास बीजेपी में जाने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। कैलाश गहलोत को आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के बेहद करीब नेताओं में माना जाता था। इसी साल सितंबर में जब अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा दिया और आतिशी के नेतृत्व में नई सरकार बनी तो कैलाश गहलोत को कैबिनेट मंत्री के तौर पर शामिल किया गया।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मिल गई बड़ी सफलता

### ● पुलिस ने सलमान वोहरा को अकोला से किया अरेस्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने अकोला महाराष्ट्र से सलमानभाई इकबाल भाई वोहरा को गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड में यह 25वीं गिरफ्तारी है। पुलिस वोहरा की गिरफ्तारी को इस हाईप्रोफाइल मर्डर केस में काफी अहम अरेस्ट मान रही है। पुलिस का कहना है कि वोहरा ने मर्डर की घटना में वित्तीय मदद की थी। वोहरा ने अन्य आरोपियों को



रुपये भेजे थे। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई में हत्या की गई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या में गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ में वोहरा का नाम सामने आया था। पुलिस का दावा है कि उसने गुजरात में अपने बैंक खाते के माध्यम से पैसे ट्रांसफर किए थे। पुलिस ने पहले दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उन्हें अदालत में पेश किया गया। मुंबई क्राइम ब्रांच ने सलमानभाई इकबालभाई वोहरा को अकोला के बालापुर से गिरफ्तार किया है। वोहरा गुजरात के आणंद जिले के अर्बन पार्क का निवासी है। पुलिस ने 24वें आरोपी के तौर पर आकाश दीप गिल को भी पंजाब के फाजिल्का से गिरफ्तार किया गया।

## अंतरिक्ष में 'फंसीं' सुनीता की आ गई है नई तस्वीर

### ● नई फोटो ने दी फैंस को दी बड़ी राहत, दिख रहीं हेल्दी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय मूल की नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके साथी विल्मोर बुच कई महीनों से अंतरिक्ष में 'फंसीं' हुई हैं। हाल ही में सुनीता की एक तस्वीर सामने आई, जिसने दुनियाभर को हैरान



कर दिया। उस फोटो में सुनीता की हेल्थ काफी खराब लग रही थी और वजन गिरा हुआ नजर आ रहा था, लेकिन अब एक नई और लेटेस्ट फोटो के जरिए सुनीता विलियम्स के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आई है। दरअसल, ताजा फोटो में सुनीता विलियम्स पहले से बिल्कुल विपरीत एकदम हेल्दी नजर आ रही हैं। नासा की नई फोटो इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की गई है, जिसमें वह स्पेसएक्स ड्रैगन क्रू स्पेसक्राफ्ट की विंडो से बाहर की ओर देखती हुई नजर आ रही हैं।



# सावधान ! कश्मीर में बर्फबारी से बदला मौसम

### अब कड़ाके की ठंड के आसार, आईएमडी ने दी चेतावनी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** मौसम तेजी से बदल रहा है। ठंड बढ़ने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्व और पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान गिरेगा। इसमें 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की उम्मीद है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और बिहार में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहेगा। तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और माहे में अलग-अलग जगहों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी पूरे सप्ताह कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के रिसॉर्ट गुलमर्ग और गुरेज सहित कश्मीर घाटी के ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। इससे तापमान में गिरावट आई और गुलमर्ग का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया।

### दिल्ली में अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान है। रात के तापमान में गिरावट के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में कोहरा छाया रहा। सुबह और शाम को ठंडी हवाएं चलीं। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक था। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सबसे कम तापमान था।

# मणिपुर में बड़े ऐक्शन की तैयारी में केन्द्र सरकार

### महाराष्ट्र की सभी रैलियां रद्द कर अमित शाह पहुंचे दिल्ली



**मणिपुर हिंसा के बीच एनपीपी ने एनडीए से समर्थन लिया वापस**

इंफाल (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अचानक महाराष्ट्र की अपनी चारों रैलियां रद्द कर दीं। वह चुनाव प्रचार के लिए नागपुर पहुंच गए थे। अचानक गृह मंत्री ने यह बड़ा फैसला लिया और दिल्ली लौट गए। बताया जा रहा है कि मणिपुर के बिगड़े माहौल को लेकर गृह मंत्री ने यह फैसला लिया है। सरकार मणिपुर में शांति बहाली के लिए कोई बड़ा कदम उठा सकती है। गृह मंत्री अमित शाह आज विदर्भ में चार रैलियां करने वाले थे। अमित शाह गढ़चिरौली, वर्धा,कटोल और सावनेर में सभाएं करने वाले थे। वह नागपुर के रेडिसन ब्लू होटल में रुके थे। सुबह 11 बजे के करीब वह गढ़चिरौली के लिए रवाना होने वाले थे तभी पता चला कि उन्होंने अपनी सभी रैलियां रद्द कर दी हैं और दिल्ली लौट रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि मणिपुर हिंसा को लेकर ही उन्होंने यह फैसला लिया है। अब उनकी जगह शिवराज सिंह चौहान और स्मृति ईरानी रैली करेंगी। दो सभाओं में स्मृति ईरानी मौजूद रहेंगी।

मणिपुर में बिगड़ते हालातों के बीच नेशनल पीपुल्स पार्टी ने एनडीए से अपना समर्थन वापस ले लिया है। NPP ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार राज्य की मौजूदा स्थिति से निपटने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है।

### सुरक्षा बलों ने हवा में की फायरिंग

पुलिस ने ख. रघुमणि सिंह, सपाम निशिकांत और ख. जॉयकिसन सिंह के घरों में तोड़फोड़ की घटना की पुष्टि की है। शाम करीब 7 बजे भीड़ ने वाई सुसिंड्रो के घर पर धावा बोल दिया और पत्थरबाजी की, जिसके जवाब में उनके घर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों ने हवा में फायरिंग की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा है कि राजनेताओं ने लोगों को निराश किया है और निर्दोष नागरिकों के जीवन की रक्षा करने में विफल रहने के बाद वे अपनी कुर्सी पर बने रहने के लायक नहीं हैं। शनिवार की रात जिरिबाम में भी आगजनी हुई।

### मंत्रियों और विधायकों को बनाया निशाना

शनिवार को भीड़ ने जिरीबाम से लेकर इंफाल तक में कई बीजेपी नेताओं के आवासों को निशाना बनाया। इतना ही नहीं, सीएम एन बिरेन सिंह के दामाद राजकुमार इमो सिंह और इंफाल सरकार में मंत्री खुरई विधायक एल सुसीद्रो को निशाना बनाया गया है। बीजेपी के उरीपोक से विधायक रघुपति सिंह, पटसोई विधायक सपा कुंजाकेश्वर और थांगमेइबंद विधायक के जॉयकिसन सिंह और निर्दलीय विधायक सपाम निशिकांत के घरों को निशाना बनाया गया है। इन नेताओं के घरों पर संपत्ति और वाहनों तक को आग के हवाले कर दिया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात भीड़ ने इम्फाल के हीनगांग में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के निजी आवास पर भी हमला करने की कोशिश की। हालांकि उस समय वे वहां मौजूद नहीं थे। सुरक्षा बलों ने भीड़ को पीछे धकेल दिया, जिन्होंने खाली गोलियां और आंसू गैस के गोले दागे। उनके आवास तक जाने वाले हाईवे पर जलते हुए टायर बिछाए गए थे। इंफाल के पूर्वी और पश्चिमी दोनों जिलों समेत सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं दो दिनों के लिए बंद कर दी गई हैं। प्रभावित क्षेत्रों में मध्य मैतेई बहुल घाटी के सभी पांच जिले शामिल हैं। वहीं कुकी बहुल समुदाय वाले जिलों कांगपोकपी और चुड़ाचांदपुर में भी भारी हिंसा देखने को मिली।

## एससी में बुधवार-गुरुवार को रेगुलर मामलों की सुनवाई नहीं

### ● इनकी जगह ट्रांसफर याचिका, बेल केस और दूसरे मामले लिस्ट होंगे, सीजेआई खन्ना ने नियम बदले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को मामलों की सुनवाई को लेकर नया सर्कुलर जारी किया गया। इसके



मुताबिक बुधवार और गुरुवार को रेगुलर सुनवाई वाले मामले लिस्ट नहीं किए जाएंगे। सर्कुलर में कहा गया कि मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को ट्रांसफर याचिकाओं, बेल के मामलों और दूसरे केस को लिस्ट किया जाएगा। रेगुलर सुनवाई वाले मामले लिस्ट नहीं होंगे। वहीं, स्पेशल बेंच या पार्ट हियर्ड मैटर (आंशिक सुनवाई) वाले मामले चाहे वो मिसलेनियस हों या रेगुलर, जिन्हें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को लिस्ट करने का निर्देश दिया गया है।

# भारत ने दुनिया को दिखाई अपनी ताकत !

### लॉन्ग रेंज हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट कर रचा इतिहास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत ने ओडिशा के तट से दूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अधिकारियों के अनुसार, हाइपरसोनिक मिसाइल का शनिवार को परीक्षण किया गया। सिंह ने इस मिसाइल के परीक्षण को एक ऐतिहासिक पल करार दिया और कहा कि इससे भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की क्षमता है। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत ने ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।' उन्होंने कहा, 'यह एक ऐतिहासिक पल है और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने हमारे देश को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों की क्षमता है।' सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), सशस्त्र बलों और उद्योग को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# केशव का बंटेंगे तो कटेंगे पर 12 घंटे में यू-टर्न

### कहा-यह नारा मेरे दिल की आवाज, बीजेपी में कोई मतभेद नहीं

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में 20 नवंबर को उपचुनाव की वोटिंग है। कल प्रचार का आखिरी दिन है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बंटेंगे तो कटेंगे नारे से किनारा

### ● उपचुनाव के बीच अखिलेश यादव पर गरजे डिप्टी सीएम मौर्य

करने के 12 घंटे में यू-टर्न ले लिया। रविवार को एक्स पर लिखा- एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे दिल की आवाज हैं। उन्होंने आगे लिखा- भाजपा में न मतभेद था, न है, न होगा। सपा, बसपा और कांग्रेस को इस



एकजुटता से पेट में दर्द क्यों हो रहा। अगर दर्द बर्दाश्त नहीं हो रहा, तो इलाज कराएं और दवा ले लें। दरअसल, शनिवार को केशव मौर्य ने योगी के बंटेंगे तो कटेंगे नारे से किनारा किया था। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था- भाजपा का नारा एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे है। बंटेंगे तो कटेंगे जैसा कोई नारा नहीं है। केशव मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक संत हैं और एक संत का अपमान न तो केशव प्रसाद मौर्य बर्दाश्त करेगा, न देश और न ही प्रदेश की जनता बर्दाश्त करेगी। इसका खामियाजा उन्हें उपचुनाव और चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

केशव प्रसाद मौर्य का यह बयान तब आया जब एक दिन पहले ही बटेंगे तो कटेंगे वाले सीएम योगी के बयान से उनके किनारा कर लेने की खबरें सामने आई थीं। मंझवा उपचुनाव में प्रचार के बाद एक टीवी चैनल से बात करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सीएम के इस नारे पर टिप्पणी से इनकार कर दिया था।

## राहुल गांधी ने बालासाहेब ठाकरे को दी श्रद्धांजलि

### ● बोले-संवेदनाएं उद्धव ठाकरे और आदित्य के साथ

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की 12वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और विभिन्न राजनीतिक दलों के



नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे ने मुंबई के शिवाजी पार्क स्थित बाल ठाकरे की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके कहा, बालासाहेब ठाकरे जी को उनकी 12वीं पुण्य तिथि पर स्मरण।


# भारत अब जापान के साथ मिलकर बनाएगा नेवी के लिए यूनिकॉर्न मास्ट

### भारत और जापान के प्रतिनिधिमंडल के बीच जापान में हुआ समझौता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और जापान के बीच रक्षा क्षेत्र में एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इसके अंतर्गत भारतीय नौसेना के जहाजों पर फिट करने के लिए यूनिकॉर्न मस्तूल के मिलकर बनाने के

### ● नेवी के लिए जापान के साथ यह अपनी तरह का पहला डिफेंस एग्रीमेंट

लिए भारत सरकार और जापान सरकार के बीच 15 नवंबर 24 को टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में कार्यान्वयन ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। टोक्यो




में आयोजित एक समारोह में जापान में भारत के राजदूत महामहिम सिबी जॉर्ज और जापान रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अधिग्रहण प्रौद्योगिकी और रसद एजेंसी (एटीएलए) के आयुक्त इशिकावा ताकेशी के बीच कार्यान्वयन ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। हस्ताक्षर के बाद दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। यूनिफाइड कॉम्प्लेक्स रेडियो एंटीना (यूनिकॉर्न) एकीकृत संचार प्रणालियों वाला एक मस्तूल है जो नौसेना प्लेटफार्मों की स्टील्थ विशेषताओं को बेहतर बनाने में मदद करेगा। भारतीय नौसेना इन एडवांस सिस्टम को शामिल करने का प्रयास कर रही है, जिन्हें भारत में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की तरफ से जापानी सहयोग से मिलकर तैयार किया जाएगा। जब इसे लागू किया जाएगा। जब इसे लागू किया जाएगा, तो यह भारत और जापान के बीच रक्षा उपकरणों के सह-विकास/सह-उत्पादन का पहला मामला होगा। एकीकृत जटिल रेडियो एंटीना इटीग्रेटेड कम्युनकेशन सिस्टम वाला एक मस्तूल है। यह जहाजों की गुप्त विशेषताओं को बेहतर बनाने में मदद करता है। तीन जापानी कंपनियों की तरफ से संयुक्त रूप से विकसित, ये एंटेना वर्तमान में जापान समुद्री सेल्फ डिफेंस फोर्स के मोगामी श्रेणी के फ्रिगेट पर लगे हैं। पारंपरिक मस्तूलों के विपरीत, यूनिकॉर्न विभिन्न एंटेना को सपोर्टेड स्तंभ में जोड़ता है।

## 'लॉर्ड ऑफ ड्रग्स' हाजी सलीम एनसीबी के रडार पर

### ● पूरा नेटवर्क ध्वस्त करने की तैयारी, ऐक्शन किया तेज

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने वांटेड स्मगलर हाजी सलीम के खिलाफ ऐक्शन तेज कर दिया है। लॉर्ड ऑफ ड्रग्स के तौर पर पहचाने जाने वाले तस्कर को



ट्रैक किया जा रहा है। साथ ही, उसकी ओर से चलाई जा रही कार्टेल गतिविधियों को खत्म करने के लिए बड़ा अभियान लॉन्च हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर ऑपरेशन सागर मंथन के तहत कदम उठाए जा रहे हैं। एनसीबी मुख्यालय की संचालन शाखा के अधिकारियों और खुफिया विंग के ऑफीसर्स की टीम बनाकर यह ऑपरेशन शुरू किया गया है।

## यूथ कांग्रेस विधानसभा महासचिव आबुतालाहा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता, पाकुड़।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी तनवीर आलम के निर्देश पर पाकुड़ यूथ कांग्रेस विधानसभा महासचिव आबुतालाहा एवं महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ने रविवार को सदर प्रखंड के सोलागोड़ीया तथा नीचे टोला, एवं ऊपर टोला में घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम को हाथ छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का अपील की साथ ही ग्रामीणों को गठबंधन सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा बिजली बिल माफी योजना,200 यूनिट फ्री बिजली,सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना,50 वर्ष की महिलाओं को पेंशन योजना ,मैया सम्मान योजना जिसकी राशि 1000 से बढ़ाकर 2500 दिसंबर माह से दी जाएगी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से सहमति जताई और कहा कि वे हाथ छाप के साथ हैं और हाथ छाप में ही वोट डालेंगे। इस अभियान में आबुओबाईदा, नासिमा बीबी, शमसुद्दीन मोमिन, आमिना खातुन गुलसेन बीबी, सानजीदा बीबी, मारजीना बीबी, मोमिना खातून, तामिना खातून, सुहाना खातून, साफिना बीबी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## अस्सलाम एजुकेशनल सेंटर श्रीकुंड में परिवर्तन जन सभा का आज होगा आयोजन

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता, पाकुड़।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के अस्सलाम एजुकेशनल सेंटर प्रांगण, श्रीकुंड गुमानी में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अखिल अख्तर की जीत सुनिश्चित के लिए परिवर्तन जनसभा का आयोजन आज सुबह 09 बजे किया जा रहा है। इस मौके पर अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश एवं झारखंड प्रदेश प्रभारी व्यास गोंड, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी रईस अंसारी, बरही से विधायक उमाशंकर अकेला और छतरपुर विधानसभा से प्रत्याशी ममता भुइंया मौजूद रहेंगे।

## द्वितीय चरण के मतदान के लिए तैयारियां अंतिम चरण में

### उप विकास आयुक्त ने सामग्री वितरण एवं ईवीएम वितरण स्थल का किया निरीक्षण

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,हज़ारीबाग।** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत द्वितीय चरण के मतदान को लेकर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद के द्वारा संत कोलंबस कॉलेज में सामग्री ,ईवीएम नियुक्ति पत्र वितरण स्थल का निरीक्षण किया। विधानसभा चुनाव के सफल कार्यान्वयन के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने सामग्रियों की उपलब्धता के अलावा विधानसभा के निर्धारित मतदान दलों को सामग्री की आपूर्ति को लेकर कोषांग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।

मौके पर उप विकास आयुक्त ने सामग्री कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की सामग्री का चुनाव के दौरान अभाव नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने पोलिंग पार्टियों की सुविधा के लिए प्रर्याप्त साइन साइनेज लगाने का निर्देश दिए ताकि सामग्री व ईवीएम के लिए सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने ईवीएम वितरण स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके सामग्री कोषांग के नोडल पंकज तिवारी मौजूद थे। गौरतलब है कि 20 नवंबर को द्वितीय चरण के मतदान होने है।

## धनबाद जिलाध्यक्ष ने जेपी नड्डा का बरवाअड्डा हवाई पट्टी पर किया स्वागत

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,धनबाद।** रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी तारा देवी के प्रचार के लिए धनबाद पहुंचे। जहां बरवाअड्डा हवाई पट्टी पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण राय व भाजपा के नेता अमरेश सिंह ने गर्म जोशी से स्वागत किया। जेपी नड्डा ने श्रवण राय एवं अमरेश सिंह को झारखंड स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा जयंती की शुभकामनाएं दी। अमरेश सिंह ने कहा कि द्वितीय चरण के चुनाव प्रचार के लिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा झारखंड का भ्रमण कर रहे हैं धनबाद के सारे छह विधानसभा के प्रत्यासी विजयी होंगे व साथ ही झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। बरवा अड्डा हवाई पट्टी से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दोनों नेताओं के साथ निर्धारित कार्यक्रम के लिए रवाना हुए।

## श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट का नि :शुल्क अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता , रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन गुप्त दान द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी परिवार एवं गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। अन्नपूर्णा भंडारे के संयोजक विशाल जालान सह-संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ,कुसुम गोयनका,संतोष देवीअग्रवाल द्वारा 176 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का उद्घाटन किया गया। सेवा कार्य में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्याय राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,निर्मल जालान, कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान,पुर्णमल सर्राफ, महेश पोद्दार, शिवभगवान अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी,ज्ञान प्रकाश शर्मा,बिष्णु सोनी, अशोक ठाकुर,चन्द्रदिप साहु,धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु,हरीश कुमार, महेश वर्मा, इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

# डिस्पैच सेंटर से ईवीएम जमा होने तक, पोलिंग पार्टी के साथ रहेंगे सेक्टर पदाधिकारी: उपायुक्त

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए रविवार को न्यू टाउन हॉल में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी डिस्पैच सेंटर से लेकर, मतदान संपन्न होने के बाद, काउंटिंग सेंटर में ईवीएम जमा होने तक, पोलिंग पार्टी के साथ ही रहेंगे। किसी भी परिस्थिति में पोलिंग पार्टी बिना संरक्षण की नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी 19 नवंबर को सुबह 5:00 बजे अपने संबंधित डिस्पैच सेंटर में रिपोर्टिंग करेंगे। वहां से ईवीएम तथा अन्य सामग्री लेकर पोलिंग पार्टी को बूथों तक पहुंचाएंगे। जबकि रिजर्व ईवीएम इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में रखेंगे।

सेक्टर पदाधिकारी अपने पास कंट्रोल रूम, निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, संबंधित थाना के फोन नंबर भी रखेंगे। मतदान के दिन लगातार अपने-अपने बूथों का भ्रमण करते रहेंगे। बूथ में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर तुरंत कंट्रोल रूम को सूचित करेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि मतदान को शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से संपन्न करना जिला प्रशासन का उद्देश्य है।

इसलिए सभी पदाधिकारी तत्परता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 5:30 बजे मॉक पोल कराना तथा सुबह 7:00 बजे से वोटिंग शुरू कराना सुनिश्चित करें।

किसी मतदान केंद्र में ईवीएम में तकनिकी गड़बड़ी उत्पन्न होने पर तुरंत उसे रिप्लेस करें। रिप्लेसमेंट की रिपोर्ट निर्वाची पदाधिकारी को दें। साथ ही ईवीएम का नंबर कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं।

इसके अलावा उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित कराने, कतार मैनेजमेंट, मतदान केंद्रों में मतदान की गोपनीय बरतने, हर दो घंटे के अंतराल में मतदान प्रतिशत की सूचना देने, मोबाइल फोन लेकर किसी को बूथ में प्रवेश नहीं करने देने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन ने सभी को समय पर मतदान केंद्रों में पहुंचने, वर्दी पहनकर मतदान केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि मतदान संपन्न होने के बाद सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ मतदान केंद्र से ईवीएम लेकर, निर्धारित वाहन से, बिना बीच में रुके, निर्धारित रूट से, सीधे कृषि बाजार पहुंचेंगे।

उन्होंने ईवीएम को कड़ी सुरक्षा में रखने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न प्रपत्र भरने सहित अन्य बिंदुओं पर बारीकी से जानकारी दी गई।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, डीएसपी डी.एन.बंका, डीएसपी सुमित कुमार के अलावा मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, कुमार वंदन तथा सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## मंडल कारा में जेल अदालत एवं कर्तव्य परियोजना पर जागरूकता शिविर का आयोजन, चार विचाराधीन बंदी किए गए रिहा

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर मंडल कारा धनबाद में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया।इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि आज जेल अदालत में अवर न्यायाधीश राकेश रौशन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, रेलवे एक्ट के न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार के उपस्थिति में मंडल कारा पाल के द्वारा जेल अदालत के लिए चिन्हित कुल चार बंदियों को पीठासीन न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष हाजिर कराया गया। जिसमें चार बंदी मो ईस्लाम,बडका महतो, रंजीत मांझी, सागर चौहान को जेल अदालत से रिहा किया गया। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारी ने बंदीयों के बीच विभिन्न कानून की जानकारी दी। बंदियों ने न्यायाधीश से कहा दूसर गलती नई होतै साहब डालसा से हमनी के नतून जिंदगी मिललई।इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल, जेल डॉक्टर राजीव कुमार, जेल सहायक एम.के.गुप्ता, डालसा सहायक, अरूण कुमार, राजेश सिंह, चंदन कुमार, पीएलवी उज्जवल कुमार, शिबू समेत अन्य उपस्थित थे। जेल से निकलने पर बंदियो ने कहा कि डालसा ने उन्हें काफी मदद की जिस कारण वह लोग आज जेल से बाहर निकल पाए हैं।




## हेमंत सोरेन बताएं झारखंड में कम क्यों हो रही है आदिवासियों की आबादी - संजय सेठ

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को खिजरी विधानसभा अंतर्गत टाटी टाटीसिल्वे, आदर्श नगर, टाटी पूर्वी, नामकुम खटाल ,यदुवंशी नगर, जोरार अखाड़ा ,हाई टेंशन कॉलोनी, अमेठिया नगर में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर श्री सेठ ने खिजरी विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी रामकुमार पाहन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

श्री सेठ ने कहा झारखंड की सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है। झारखंड की डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही है। जहां पहले आदिवासी की जनसंख्या थी वहां तेजी से मुस्लिम आबादी बढ़ी है। इसका जिम्मेदार कौन है ?

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को बताना चाहिए। आदिवासियों की हितेषी हैं तो बताएं आदिवासी 44 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत क्यों हो गई । उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने यहां के संसाधनों को लूटा और मुंबई वाले के हाथों में बेच दिया। स्थिति यह है कि यहां के लोग बालू नहीं मिलने के कारण अपना घर भी नहीं बन पा रहे हैं। युवाओं को रोजगार देने का वादा कर यहां के युवाओं पर लाठी बरसाने का काम हेमंत सोरेन और कांग्रेस की सरकार ने किया है।? कांग्रेस के सांसद के घर से 300 करोड़ रुपए नगद बरामद होते हैं। वर्तमान विधायक के पास से रुपए बरामद होते हैं। क्या ऐसे करप्शन वाले विधायक को आप दोबारा जितना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि खिजरी के भविष्य के लिए और खिजरी के विकास के लिए रामकुमार पाहन को अपना मत देकर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाएं ताकि यहां के लोगों को रोजगार, यहां का विकास ,किसानों का विकास हो सके। श्री सेठ ने कहा भाजपा के सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने 11 तारीख को 2100 दीदी के खाते में आएगी ताकि वह अपना घर चला सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों को जिनके कच्चे मकान हैं, उन्हें पक्का मकान दिया जाएगा। रोस्टर बनाकर झारखंड में जितने भी रिक्त पड़े पद हैं उन्हें भरा जाएगा। रोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। यह तभी संभव है जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड में भी बनेगी। इसलिए आगामी 20 नवंबर को सभी अपने-अपने घरों से निकलकर बीजेपी के प्रत्याशी रामकुमार पाहन के पक्ष में कमल फूल पर बटन दबाकर विजयी बनाएं। इस अवसर पर राजेंद्र महतो, मंडल के अध्यक्ष,नवीन सोनी, संजीत सिंह ,राजन साहू, कर्नल बीके सिंह, पिंटू सिंह, रिंकू सिंह, रमेश सिंह, बालसाही महतो ,गोपाल लोहिया, अशोक गोप ,प्रमोद सिंह, छत्रधारी महतो ,सुबोध सिंह ,बीना शर्मा, अनीता देवी, सहित अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो नेता के.के.तिवारी के नेतृत्व में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**तोपचांची (धनबाद)।** आज टुंडी से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में झामुमो नेता के.के.तिवारी के नेतृत्व में ढांगी पंचायत के विभिन्न गांव में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क के दौरान खोरठा गीतकार विनय तिवारी ने कहा कि मथुरा महतो झारखंड के भाषा संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास में इनका अहम योगदान है। सड़क से लेकर सदन तक खोरठा भाषा के विकास एवं लेखकों, गीतकारों, गायकों, कलाकारों के सम्मान के लिए हमेशा जोरदार तरीके से आवाज उठाये हैं एवं उठाते है, भाषा भाषी के सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहते है। मुझे आशा है कि विधानसभा चुनाव जीतने के बाद खोरठा को आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने के लिए आवाज सदन में उठाएंगे, जो आज तक करोडों खोरठा भाषी एवं झारखंड के जनसंपर्क भाषा खोरठा के लिए कोई आवाज नहीं उठाया है, मथुरा महतो से उम्मीद है वो खोरठा भाषी की आवाज बुलंद करेंगें।जनसंपर्क अभियान में के.के.तिवारी के साथ खोरठा गीतकार विनय तिवारी, तोपचांची प्रखंड सचिव नवल किशोर केवट, अमर चौबे, समाजसेवी राजीव तिवारी, राजीव हिंदुस्तानी, गोपाल महतो, अर्जुन महतो, देवेश तिवारी, अमन चौबे, रोहित महतो, टिंकू महतो, बट्टु, रूपेश तिवारी मौजूद थे।

## झारखंड कांग्रेस को बड़ा झटका, मयूर शेखर झा ने थामा बीजेपी का दामन

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**धनबाद।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। धनबाद और गोड्डा क्षेत्र के कांग्रेस के बड़े नेता मयूर शेखर झा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हाथ थाम लिया है। भाजपा में उनका स्वागत असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया।

गोड्डा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मयूर शेखर झा ने भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके भाजपा में शामिल होने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने भी इस कदम को ऐतिहासिक बताते हुए झारखंड में भाजपा के भविष्य को मजबूत करने की बात कही।

मयूर शेखर झा के भाजपा में शामिल होने को लेकर राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि मयूर शेखर झा लंबे समय से कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में से एक थे और क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ थी। इस कदम का असर आगामी



विधानसभा चुनाव पर कितना पड़ेगा, यह तो वक्त बताएगा, लेकिन झारखंड की राजनीति में यह घटना बड़ा बदलाव लेकर आई है।

## सामान्य प्रेक्षक ने वीटीआर ड्राई रन का किया निरीक्षण

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,धनबाद।** विधानसभा चुनाव के मतदान के दिन वोटर टर्न आउट का प्रतिशित हासिल करने के लिए ड्राई रन आज दिनांक 17 नवंबर 2024 को समाहरणालय में किया गया।



ड्राई रन के दौरान सिंदरी विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक डॉ.एस.सुरेश कुमार ने समाहरणालय पहुँच कर कार्य का जायजा लिया। इस दौरान आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा ने बताया कि मतदान दिवस के दिन हर दो घंटे में वोटिंग प्रतिशत का डाटा जारी करना है। जिसे इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर एनकोर में डाटा इंट्री की जानी है। इसके अलावा सिंदरी विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर ऑफिसर के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अमित कुमार, आनंद कुमार, पंकज कुमार मौजूद रहे।

## मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न



पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त श्रीश्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरु नानक कॉलेज भुदा में मतदान पदाधिकारियों के लिए तीन चरणों में आयोजित प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हुआ।

अपर नगर आयुक्त सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने बताया कि तीनों केन्द्र के प्रशिक्षण प्रभारियों की देखरेख में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी मास्टर ट्रेनरों ने पूरी मेहनत और लगन से प्रशिक्षण देने का कार्य किया। तीनों प्रशिक्षण केन्द्र में मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, कुमार वंदन, पुष्कर चंद्र झा, आयुष कुमार, शनि कुमार, वेद प्रकाश, ब्रिज भूषण पांडेय, जयदास भारती, सुनील कुमार, देवेश त्रिवेदी, कुलदीप, उज्ज्वल तिवारी, शैलेन्द्र जयसवाल, शिरोमणि दुबे, श्री दीपक कुमार, ब्रज किशोर चौबे, संतोष झा, ब्रजेश यादव, अनिल सिंह ने मतदान पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण दिया।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन, मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**पाकुड़।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के अन्तर्गत आमजन को चुनाव के बारे में जागरूक करने एवं चुनाव गतिविधियों का प्रचार- प्रसार करने के लिए लिट्टीपाड़ा प्रखंड के कुंजबोना पंचायत में जिला एथेलेटिक्स संघ, जिला ओलम्पिक संघ एवं स्वीप कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैराथन का शुभारंभ कुंजबोना चौक से शिमलांग तक किया गया। 10 किलोमीटर मैराथन दौड़ करवाकर सभी खिलाड़ियों के माध्यम से आगामी विधानसभा आम चुनाव में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। आयोजित मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान टोनाई मुर्मू (पाकुड़िया), द्वितीय स्थान संतोष मुर्मू (लिट्टीपाड़ा), तृतीय स्थान नरेश मरांडी (महेशपुर), चतुर्थ स्थान लखन हेंब्रम (आमड़ापाड़ा) एवं पंचम स्थान समिति यादव ( महेशपुर) ने प्राप्त किया। मैराथन दौड़ में विजेता खिलाड़ियों को पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ सह ओलंपिक संघ के सचिव रणवीर सिंह व प्रकाश रावत ने पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण कुमार, प्रशिक्षक अक्षय बावरी, प्रशिक्षक नारायण चंद्र राय, भैरव मुर्मू, अंकिता कुमारी, मनोज पहाड़ियां, चंदू पहाड़िया, कुणाल सिंह, प्रशांत कुमार पासवान ने सहयोग किया।

# कोयला वाहन जलाने के आरोप में पुलिस ने 5 लोगों को किया गिरफ्तार,भेजा जेल

- देसी कट्टा,जिंदा कारतूस,देसी बंदूक,मोटरसाइकिल,तीन स्मार्टफोन किया जब्त
- बालूमाथ पुलिस को मिली बड़ी सफलता वाहन जलाने के आरोपी को 12 दिन के अंदर किया गिरफ्तार




पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोलियरी के गोलीटांड में 5 नवंबर को कोयला लोड कर आ रहे एक 14 चक्का ट्रक एवं एक ट्रेलर वाहन को कुछ लोगों द्वारा आग के हवाले करते हुए फायरिंग कर जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का पर्चा फेंका गया था और पर्चा में जेजेएमपी के विक्रम जी द्वारा ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों को धमकी देते हुए लेवी की मांग की गई थी। इस संदर्भ में रविवार को थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि घटना के बाद लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरूवा,बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार,बारियातू थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी का एक टीम गठित कर मामले के उद्भेदन को लेकर जांच पड़ताल एवं छापामारी की जा रही थी कि इस दौरान यह बात प्रकाश में आई कि इस घटना में अपराधिक गिरोह बनाकर 10 अभियुक्तों के द्वारा घटना कराई गई है। जिसमें से पांच अभियुक्त फूलेन्द्र गंझू,रोहन गंझू,राजेंद्र गंझू तीनों भगया बालूमाथ और सुनील भगत सीरम बालूमाथ एवं संजय राम ग्राम बघमरी मैक्लुस्कीगंज रांची को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पांचो अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया साथ ही घटना में प्रयोग किए गए एक देसी कट्टा,दो जिंदा कारतूस,एक देसी बंदूक,49 पीस कारतूस,एक मोटरसाइकिल,तीन स्मार्टफोन जब्त किए गए। आगे उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी फूलेन्द्र गंझू का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार लोगों द्वारा चतरा,लातेहार,रांची जिला के कोयला ट्रांसपोर्टर,ठेकेदार एवं व्यापारियों को धमकी देकर लेवी वसूलने का कार्य किया जाता था और लेवी के पैसे को आपस में बांट लेते थे। इस ग्रुप में शामिल कई सदस्य पूर्व में माओवादी एवं अन्य उग्रवादी संगठन के सदस्य भी रह चुके हैं इनमें से कुछ के विरुद्ध कई आपराधिक एवं नक्सली कांड दर्ज है इनके अलावे बचे अन्य अभियुक्त के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है जल्द ही इन लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छापेमारी अभियान में अमरवाडीह पुलिस पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, पुलिस अवर निरीक्षक रितेश तिग्गा, निर्मल कुमार मंडल, गौतम कुमार,होसेन डांग,स0अ0नि0 सुरेश कुमार सिंह, छोटू पाण्डा सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## इंडी गठबंधन प्रत्याशी को जिताएं और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाएं -यशस्विनी सहाय



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची/सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राहे और सोनाहातू में कांग्रेस नेत्री यशस्विनी सहाय ने सिल्ली से इंडी गठबंधन प्रत्याशी अमित महतो के पक्ष में जनसभा एवं पदयात्रा कर मतदाताओं से समर्थन मांगा।

जनसभा को संबोधित करते हुए सुश्री सहाय ने कहा कि इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को जिताएं और झारखंड को समृद्ध बनाएं। ? उन्होंने पदयात्रा कर मतदाताओं से इंडी गठबंधन प्रत्याशी अमित महतो को जिताने की अपील की।

इस मौके पर अमित महतो, राजकिशोर मुंडा, निशिकांत गंझू, अजय साहू सुंदरी तिर्की, बादल महतो, प्रदीप गोस्वामी, देवेंद्र महतो, विक्टोरिया देवी, सविता देवी, शैलेंद्र महतो, कृष्णा अहीर, राजेश्वर सिंह, दिनेश पातर, मोमिन मंजूर, मनिराम महतो सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मंडलकारा पाकुड़ में हुआ जेल अदालत का आयोजन



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता, पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर 17 नवंबर 2024 रविवार को पाकुड़ मंडलकारा में जेल अदालत का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी ने जेल अदालत के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही प्राधिकार से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी दी। बन्दी को उनके अधिकार व उनके हित से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। मौके पर न्यायिक पदाधिकारीगण समेत जेल के प्रशासनिक अधिकारी लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे।

## जिले भर में 18 नवंबर के अपराह्न 05:00 बजे से 20 नवंबर अपराह्न 05:00 बजे तक एवं 23 नवंबर को किया गया ड्राई डे घोषित

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता,पाकुड़।** जिला में 20 नवंबर को मतदान दिवस निर्धारित है। इसके मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकरी मनीष कुमार द्वारा उत्पाद अधिनियम की धारा 26 में प्रदत्त शक्तियों के तहत, पाकुड़ जिला में दिनांक 18.11.2024 के अपराह्न 05:00 बजे से दिनांक 20.11.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक एवं मतगणना तिथि दिनांक 23.11.2024 को शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित किया गया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार दिए गए अन्य दिशा- निर्देश निम्नवत हैं- मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान समाप्त होने के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान उस मतदान क्षेत्र के भीतर, किसी होटल, भोजन, पाठशाला दुकान में अथया किसी अन्य लोक या प्राइवेट स्थान में कोई भी स्पिरिटयुक्त किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जाएगा, न दिया जाएगा और न वितरित किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति, जो उपधारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा वह कारावास से जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो दो हजार रुपये तक का हो सकेगा, या दोनों से दण्डनीय होगा। जहाँ कोई व्यक्ति इस धारा के अधीन किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया जाता है, वहाँ स्पिरिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति के अन्य पदार्थ, जो उसके कब्जे में पाए जाएं, अधिहरण के दायी होंगे और उनका व्ययन ऐसी रीति से किया जाएगा जो विहित की जाए।

## डाक मतपत्र का मतदान 95% पूर्ण, 18 नवम्बर तक रहेगा शत प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्य

### होम वोटिंग तथा पोस्टल वोटिंग में पाकुड़ जिला का राज्य में प्रथम स्थान

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता,पाकुड़।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के कार्य में प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों और आवश्यक सेवाओं के मतदाता को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जा रहा है। समाहरणालय परिसर में आवश्यक सेवाओं के कर्मियों, पदाधिकारियों के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है तथा अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए तीन मतदान केंद्र जिसमें धनुष पूजा मॉडल विद्यालय, राज +2 उच्च विद्यालय तथा पोलिटेकनिक महाविद्यालय संचालित है। डाक मतपत्र से मतदान की अंतिम तिथि दिनांक 18 नवम्बर 2024 तक है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने सभी डाक मतपत्र केंद्र का निरीक्षण किया तथा अब तक की 95त्न की उपलब्धि को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी विभागों से मतदान के लिए छूटे हुए कर्मी को कल तक मतदान करने हेतु चिन्हित मतदान केंद्र पर मतदान करने का निर्देश दिया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमें खुशी है कि सभी कर्मियों ने निर्भिक होकर इस महापर्व में अपने अधिकार का उपयोग किया है, उम्मीद है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से भी शत् प्रतिशत लोग इस महाकुंभ का हिस्सा बनेंगे और पाकुड़ के लिए इतिहास रचेंगें।

## बालूमाथ में जंगली हाथियों के झुंड ने फसल और बिजली पोल को पहुंचाया नुकसान



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,लातेहार।** बालूमाथ वन क्षेत्र अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में शुक्रवार मध्य रात्रि जंगली हाथी पहुंचकर फसल एवं बिजली पोल को नुकसान पहुंचा दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि एक दर्जन से ऊपर के संख्या में जंगली हाथी कृषि फार्म परिसर में पहुंचकर धान के फसल और बिजली पोल को नुकसान पहुंचा दिया। हाथी पहुंचने के सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया। उधर ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय वन विभाग की टीम जंगली हाथियों के झुंड को जल्द से जल्द गांव से दूर भगाएं ताकि लोगों का नुकसान होने से बचा जा सके।

## चौपारण प्रखंड के जीटी रोड किनारे लाइन होटलों में सरेआम उड़ रही बाल श्रम कानून की धज्जियां

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**चौपारण (हजारीबाग)।** यूं तो 14 वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए सरकार के द्वारा उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए कई प्रकार के कानून बने हुए हैं जो उनकी सहायता के लिए हैं। उनमें से एक है 14 वर्ष से कम आयु वाले बालकों को बाल श्रम से मुक्त रखने का। परंतु अधिकारियों की अनदेखी या लापरवाही से आज भी बहुत ऐसे बाल श्रमिक हैं जो कहीं ना कहीं प्रशासनिक आना अनदेखी का शिकार होकर होटलों में शराब खानों में अपनी किस्मत का ठीकरा फोड़ रहे हैं।

चौपारण प्रखंड के अधिकांश लाइन होटल में कई बाल श्रमिक ऐसे देखने को मिल जाएंगे जो 14 बरस से कम आयु वर्ग के हैं। इतना ही नहीं प्रखंड में कई ऐसे स्थान हैं जहां पर बाल श्रम कानून का उल्लंघन होता है। बाल श्रम कानून का पालन कराने वाले बाबू लोग बच्चों की इस पीड़ादायी स्थिति पर ध्यान न देकर बाल श्रम कानून निषेध का निवारण कार्यालय में बैठकर कर लेते हैं।

यह चिंता का विषय है कि सरकार द्वारा किशोर उम्र के बालकों के लिए बनाए गए श्रम कानून सिर्फ कार्यालयों में सिमट कर रह गए हैं। जिसका सीधा-सीधा फायदा बाल श्रम शोषकों को मिल जाता है। इस तरह की स्थिति अक्सर जीटी रोड के किनारे स्थित लाइन होटलों और शराब खानोंमें देखने को मिल जाएगी। जहां बाल श्रम कानून की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। आखिर इन स्थानों पर बाल श्रमिक अपनी किस मजबूरी के कारण श्रम शोषण और मजबूरी मे जीवन जीने को विवश है। और बाल श्रम कानून का पालन करवाने वाले अधिकारियों की नींद कब खुलेगी। कानून बाल श्रम निषेध के जो बनाए गए हैं उनका अनुपालन यदि सही ढंग से किया जाए तो शायद कोई भी बालक श्रम शोषण का शिकार न हो।

## उपायुक्त ने जारी किया आदेश, मतदान तिथि को सरकारी व निजी क्षेत्र में कार्यरत सभी मतदाताओं को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता




**पाकुड़।** विधानसभा आम चुनाव 2024 में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने मतदान के दिन पाकुड़ जिला में सरकारी व निजी क्षेत्रों में कार्यरत मतदाताओं को सवैतनिक अवकाश (Paid Leave) देने का आदेश जारी किया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के आलोक में निदेशित किया गया है कि किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने के हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा। उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जायेगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी, उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गयी होती। यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माने से, जो पाँच सौ रुपये तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा। यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी, जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के सम्बन्ध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या हानि हो सकती है। उपरोक्त के आलोक में पाकुड़ जिले के सभी सरकारी कार्यालय / सार्वजनिक प्रतिष्ठान विधानसभा निर्वाचन- 2024 के क्रम में दिनांक- 20.11.2024 को (मतदान तिथि को) बन्द रहेंगे।

## पुल निर्माण कंपनी से लेवी मांगने वाला एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, लातेहार।** बालूमाथ अनुमंडल पुलिस की टीम ने पुल निर्माण कंपनी से लेवी मांगने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि अप्रैल 2024 में बालुभांग अमानत नदी पर बन रहें पुल निर्माण कार्य में लगे कंपनी के ठेकेदार को पूर्व माओवादी के सदस्य एवं वर्तमान जेएलटी उग्रवादी संगठन के सदस्य के नाम से धमकी एवं लेवी की मांग की गई थी। जिसके बाद मामले को लेकर प्राथमिक की दर्ज कर एक टीम गठित किया गया था पुलिस टीम के द्वारा पूर्व में इस मामले पर दो अभियुक्त अमलेश यादव एवं इंद्रदेव गंझू को जेल भेज दिया गया था। लेकिन विनोद यादव उर्फ अभय जी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी जिसे लेकर छापेमारी चल रही थी इस दौरान विनोद यादव को गिरफ्तार कर लिया गया और रविवार को न्याय हिरासत में भेज दिया गया। इस छापेमारी अभियान में बारियातू पुलिस पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार सहित बालूमाथ पुलिस अनुमंडल के कई पदाधिकारी एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।



## बगडुलवा डैम में डूबने से 10 वर्षीय बालक पीयूष की मौत

### परिजनों के चीख-पुकार से माहौल गमगीन

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,हंटरगंज(चतरा)।** थाना क्षेत्र के बलूरी गांव स्थित बगडुलवा डैम में डूबने से एक बालक मौत हो गई। घटना रविवार सुबह 9 बजे की है। मृतक संतोष कुमार चंद्रवंशी के पुत्र 10 वर्षीय पीयूष कुमार बलूरी निवासी है। वह उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलूरी के कक्षा 4 का छात्र था। घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजवा दिया है। अंत्य परीक्षण के उपरांत शाम को शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना के संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अपने फुफेरा भाई के साथ शौच के लिए गया था इसी दौरान पैर फिसल जाने से बालक गहरा पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक मृतक के पिता जी नहीं आएंगे तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। जानकारी के अनुसार मृतक के पिता कोलकाता में मजदूरी करते हैं। इधर चीख - पुकार परिजनों के करुण क्रंदन और चीत्कार से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## गोला में बसपा प्रत्याशी बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,गोला(रामगढ़)।** बहुजन समाज पार्टी के रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने बुधवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के हेमंतपुर, धमनाटांड, छोटकी सोसो,सोसोकला,मगनपुर,रोला,चोकाद,डुडीगाच्छी,सहित अन्य गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया, जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने उनके समक्ष बहुत सारे समस्याओं को रखा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या है, रामगढ़ जिलें में प्रदूषण की अंबार लगी हुई और तो और रामगढ़ में एक भी सरकारी अच्छा अस्पताल नहीं है ना ही कोई अच्छा सरकारी स्कूल है ,सरकारी योजनाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकारी कार्य में काम के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बिचौलिया पूरी तरह से हावी हो गया हैं, बिना बिचौलिया पकड़े किसी भी तरह का कोई काम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि 20 साल से आजसू व 5 साल से कांग्रेस झामुमो की सरकार ने रामगढ़ की जनता को ठगने का काम किया है,जनता इस बार जात पात से ऊपर उठकर विकास के मुद्दे पर वोट करेगी।बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने कहा कि लोगों को आश्वासन दिया की उनके समक्ष रखे समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के दौरान बिनू कुमार महतो युवा टाइगर को जनता का आशीर्वाद और जनसमर्थन मिला रहा। बिनू ने लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। और कहा कि हम राष्ट्रीय पार्टी से चुनाव लड़ें रहे और चुनाव चिन्ह हाथी छाप है और क्रमांक संख्या - 1 है।

## तेज रफ्तार हाईवा ने मोटरसाइकिल सवार को लिया अपनी चपेट में ,घायल की स्थिति गंभीर, भेजा गया रांची

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक मोड़ से आगे नईपारम बस्ती में तेज रफ्तार हाईवा ने एक मोटरसाइकिल चालक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल मोटरसाइकिल चालक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घायल मोटरसाइकिल चालक की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के राहम गांव निवासी गनु भूईंयां पिता स्वर्गीय शुक्र भूईंयां केरूप में के रूप में की गई। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल उपचार के लिए रांची भेजा गया।

टंडवा थाना क्षेत्र में आए दिन कोल ट्रांसपोर्टिंग हाईवा वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं में इजाफा लगातार देखने को मिलता रहा है। कोल ट्रांसपोर्टिंग के मैनेजिंग पावर के आगे लगता है सिस्टम भी मौन है। जिसके कारण केरेडारी की कोल कंपनियों के हाईवा वाहन सड़कों पर मौत का आतंक मचा रहे हैं। केरेडारी माइंस से कोयला ढुलाई में लगी ओसेल कंपनी के बेलगाम हाईवा के द्वारा आए दिन इस तरह के कारनामे करना आम बात हो गई है। इस घटना से ग्रामीणों में काफी रोष देखा जा रहा है। मोटरसाइकिल सवार की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रामीण अब कोल प्रबंधन के प्रति आक्रोशित हो गोल बंद होने लगे हैं ग्रामीणों ने केरेडारी कोल ट्रांसपोर्ट कंपनी मैनेज के नाम पर सड़कों पर खूनी खेल को अंजाम देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की माने तो चुनाव खत्म होने के बाद नियम विरुद्ध हो रहे पब्लिक रूट से केरेडारी कोल ट्रांसपोर्टिंग कोल परिचालन बंद करने को लेकर सभी ग्रामीण सड़कों पर उतरेंगे।

इस दुर्घटना से प्रभावित पीड़ित परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। सवाल उठता है कि आखिर कब तक यह कोयला ढुलाई कर रही कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनियां सड़क पर चलते हुए बेगुनाहों की जान लेती रहेगी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम का निरीक्षण

### कंट्रोल रूम में अधिष्ठापित सभी सीसीटीवी कैमरों से शहर के कोने-कोने का जायजा लिया गया



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,गिरिडीह।** विधानसभा चुनाव 2024 की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। इसी कड़ी में शनिवार की देर रात जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम के जरिए एसएसटी में वेबकास्टिंग व सी विजिल का रिकॉर्ड देखा गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कंट्रोल रूम में अधिष्ठापित सभी सीसीटीवी कैमरों से शहर के कोने-कोने का जायजा लिया। वहीं कंट्रोल रूम में रोस्टर ड्यूटी के अनुरूप प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस बल की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया।

मौके पर मौजूद दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को सजगता और चौकसी के साथ हमेशा की तरह कर्तव्य निर्वहन का निर्देश दिया। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन पूरी टीम सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। जिससे मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने पाए। इसके अलावा कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखी जाए, किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को इसकी जानकारी भी देंगे।

## सीएपीएफ बलों के आवासन हेतु आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को लेकर बैठक



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,गिरिडीह।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर चुनाव में ड्यूटी के लिए गिरिडीह आनेवाले सीएपीएफ बलों के आवासन (रहने) की उचित व्यवस्था को लेकर रविवार को समाहरणालय सभागार में सभी सामान्य प्रेक्षक, गिरिडीह जिला,जिला निर्वाचन पदाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीएपीएफ बलों के आवासन व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को उनके आवासन हेतु चयनित स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का जायजा लेने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान उनके आवासन वाले स्थानों में स्वच्छ शौचालय,शुद्ध पेयजल, बिजली,मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था,गर्मी के मद्देनजर पंखा सहित अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन करते हुए पदाधिकारियों को निदेशित किया। इसके अलावा उन्होंने पुरूष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करते हुए क्रियाशील बनाने एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था एवं शौचालय जाने वाले रास्तों के लिए साइनेज लगाने संबंधी निदेश दिया।

## आदर्श आचार संहिता उल्लघंन को लेकर गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी पर एफआईआर

### अब तक जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित कुल 6 मामलों में प्राथमिकी हुए दर्ज

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गिरिडीह के द्वारा रविवार को जानकारी दी गई कि दिनांक 14.11.2024 को सुबह करीब 11 बजे पीरटांड थाना के नजदीक वाहन सं जेएच 11एसी-5332 में जेएलकेएम पार्टी का झण्डा लगाकर सार्वजनिक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा था, जिसकी अनुमति निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय से नहीं ली गयी थी, यह मामला आचार संहिता उल्लंघन का है। इस संबंध में वाहन जब्त करते हुए वाहन मालिक राकेश तिवारी के विरूद्ध बीएनएस एक्ट एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत काण्ड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## गया में ट्रक से 60 लाख की विदेशी शराब जब्त:गुवाहाटी के एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** गया जिले के डोभी पुलिस ने झारखंड से बिहार आ रही एक ट्रक कंटेनर से करीब 60 लाख की 7426.08 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। कार्रवाई में गुवाहाटी निवासी एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। गया एसएसपी को सूचना मिली थी कि झारखंड की ओर से एक ट्रक में भारी मात्रा में शराब बिहार लाई जा रही है। इस पर शेरघाटी डीएसपी-2 संजीत कुमार प्रभात के नेतृत्व में डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार की अगुवाई में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने मटन मोड़ के पास वाहन जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान झारखंड के हंटरगंज की ओर से आ रहे एक ट्रक कंटेनर को रोका गया। तलाशी के दौरान रॉयल पार्टी ब्रांड की 845 कार्टन विदेशी शराब मिली। कुल 7426.08 लीटर शराब जब्त की गई। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक सह तस्कर बिट्टू सोनार, निवासी सतगांव, गुवाहाटी को गिरफ्तार किया।



**अन्य की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी:** बिट्टू ने पूछताछ में बताया कि ट्रक मालिक सह दूसरा तस्कर कमलेश कुमार, जो चतरा में उतर गया था, उसी ने शराब पहुंचाने को कहा था। उसने यह भी कहा कि मैं छोटे वाहन से ट्रक के पीछे आ रहूं।। डोभी पुलिस ने तस्कर के पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। मामले में आगे की जांच कर रही है। डीएसपी-2 संजीत कुमार प्रभात ने बताया कि शराब तस्करी में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए प्रयास जारी हैं।

# चतरा जिले में मतगणना से पूर्व ही लगाये जा रहे जीत-हार के कयास

### मतदाताओं की चुप्पी ने पार्टी प्रत्याशी व समर्थकों की बढ़ाई धड़कने, सभी अपने स्तर से कर रहे जीत के दावे

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि




**चतरा।** विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का चुनाव चतरा जिले के चतरा व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को ही चुनाव संपन्न हो चुका है। लेकिन अभी भी क्षेत्र में चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। दोनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान के बाद अब जीत-हार के कयास लगने शुरू हो गये हैं और इसके साथ ही प्रत्याशियों पर दांव भी लगने लगे हैं। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार व राजनीतिक दल अपने समर्थकों से क्षेत्रवार मतदान व वोटों के आंकड़ों को जुटाने में लग गये हैं। तो कहीं धोखे व पाला बदलने की भी खबरें सामने आ रही है। होटल, पान दुकान, सार्वजनिक चौक- चौराहों, चाय की दुकानों में अब पार्टियों के कार्यकर्ता के साथ-साथ चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले लोग भी अपने-अपने आंकड़े बताकर जीत का दावा-प्रतिदावा कर रहे हैं। जीत-हार के दावों के बीच अब कोई शर्त लगाने की भी चुनौती दे रहा है। एक ओर इंडिया गठबंधन के समर्थक जीत के आंकड़े गिना रहे हैं तो दूसरी ओर एनडीए के समर्थक केंद्र सरकार की योजनाओं के बल पर जीत के लिए आश्वस्त हैं। चतरा विधानसभा के एनडीए समर्थित लोजपा के जीत के कयास लगाये जा रहे हैं। हालांकि मुकाबला महागठबंधन से राजद प्रत्याशी के आमना सामना होने की बात कही जा रही है। वहीं सिमरिया में महागठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा के जीत के कयास लगाये जा रहे हैं। जबकी एनडीए से भाजपा प्रत्याशी के समर्थक भी जीत के दावे कर रहे हैं। मतदान के पांचवें दिन हालांकि सभी की जुबां पर अब मतगणना के दिन की ही चर्चा है। कौन जीतेगा, कौन हारेगा और कौन रहेगा दूसरे नंबर पर, किसका दबदबा रहेगा तथा जीत-हार में कितना का अंतर होगा। राज्य में किसकी सरकार बनेगी तथा किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी, इस पर भी सटोरिए मोल-भाव कर रहे हैं। 13 नवंबर को शांतिपूर्ण संपन्न हुए चुनाव के बाद अब सभी के जुबान में हार-जीत की समीक्षा का दौर तेजी से शुरू हो गया है। वहीं राजनीतिक पंडित भी अपना गुणा-भाग कर चुनावों के परिणाम निकालने लगे हैं और जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा, इस पर भी हर घंटे लोगों के दावे बदलने लगे हैं। दूसरी ओर मतदाताओं की चुप्पी ने भी प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। जीत व हार के मंथन के बीच दावों को लेकर लोगों की तकरारें भी बढ़ गयी है और बातों ही बातों में लोगों के सुर भी तेज होते जा रहे हैं। जीत पर अड़े रहने के कारण दावे को लेकर तल्खियां भी बढ़ गयी है। इस बार विधानसभा चुनाव में मतदान से राजनीतिक गलियारों की चर्चाएं तो गर्म है हीं, वहीं जोड़-घटाव लगाने वाले राजनीतिक पंडित भी पेशो पेश में हैं। हालांकि राजनीति का यह ऊंट किस करवट बैठेगा, यह तो 23 नवंबर 2024 को मतगणना के दिन ही पता चलेगा कि दोनों विधानसभा क्षेत्र में जीत का सहारा किसके सर सजेगा महागठबंधन के या एनडीए के प्रत्याशियों के।

## पलामू जिला मुख्यालय मे निवर्तमान मेयर अरूणाशंकर ने किया जावेद हबीब सैलून का शुभारंभ

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के डालटनगंज शहर के महिंद्रा आर्केड के बगल में द जावेद हबीब सैलून का हुआ उदघाटन । सैलून का उद्घाटन मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने फीता काटकर किया। मौके पर कई लोग उपस्थित थे । प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने कहा कि शहर में द जावेद हबीब सैलून खुलने से शहरवासियों को काफी फायदा मिलेगा। अब शादी के माहौल में लोगो को दूसरे शहर में जाने की जरुरत नही होगी। अब लोग इस सैलून में सस्ते दरों पर हर तरह की बाल कटिंग ,सेविंग, फैशियल, मसाज,ब्लीच जैसे कई सुविधाये प्राप्त कर सकेंगे । वही सैलून के प्रोपराइटर दीपक रंजन ने कहा कि उनके सैलून में हर तरह की सुविधाएं बेहद ही सस्ते दर पर लोगो को मिलेगी साथ ही शादी के सीजन में दुल्हन और दूल्हे को सजाने का काम भी किया जायेगा।




## टाटा में सिमडेगा की युवतियों ने नगाड़ा, मांदर बजाकर मचाया तहलका

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**सिमडेगा।** टाटा के बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में संवाद जनजातीय महोत्सव के 11वें संस्करण के विधिवत उदघाटन समारोह में 451 नागाड़ा, मांदर, भेईर, नरसिंघा बजाकर किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेन्द्रन, टाटा स्टील के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी, धाड़ दिशोम के परगना बैजू मुर्मू, हो समाज के पीढ़ मानकी गणेश पिंगुवा, जुगसलाई तोरोफ परगना दशमत हांसदा, भूमिज समाज के प्रधान उत्तम सिंह सरदार, सोमरा खड़िया, टाटा स्टील फाउंडेशन के शिव शंकर कांडयाँग सहित अन्य की उपस्थिति में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं सिमडेगा की 30 युवतियाँ जो मांदर नागाड़ा बजाकर पुरे सिमडेगा जिले का नाम टाटा सहित झारखण्ड में ऊँचा किया। कार्यक्रम के दौरान इनके नगाड़ा मांदर बजाने को देख कर टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेन्द्रन अपने को रोक नहीं पाए और उपस्थित सभी अतिथियों ने सामूहिक नृत्य कर माहौल को रंगीन बना दिया। कार्यक्रम में सिमडेगा के चक्रीय विकास संस्थान द्वारा संचालित छोटा नागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र और पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज की छात्राओं ने निदेशक सत्यव्रत ठाकुर के नेतृत्व में खड़िया जनजाति,चीक बड़ाईक जनजाति , कवर जनजाति,बैगा जनजाति, लोहरा जनजाति, गोंड जनजाति के कलाकारों के साथ ÷कलर्स ऑफ़ झारखण्ड÷ कार्यक्रम में अपने नृत्य का प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चक्रीय विकास संस्थान के कलाकार जयपाल दास,रुत जड़िया, अनिमा कुमारी, सलमा कुमारी, असमा डूंगडूंग,बूटी रोस केरकेट्टा, संजीता बा, सुमन केरकेट्टा, सनिला एक्का, सुप्रिया केरकेट्टा, सुलोचनी कुमारी, अनुपा सोरेंग, खुशी कुमारी, बबली एक्का, रोबीना कुमारी, प्रिया हरि, दिव्या कुमारी,निशा कुमारी, शिवानी कुमारी, किरण कुमारी, शोभा कुमारी, संजना केरकेट्टा, शुर्मिला कुमारी, संगीता कुमारी, सीता कुमारी, सुलोचनी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी,वीणा देवी, सावित्री देवी, अनिता देवी, अमिता देवी,संजय ठाकुर, देवपाल दास,बजरंग दास, सोमरा भुइंहर,कृष्णा कुमार, मौसमी सोरेंग सहित अन्य कलाकार शामिल थे।

# इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर मशरूम की खेती से जुड़े संजीव, रोजाना 600किलो स्पॉन होता है तैयार



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में प्रदेश का सबसे बड़ा और मॉडर्न मशरूम बीज उत्पादन लैब है। यहां रोजाना 600च्त्त स्पॉन तैयार होता है। जिले के बिंद के रहने वाले इंजीनियरिंग संजीव कुमार ने कृषि के नए आयाम और खेती-किसानी की बेहतरी के लिए काम करना शुरू किया। इंजीनियरिंग की पढ़ाई से बेहतर तकनीक समझ कर और खेतिहर परिवार से ताल्लुक रखने के कारण विरासत में मिली कृषि के ज्ञान के सहारे ये काम कर रहे हैं। संजीव पहले प्रशिक्षण तो बाद ये मशरूम की खेती से जुड़े। लंबे संघर्ष के बाद सफलता मिली, तो लोग इन्हें 'मशरूम मैन ऑफ बिहार' के नाम से जानने व पहचानने लगे। इन्होंने कृषि से न सिर्फ अपना जीवन संवारा। बल्कि, लगभग 30 हजार महिला- पुरुष किसानों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार की ओर प्रेरित भी किया। बिहार और झारखंड में मशरूम उत्पादन की बड़ी इकाइयों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर सैकड़ों लोगों को रोजगार मुहैया करने में मदद पहुंचायी। इतना ही नहीं अपने गांव नालंदा के बिंद प्रखंड के मोहद्दीपुर में प्रदेश के सबसे बड़े व मॉडर्न मशरूम बीज उत्पादन लैब की स्थापना की।

### हिमाचल प्रदेश से सीखा मशरूम उत्पादन के गुर

बीआईटी, सिंदरी से विद्युत अभियंत्रण की पढ़ाई करने वाले नालंदा के संजीव साल 2002 में ही राष्ट्रीय खुंभ अनुसंधान केंद्र,सोलन (हिमाचल प्रदेश) से मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लिया। मशरूम की खेती करने में जुट गए थे। मशरूम के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार की असीम संभावनाओं को भांपते हुए ई. संजीव ने न सिर्फ खुद इसकी खेती में हाथ आजमाया, बल्कि आसपास के गांवों के दर्जनों किसानों को भी अपने मुहिम में शामिल किया।

### कई सालों की कड़ी मेहनत से मिली सफलता

ऐसा नहीं है कि संजीव को बहुत आसानी से मशरूम की खेती में सफलता मिल गई। इन्होंने साल 2002 से 2008 तक लंबा संघर्ष किया। समाज की उलाहना सुनी, आर्थिक कठिनाई झेली। ई. संजीव कुमार बताते हैं कि संघर्ष के कठिन दौर में परिवार का साथ मिला। 'स्वस्थ्य बिहार समृद्ध बिहार' के स्लोगन के साथ अपने संकल्प को कभी कमजोर होने नहीं दिया। मशरूम उत्पादन में न्यून पूंजी, कम समय, अधिक मुनाफा, कृषि अवशेष का बेहतर उपयोग, बिना खेत की खेती, महिलाओं के रोजगार का बेहतर विकल्प और पौष्टिक व औषधिय गुण से भरपूर मशरूम जैसे उत्तम उपज का सकारात्मक कारक मेरे कठिन दौर के संबल थे।

### लोग कहते हैं 'मशरूम मैन ऑफ बिहार'

आज बिहार मशरूम उत्पादन में पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। इसमें कहीं न कहीं संजीव कुमार का मशरूम के उत्पादन के प्रति संघर्ष और संकल्प भी शामिल है। इन्होंने विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के सहयोग से बिहार के विभिन्न जिलों के लगभग 30 हजार से अधिक महिला - पुरुष किसानों को प्रशिक्षित कर उन्हें मशरूम उत्पादन से जोड़ना और नियंत्रित वातावरण में वर्ष भर बटन मशरूम की कई बड़ी इकाइयों की स्थापना में रही इनकी महत्वपूर्ण भूमिका शामिल है। तभी तो लोग इन्हे 'मशरूम मैन ऑफ बिहार' कहते हैं।

### प्रतिदिन 6 सौ किलोग्राम स्पॉन का उत्पादन

ई. संजीव कुमार के स्थापित 'साबरी' मशरूम बीज (स्पॉन) लैब,अत्याधुनिक उपकरणों से लैस सूबे का सबसे बड़ा मशरूम बीज उत्पादन लैब है। जहां से प्रतिदिन 6 सौ किलोग्राम उच्च गुणवत्ता का ऑयस्टर, बटन तथा मिल्की मशरूम के बीज का उत्पादन किया जाता है। लोग गांव छोड़ कर शहर में रहना ज्यादा पसंद करने लगे हैं, तब संजीव ने तमाम विकल्प के बावजूद अपने गांव, बिंद प्रखंड के मोहद्दीपुर में ही मशरूम बीज उत्पादन लैब खोलने का निर्णय लिया। ताकि, खाली होते गांव को बचाया जा सके। आज इनके लैब में महिला- पुरुष कर्मी समेत कुल 12 लोग काम करते हैं। जिसमें उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के लोग भी शामिल हैं। पहले बिहार में बटन मशरूम का बीज पंजाब, हरियाणा, दिल्ली जैसे दूसरे प्रदेशों से आता था। अब साबरी स्पॉन लैब का बीज, हरियाणा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा जैसे राज्यों के बड़े मशरूम फार्म को भेजे जाते हैं।

### भारत में मशरूम की खेती की असीम संभावना

मशरूम में रोजगार की संभावना पर मशरूम मैन संजीव कुमार कहते हैं, भारत में अभी प्रति वर्ष लगभग 2 लाख टन मशरूम का उत्पादन होता है। जबकि, पड़ोसी देश चीन में 350 लाख टन प्रति वर्ष। खपत के मामले में भी भारत अभी काफी पीछे है। विकसित देशों में प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति खपत 16 से 20 किलोग्राम है। जबकि, भारत में 60 से 70 ग्राम है। यहां बहुतायत में कृषि अवशेष उपलब्ध हैं। आंकड़े और उपलब्ध संसाधन बताते हैं कि आने वाले दिनों में बिहार समेत भारत में मशरूम उत्पादन में बड़ी क्रांति संभव है।

### मिल चुके हैं सम्मान

मशरूम का प्रसंस्करण,औषधीय मशरूम की खेती जैसी कई विषयों पर अभी ढंग से कार्य भी प्रारंभ नहीं हुआ है। मशरूम उत्पादन पर थोड़ा और ध्यान दिया जाए तो, लोगों के स्वास्थ्य में और ग्रामीण आर्थिक क्रांति में मशरूम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मशरूम को भोजन में शामिल कर कुपोषण से जूझ रही बड़ी आबादी को कुपोषण से मुक्ति दिलाई जा सकती है। गर्भवती महिलाएं और बच्चों के मानसिक विकास में गुणात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। किसानों और नौजवानों के प्रेरणाश्रोत ई.संजीव कुमार को किसान नेलशन मंडेला नॉवेल पीस अवार्ड, नीलकंठ सम्मान सहित दर्जनों सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

## विधायक से रंगदारी मामले में दो गिरफ्तार, देसी कट्टा, ब्राउन शुगर के साथ कई सामान बरामद

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की हैं। बता दें की जदयू के रुन्नीसैदपुर विधायक पंकज कुमार मिश्रा से रंगदारी मांगने और रंगदारी नही देने पर विधायक व उनके परिवार को हत्या की धमकी देने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, मुख्य अपराधी अभी भी गिरफ्त से बाहर है। गिरफ्तारी को लेकर शनिवार के साम आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर डुमरा थाना क्षेत्र के परसौनी मोड़ के समीप से गिरफ्तार किया है।

### देसी कट्टा के साथ ब्राउन शुगर बरामद

बताया की दोनों कुख्यात सरोज राय के दो शागिर्दों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, विधायक को धमकी देने वाला कुख्यात सरोज राय अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। सरोज राय के पकड़े गए शागिर्द अमघट्टा निवासी किशन कुमार और रविरंजन कुमार के पास पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा और बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद किया है। इसके अलावा डुमरा थाना की पुलिस ने ही उक्त स्थल पर ही जांच के दौरान चोरी के 13 मोबाइल के साथ केटीएम बाइक सवार एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गौरतलब हो कि रुन्नीसैदपुर विधायक से रंगदारी और हत्या की धमकी देने के बाद से सीतामढ़ी पुलिस और बिहार एसटीएफ की टीम सरोज राय की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। वहीं, उसके कई शागिर्दों को अपने रडार पर निगरानी कर रही है।

## मधेपुरा पहुंचे राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा: कहा- 2025 के विधानसभा चुनाव में फिर से बनेगी एनडीए की सरकार



**मधेपुरा, एजेंसी।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा शनिवार की शाम मधेपुरा पहुंचे। सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में फिर से बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। एनडीए को मजबूती देने के लिए वे इन दिनों बिहार यात्रा पर हैं। यात्रा का तीन चरण संपन्न हो गया है। ये चौथा चरण चल रहा है। चौथे चरण में खगड़िया, कटिहार और पूर्णिया, मधेपुरा के बाद अब सहरसा जाना है। 18 नवंबर को चौथे चरण का समापन होगा। बिहार यात्रा के दौरान लोगों से मिलकर बिहार में हुई विकास की जानकारी ले रहे हैं। लोगों से फीडबैक लिया जा रहा है और कमियों और चूक को आगे सुधारा जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी।

### 2005 से पहले सूबे में था जंगलराज

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि एनडीए की सरकार में बेहतर विकास हो रहा है। अमन, चैन और शांति की स्थापना हुई है। बिहार के लोगों ने साल 2005 से पहले सूबे में कायम जंगलराज को देखा है। वे दोबारा उसे देखना नहीं चाहते। बिहार के लोग अमन पसंद हैं। बिहार में केन्द्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर अच्छा काम कर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार के विकास को गति दी है। तस्वीर और तकदीर बदली गई है। इससे बिहार की जनता भी खुश है। प्रेस वार्ता के दौरान जेडीयू जिलाध्यक्ष रमेश ऋषिदेव, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रवि शंकर कुमार पिंटू मेहता, डॉ. ललन प्रसाद अद्री, अभिषेक कुशवाहा समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार



### बागपत में सफाईकर्मियों ने दी सामूहिक धर्म परिवर्तन और आत्मदाह की चेतावनी

**बागपत , एजेंसी।** नगर पालिका के सफाईकर्मियों ने रविवार सुबह ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और हवेली तिराहे पर कूड़ा डाल दिया। उन्होंने अफसरों पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन की चेतावनी दी और इस्लाम जिंदाबाद के नारे लगाए। वहां पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह सफाई कर्मियों को समझाकर शांत कराया। सफाई कर्मी अजय, राकेश, धर्मेंद्र, विमलेश आदि ने बताया कि वह नगर पालिका में पिछले 20-25 साल से सफाई कर्मी के रूप में काम कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले नगर पालिका ने सफाई का ठेका लोनी के एक ठेकेदार को दे दिया। आरोप लगाया कि ठेकेदार उन्हें नोटिस दिए बिना ही काम से हटाने की धमकी दे रहा है।

ठेकेदार ने महिला सफाई कर्मियों के साथ अभद्रता भी की। इसके विरोध में उन्होंने प्रदर्शन कर शिकायत दी थी, लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वाल्मीकि समाज के लोग सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन कर इस्लाम धर्म कबूल कर लेंगे।

### हाईकोर्ट ने कहा: हर हाल में पत्नी-बच्चों का भरण-पोषण करना पति का पवित्र कर्तव्य, पत्नी की अर्जी पर हुई सुनवाई




**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पारिवारिक मामले में एक अहम फैसला दिया। इसमें कोर्ट ने कहा कि पत्नी व बच्चों का हर हाल में भरण-पोषण करना पति का पवित्र कर्तव्य है। वैवाहिक कार्यवाहियों में अक्सर पतियों की तुलना में पत्नियां व बच्चे अधिक आर्थिक संकट झेलते हैं। क्योंकि उन्हें परिवार या आय से सीमित मदद मिलती है। उनकी इस हालत में पतियों की ओर से लगातार परेशानी बढ़ाई जाती है। इससे उन्हें ऐसे कार्यवाहियों का सामना करने में मुश्किलें आती हैं। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने इस टिप्पणी के साथ पत्नी को तलाक के मामले में अदालती कार्यवाहियों का खर्च देने के आदेश के खिलाफ दाखिल सैन्य अफसर पति की अपील खारिज कर दी। इसमें लखनऊ की पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी।

**पारिवारिक अदालत ने पत्नी की अर्जी पर सुनवाई की:** पति की ओर से दाखिल तलाक के दावे के दौरान पारिवारिक अदालत ने पत्नी की अर्जी पर सुनवाई की थी। इस दौरान सैन्य अफसर को आदेश दिया था कि अदालती कार्यवाही के लिए 50,000 समेत खर्चे के 10,000 रुपये एकमुश्त अदा करें। प्रत्येक सुनवाई पर 500 रुपये भी पत्नी को देने का आदेश दिया था। बीते सितंबर में दिए गए इस आदेश के खिलाफ सैन्य अफसर ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। उनके वकील का कहना था कि यह आदेश देते समय पारिवारिक अदालत ने इस तथ्य पर गौर नहीं किया कि पत्नी, पति से अलग रह रही है।

**पति सेना में कर्नल हैं और पर्याप्त वेतन पा रहे:** हाईकोर्ट ने कहा कि पारिवारिक अदालत ने सिर्फ तलाक के दावे के खर्चों के लिए यह आदेश दिया है। शादी होते ही पत्नी के भरण पोषण का दायित्व पति का होता है। बच्चों के पैदा होने पर उनके भरण पोषण का दायित्व भी कानूनी तौर पर लागू हो जाता है। मामले में पति सेना में कर्नल हैं और पर्याप्त वेतन पा रहे हैं।

# सपा-भाजपा के लिए नाक का सवाल बनी ये सीट...मुस्लिम इलाकों में खामोशी की चादर; दोनों दलों में कांटे की टक्कर

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कांटे के मुकाबले वाली सीटों में शुमार है कानपुर की सीसामऊ विधानसभा। जेल में बंद चार बार के सपा विधायक इरफान सोलंकी की विधायकी जाने के बाद इस सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा।

इस सीट पर करीब 25 वर्ष से काबिज सपा ने वर्चस्व बनाए रखने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है तो भाजपा के लिए यह सीट नाक का सवाल बन गई है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महज सात दिन में इस विधानसभा क्षेत्र का दो बार दौरा किया।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक जनसभा कर चुके हैं और शनिवार को हुए मुख्यमंत्री के रोड शो के जवाब में रोड शो कर सकते हैं। उधर, सीट पर जीत का आंकलन करने से दिग्गज नेता और विशेषज्ञ भी बचते दिखे। हालांकि 45 फीसदी मुस्लिम वोटर, 30 फीसदी एससी-ओबीसी और 25 फीसदी सामान्य वर्ग वाली इस विधानसभा क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण साफ दिख रहा है।

**नसीम सोलंकी सहानुभूति के लहर पर सवार:** इस विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से लेकर गलियों में जाकर सियासी माहौल जानने कोशिश की। एक तस्वीर बिल्कुल साफ दिखी कि इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी सहानुभूति के लहर पर सवार हैं। प्रचार के दौरान उनकी आंखों की नमी वोटरों का ध्यान खींच रही है।



**सुरेश अवस्थी की छवि युवा व छात्रनेता की:** केवल मुस्लिम ही नहीं बल्कि हिंदू बहुल इलाकों में भी टियर इफेक्ट महसूस हुआ। वहीं, भाजपा से तीसरी बार ताल ठोंक रहे सुरेश अवस्थी की छवि युवा व छात्रनेता की है। युवा उनसे जुड़े हैं। इरफान से नाराज तबका सुरेश के साथ खुलकर खड़ा है। मुख्यमंत्री की छवि और कानून-व्यवस्था उनके लिए ट्रंप कार्ड है।

**कनपुरिया स्टाइल में लाला शुक्ला बोले- साइकिल गई:** शुक्रवार रात लेनिन पार्क के पास एक पान की दुकान पर पहुंचे। योगी के रोड शो को लेकर कनपुरिया स्टाइल में लाला शुक्ला बोले, साइकिल गई। काहे...गुटखा दबाए खड़े दीपू भइया एक शब्द का सवाल दागने के साथ ही बुदबुदाए, योगी-मोदी की घनघोर लहर में भी सीट हाथ नहीं आई थी। जवाब मिला, दूसरा कोना पकड़ो।

**इस सीट पर साल 1991 में खिला था कमल:** योगी जी का रोड शो गेम फिनिश कर देगा। बता दें कि सीसामऊ सीट पर वर्ष 1991 में कमल खिला था। तब राकेश सोनकर जीते थे। अजमेरी चौराहा चमनगंज में मोहम्मद शकील और मोहम्मद असद बिरयानी खाकर बाहर निकले। उनसे पूछा लेकिन कन्नी काट गए। जोर देने पर धीरे से बोले, उपचुनाव है। खामोशी से काम कीजिए।

**चाय पर चर्चा ऐसी कि ठंडा माहौल भी गरमा गया:** शनिवार सुबह 80 फीट रोड स्थित बनारसी चाय की दुकान पर अवधेश दुबे, राजेश शर्मा, उदय द्विवेदी, हरीश मतरेजा, पवन गुप्ता, मनोज शुक्ला, बृजेश सेठ और अशोक बाजपेयी की टोली में जाकर बैठ गए। चुनावी रुख के सवाल पर जवाब आया, दोनों के लिए जीने-मरने का सवाल है। इस जीत-हार से वर्ष 2027 के चुनाव की रूपरेखा तय होगी। क्या नसीम सोलंकी को सहानुभूति का लाभ मिलेगा। वर्ष 2007 में भाजपा से चुनाव लड़कर इरफान से हारे हरीश मतरेजा ने कहा, 2007 में इरफान भी सहानुभूति की वजह से जीते थे, क्योंकि उनके विधायक पिता हाजी मुश्ताक सोलंकी का निधन हो गया था। आज इरफान जेल में हैं। तब और अब की सहानुभूति में यही फर्क है। बीच में बात काटते हुए उदय द्विवेदी ने कहा कि इरफान को जेल भेजने के पीछे किसकी साजिश है, सब अच्छे से जानते हैं। पवन गुप्ता ने टोका, इरफान ने विकास केवल मुस्लिम बहुल इलाकों में कराया। भड़के उदय बोले, अगर ऐसा होता तो चार बार विधायक न बनते। संदीप पासवान ने कहा, इरफान आजतक उनकी दलित बस्ती में नहीं आए। 25 साल से परिवार के पास विधायकी रही लेकिन विकास ढेला भर नहीं हुआ। रही बात इमोशनल लहर की तो सुरेश भी तीन बार से मैदान में हैं। उनके साथ भी लोग हैं।

**मुस्लिम इलाकों में खामोशी की चादर:** सपा का प्रभाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2017 के चुनाव में योगी और मोदी की लहर के बावजूद जीत हासिल नहीं हुई। मुस्लिम बहुल इलाके में स्थित हुमायूं बाग में नब्ज टटोलने की कोशिश की लेकिन लबों पर छाई खामोशी से जाहिर हो गया कि मतदाता अभी पत्ते खोलने के मूड में नहीं हैं। धूप सेंक रहे शकील भाई बोले, पहला चुनाव है, जिसमें कोई मुद्दा ही नहीं है। शांतिभंग के नोटिस चस्पा हैं। वोटर निकलने से डर रहे हैं। अशफाक सिद्दीकी ने बात आगे बढ़ाई और बताया कि मुस्लिम बहुल इलाकों में केडीए सीलिंग की ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। इससे गलत मैसेज जा रहा है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि पहली बार मुस्लिम इलाकों में भाजपा प्रत्याशी खुद आए हैं। संपर्क कर रहे हैं। ये एक अच्छी पहल है। अबरा परवीन बोलीं, सरकारी योजनाएं हमारे पास तक नहीं पहुंचती। विधायक हमारी बात सुनें, इसलिए वोट जरूर डालेंगे।

**बसपा ने वोट काटा तो नुकसान भाजपा का:** सीसामऊ विस क्षेत्र में एससी वोट खासी संख्या में हैं। एक-एक वोट की लड़ाई में अगर बसपा ने सेंध लगाई तो भाजपा की चुनौती बढ़ जाएगी। हालांकि पिछले चुनावों पर नजर डालें तो इस सीट पर बसपा का जनाधार लगातार घटा है। बसपा ने इस सीट पर जीत के लिए सोशल इंजीनियरिंग के सारे फॉर्मूले अपनाए। परिसीमन से पहले वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा के अनिल सोनकर वारसी को 18 फीसदी वोट मिले थे। इसके बाद वोट प्रतिशत लगातार गिरता गया। वर्ष 2012 के चुनाव में मोहम्मद वसीक को करीब 12 फीसदी वोट मिले। वर्ष 2017 में नंदलाल कोरी ने 7.7 फीसदी वोट हासिल किए। वर्ष 2022 में ब्राह्मण प्रत्याशी रजनीश तिवारी को टिकट दिया लेकिन उन्हें दो फीसदी वोट भी नहीं मिला।

## ट्रैक पर 31 किलो के लोहे का टुकड़ा और पत्थर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश, पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका



**बरेली/हाफिजगंज , एजेंसी।** बरेली-पीलीभीत रेलखंड में ट्रेन पलटाने की कोशिश की गई। दिवनापुर हाल्ट के पास खुराफातियों ने रेलवे ट्रैक पर 31 किलो वजनी और 1.25 मीटर लंबा लोहे का टुकड़ा और पत्थर के स्लीपर रख दिए। रात 9:18 बजे यहां से गुजर रही मालगाड़ी का इंजन इस अवरोध से टकराया तो लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। सूचना पर रेलवे अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। पीलीभीत के सीनियर सेक्शन इंजीनियर नेत्रपाल सिंह ने हाफिजगंज थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शुक्रवार रात मालगाड़ी भोजीपुरा से पीलीभीत के लिए निकली थी। दिवनापुर हाल्ट के पास किमी संख्या 292/10-292/12 के बीच इंजन से कोई भारी-भरकम चीज टकराने की तेज आवाज आई तो लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लेकर ट्रेन को रोका। इसके बाद लोको पायलट और गार्ड उतरकर इंजन को देखने गए तो पता लगा कि ट्रैक पर लोहे का टुकड़ा और पत्थर पड़े थे। लोको पायलट ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी।

सीनियर सेक्शन इंजीनियर नेत्रपाल सिंह ने बताया कि लोहे के टुकड़े का वजन 31 किलो से ज्यादा है। हालांकि, इसके टकराने से इंजन या रेलवे ट्रैक को नुकसान नहीं पहुंचा है। मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। रेलखंड पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। शनिवार को घटनास्थल की पड़ताल की गई।

# बरेली में आयुष्मान योजना को धोखा बता डॉक्टर ने महिला मरीज को अस्पताल से निकाला, मौत

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में आयुष्मान योजना को धोखा बताकर जिस मरीज विजयलक्ष्मी (59) को दीपमाला अस्पताल के डॉ. सोमेश मेहरोत्रा ने बाहर निकाला था, उसकी मौत हो गई है। पैरालिसिस का अटैक पड़ने के बाद शाहजहांपुर के मिर्जापुर कलान की विजयलक्ष्मी को परिजन छह नवंबर की देर रात अस्पताल लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि आयुष्मान कार्ड से इलाज करने की बात कही तो डॉक्टर ने अभद्रता करते हुए अगले दिन मरीज को निकाल दिया। दिल्ली ले जाते समय मौत हो गई। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर आयुष्मान पैनल से अस्पताल की संबद्धता छीन ली गई। वहीं, शनिवार को जांच टीम ने आरोपी डॉ. सोमेश मेहरोत्रा के बयान भी दर्ज किए हैं।

### वायरल हुआ था वीडियो

दरअसल, शुक्रवार को एक वीडियो वायरल हुआ। इस दीपमाला अस्पताल के डॉ. सोमेड मेहरोत्रा मरीज के परिजन आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने की बात पर भड़क रहे थे। उन्होंने योजना को धोखा बताते हुए सरकारी इलाज के नाम पर चूरन-चटनी की गोली खिलाए जाने की बात कही। साथ ही, नेताओं, अफसरों और डॉक्टरों की मिलीभगत से बजट के बंदरबाट की भी बात कही।

### खबर से संबंधित वीडियो

डीएम ने वीडियो का संज्ञान लेकर सीएमओ को जांच के निर्देश दिए। दो सदस्यीय टीम ने मरीज के परिजनों से फोन पर बात की तो पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। जांच अधिकारी एसीएमओ डॉ. राकेश के मुताबिक प्राथमिक जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी है।

### आरोप: आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी वसूले 1.40 लाख रुपये

विजयलक्ष्मी के बेटे गोविंद मोहन के मुताबिक छह नवंबर की रात करीब दो बजे मां को लेकर दीपमाला अस्पताल पहुंचे। आयुष्मान कार्ड लगाने के बाद भी रुपये वसूले गए। 24 घंटे बाद रुपये खत्म हुए तो कार्ड से इलाज के बारे में पूछा। इस पर डॉ. सोमेश भड़क गए और गालियां देते हुए निकाल दिया। तब तक वह 1.40 लाख का भुगतान कर चुके थे।

### डिप्टी सीएम ने एक्स पर साझा की कार्रवाई

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया आयुष्मान योजना के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## झांसी अग्निकांड: लापरवाही से नवजातों की मौत पर एनएचआरसी सख्त, मुख्य सचिव-डीजीपी को नोटिस दे मांगा जवाब




**लखनऊ , एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने झांसी के सरकारी अस्पताल में आग लगने से 10 नवजातों की मौत की घटना का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से जवाब-तलब किया है। आयोग ने मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर एस सप्ताह में घटना की रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। आयोग ने पाया है कि यह घटना लापरवाही की वजह से हुई, जो कि मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। आयोग ने मामले में एफआईआर की स्थिति, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई, घायलों को प्रदान की जा रही चिकित्सा और पीड़ित परिवारों को दिए गए मुआवजे की जानकारी देने को कहा है। साथ ही, यह भी पूछा है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

**झांसी की घटना पर विपक्ष ने उठाए सवाल:** महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी में 10 बच्चों की मौत पर विपक्ष में सवाल उठाया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग और कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मांग की कि प्रधानाचार्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि दूसरे कॉलेजों में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बच्चों की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि संवेदनात्मक श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि आग का कारण 'ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर' में आग लगना बताया जा रहा है। ये सीधे-सीधे चिकित्सीय प्रबंधन, सरकार की लापरवाही और खराब क्वॉलिटी के ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर का मामला है। इस मामले में सभी ज़िम्मेदार लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। सरकारी अस्पताल बदहाल, भ्रष्टाचार, लापरवाही का अड्डा बन गए हैं। भाजपा सरकार में ये दूसरी बड़ी घटना है, जिसमें मांओं ने अपने बच्चों को खोया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को चुनावी प्रचार और 'सब ठीक होने के झूठे दावे' छोड़कर स्वास्थ्य, चिकित्सा की बदहाली पर ध्यान देना चाहिए। प्रदेश में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था बदहाल है। उन्होंने कहा कि शोक संतप्त परिवारों को 1-1 करोड़ संवेदना राशि दें। गोरखपुर न दोहराया जाए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने 10 बच्चों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार की लापरवाही का परिणाम है, जो सरकार की अक्षमता की ओर इशारा करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाए और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह सेंगर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सुरक्षा के अर्प्याप्त उपाय और वहां व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करता है।

## पूर्व विधायक विजय यादव: बांग्लादेश सरकार प्रमुख का सिर कलम करने वाले को पांच करोड़, इनाम में कार भी मिलेगी

**मुरादाबाद , एजेंसी।** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के पूर्व विधायक और नारायणी सेना कृष्ण के संरक्षक विजय यादव ने एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान या विश्व का कोई भी व्यक्ति बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का सिर कलम करके लाएगा तो वह उसे पांच करोड़ रुपये का इनाम देंगे। इसके साथ कार भी दी जाएगी।

बसपा से ठाकुरद्वारा के विधायक रह चुके विजय यादव ने अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू और श्रीकृष्ण के भक्तों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। इस्कॉन मंदिरों और श्रीकृष्ण भक्तों को निशाना बनाया जा रहा है।

भारत में अल्पसंख्यकों का हितैषी होने का दावा करने वाले राहुल गांधी, असदुद्दीन ओवैसी, अखिलेश यादव, चंद्रशेखर जैसे लोग बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर चुप हैं। उन्होंने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में उनकी नारायणी सेना को जाने की इजाजत दें और उन्हें हथियार उपलब्ध कराएं। उनकी सेना बांग्लादेश में जाकर हिंदुओं की रक्षा करेगी।

**भाजपा के लिए वोट मांगा तो जान से मार देंगे, तीन पर मुकदमा:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के बबराला खास में पूर्व प्रधान के घर पहुंचकर उनके पति के साथ गाली-गलौज का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन दबंगों ने पूर्व प्रधान के पति को जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपियों ने कहा कि भाजपा के लिए वोट मांगा तो जान से मार देंगे।

पीड़ित महमूद की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही नजाकत, जब्बार और सत्तार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महमूद ने पुलिस को बताया है कि बृहस्पतिवार की रात करीब 11 बजे उनके गांव के ही तीन आरोपी घर पर आए और गालियां देने लगे। आरोपियों ने कहा कि तेरी इतनी हिम्मत कि तू भाजपा के लिए वोट मांग रहा है।

आज के बाद भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया तो तुझे जान से मार देंगे। पीड़ित ने कहा कि आरोपियों ने गांव छोड़ने की भी धमकी दी। महमूद ने आरोपियों को समाजवादी पार्टी का समर्थक बताया। इस मामले में मूंढापांडे थानाध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**बसपा ने चुनाव के दौरान जिला उपाध्यक्ष को हटाया:** बसपा ने जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रजापति को उनके पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर बब्लू लंबरदार को नया जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। उपचुनाव के बीच पदाधिकारी को हटाने पर जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि लापरवाही के आरोप में उपाध्यक्ष को हटाया गया है। पूर्व सांसद एवं मंडल प्रभारी गिरीश चंद, मुख्य सेक्टर प्रभारी जाफर मलिक और डॉ. रणविजय सिंह ने नए जिला उपाध्यक्ष के नाम की संस्तुति की।

# मुरादाबाद में दो पक्षों में विवाद, नाराज लोगों ने घरों के बाहर लगाए पलायन के पोस्टर

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद के कटघर के मेहबुल्ला गंज में डिप्टी जगन्नाथ सिंह मंदिर वाली रोड निवासी एक व्यक्ति द्वारा दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचने की सुगबुगाहट से हड़कंप मच गया। नाराज होकर मोहल्ले के 20-25 लोगों ने अपने घरों पर पलायन के पोस्टर लगा दिए हैं।

पोस्टर में लिखा हैकि मैं अपने परिवार सहित पलायन करा हूं। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस भी सक्रिय हो गई। मोहल्ले में पिछले कई दिनों से एक व्यक्ति का लोगों से विवाद चल रहा है। इसके कारण कई बार पुलिस को भी आकर मामले को शांत करना पड़ा। मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति अपना मकान बेचना चाहता है।

उनका शिशु मंदिर के पास ही दो मंजिला मकान है। मोहल्ले वालों का कहना है कि राहुल गुप्ता हिंदू समुदाय के व्यक्ति को मकान बेचने को तैयार नहीं हैं। वह दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचना चाहते हैं। मोहल्ले के लोगों ने कहा कि इस मामले को पहले भी सिटी मजिस्ट्रेट, कटघर सीओ व एसपी सिटी के सामने रख चुके हैं।

कही सुनवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर लोगों ने अपने घरों पर पलायन के पोस्टर लगा दिए। लोगों का कहना है कि मोहल्ले के ही कई लोग मकान की अच्छी कीमत देने को तैयार हैं, लेकिन मकान मालिक दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचने की जिद पकड़े है।




**लोगों ने कहा, कर जाएंगे पलायन:** मोहल्ले के रामजी ने बताया कि शिशु मंदिर का रास्ता लाजपतनगर पुलिस चौकी के बराबर से है। यह पूरा क्षेत्र दूसरे संप्रदाय का हो चुका है। इस कारण छात्र-छात्राओं को शिशु मंदिर तक आने-जाने में आए दिन विवाद होता रहता है। इसकी पहले शिकायतें भी हुई हैं।

इसी विवाद के चक्कर में अधिकांश बच्चे अब डिप्टी साहब के मंदिर परिसर से होकर स्कूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि राहुल गुप्ता का मकान दूसरे संप्रदाय के लोग खरीदें अन्यथा विवाद हो जाएगा। दरवाजे पर पलायन करने के पोस्टर लगाने वाले अंशू व रामवती ने कहा कि प्रशासन उनके मामले में सुनवाई नहीं कर रहा है। यदि दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचा गया तो वह लोग पलायन कर जाएंगे।

यही बात रॉबिन, प्रेमराज, कैलाश गिरि, राम सिंह, बल्लू राम, विभव सिंह भी कही। यहीं पर आनंद की पॉलिश फैक्ट्री है, वह कहते हैं कि उनके मोहल्ले में दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति ने मकान खरीदा तो वह भी पलायन कर जाएंगे। सभी लोगों ने प्रदर्शन भी किया।

**सीओ-थानाध्यक्ष ने दिया समाधान कराने का आश्वासन:** एसपी सिटी के कहने पर मुहल्ले के लोग शनिवार शाम चार बजे कटघर थाने पहुंचे। यहां सीओ कटघर अश्वनी सिंह, थानाध्यक्ष संजय कुमार, लाजपतनगर चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार थे। मोहल्लेवालों के साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश प्रजापति, वार्ड-48 के पार्षद कुलदीप नारायण व लाजपतनगर के पार्षद विवेक शर्मा भी थाने गए।

इनके साथ मोहल्ले के शिशु मंदिर स्कूल के प्रबंधक देवराज सिंह, विनोद सक्सेना, नीरज गुप्ता, राम जी राम, निवेश गुंबर, धीरशांत दास अर्द्धमौनी थे। रामजी ने बताया कि सीओ व थानाध्यक्ष ने कहा है कि कुंदरकी उपचुनाव होने के बाद 24 नवंबर को मामले का समाधान कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विवादित मकान के भूतल को अभिनंदन ने किराए पर ले रखा है। इसी भवन में वह हैंडीक्रॉफ्ट का काम करते हैं। प्रथम तल के सभी कमरे खाली हैं।

**लाजपतनगर में पहले भी हो चुका है बवाल:** कुछ वर्ष पहले ऐसा ही एक मामला लाजपतनगर में आया था, वहां भी एक व्यक्ति ने दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेच दिया था। रजिस्ट्री होने के बाद जब मोहल्ले के लोगों को पता चला तो उन लोगों ने काफी विरोध जताया था। प्रशासन को भी ज्ञापन दिया था।

## संपादकीय

# हम विश्व नागरिक बनेंगे, तो देश ज्ञान की महाशक्ति बनेगा

हर साल नवंबर की 11 तारीख को हम राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हैं। आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद इसी दिन पैदा हुए थे। उन्होंने नौजवानों में रचनात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के विकास पर जोर दिया था। जिस तरह बदलते समय और समाज के साथ हमारी जरूरतें बदलती हैं और बदलती जरूरतों के साथ हमारी समस्याएं भी बदलती हैं, उसी तरह हमारी शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव अनिवार्य है। देश में आजादी के बाद से अब तक तीन प्रमुख शिक्षा नीति लाई जा चुकी हैं- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का दृष्टिकोण एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना है, जो भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाए और एक मजबूत, समावेशी और अभिनव समाज का निर्माण करे। इस नीति का उद्देश्य ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है, जो वैश्विक नजरिये के साथ-साथ भारतीय मूल्यों और संस्कृति में भी गहराई से जुड़े हों। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की घोषणा से पहले ही 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने मिलकर वैश्विक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 17 नए सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) तैयार किए, जिन्हें 193 सदस्य देशों ने अपनाया था। इन लक्ष्यों का उद्देश्य मानवता और प्रकृति के संतुलित विकास के लिए एक व्यापक योजना तैयार करना था, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता, पर्यावरण सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक विकास और वैश्विक सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत भी इन लक्ष्यों का एक हस्ताक्षरकर्ता रहा है और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी नीतियों और कार्यों में इन लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से अपनाएं। हालांकि, एक बड़ी चुनौती यह है कि नागरिकों में सतत विकास लक्ष्यों के प्रति जिम्मेदारी का भाव कैसे उत्पन्न किया जाए, क्योंकि दुनिया भर में लोग विभिन्न सीमाओं, जाति, पंथ आदि के आधार पर विभाजित हैं। इस विभाजन के कारण अक्सर लोग एक-दूसरे से अलग-थलग महसूस करते हैं और वैश्विक समस्याओं के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास कमजोर हो जाता है। इस समस्या का उपयुक्त समाधान है कि जन समुदाय में वैश्विक नागरिकता का भाव पैदा किया जाए। यह गर्व की बात है कि हमारे देश की सभ्यता का तो मूल मंत्र ही वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः है। अर्थात, हम लोग आदि-अनादि काल से ही वैश्विक नागरिकता के सिद्धांत का पालन करते आए हैं। वसुधैव कुटुम्बकम् का विचार हमें सिखाता है कि पूरी दुनिया के लोग एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और उनकी भलाई में ही हमारी भलाई है। यह दृष्टिकोण जाति, धर्म या राष्ट्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर पूरी मानवता को एक परिवार के रूप में देखता है। वहीं, सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश समानता, शांति और समृद्धि की कामना करता है।

# छोटी पार्टियां महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कितना कर पायेगी कमाल ?

**उत्तर प्रदेश के बाद देश के सबसे बड़े दूसरे प्रदेश के चुनाव मुकाबले में बीजेपी, कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी के दोनों खेमों के साथ कुल 158 दल मैदान में हैं। इसके अलावा रामदास अठावले की आरपीआई सहित तीन अन्य छोटी पार्टियां शामिल हैं। जबकि, कांग्रेस के अगुवाई वाले महाविकास अघाड़ी में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) के अलावा अन्य कुछ पार्टियों के लिए सीटें छोड़ी गई हैं। इस तरह से दोनों ही गठबंधन जहां सत्ता की लड़ाई लड़ रहे हैं तो छोटी पार्टियां किंगमेकर बनने की जुगत में लगी हैं। महाराष्ट्र चुनाव में बीजेपी 149 सीट पर किस्मत आजमा रही है तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना 81 और अजीत पवार की एनसीपी ने 59 सीटों पर ताल ठोक रखा है। कांग्रेस 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है तो शरद पवार की एनसीपी (एसपी) 86 सीट और उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने 95 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।**

**अशोक भाटिया**

20 नवंबर को महाराष्ट्र में चुनाव होने वाले हैं, जिसका चुनाव परिणाम झारखंड परिणाम के साथ 23 नवंबर को घोषित होंगे। विडम्बना यह है कि चुनाव में जब भी पार्टियों के बारे में समाचार लिखे जाते है, तब समाचारों की धुरी बड़े दलों के आस-पास ही घूमती नजर आती है, जिनका प्रतिनिधित्व अभी लोकसभा में है पर हम छोटे व स्थानीय दलों को भूल जाते है जिनका थोडा बहुत भी प्रभाव कुछ मतदाताओं पर है और जो किसी भी बड़ी पार्टी का खेल बना सकते है और बिगाड़ भी सकते है ।

उत्तर प्रदेश के बाद देश के सबसे बड़े दूसरे प्रदेश के चुनाव मुकाबले में बीजेपी, कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी के दोनों खेमों के साथ कुल 158 दल मैदान में हैं।इसके अलावा रामदास अठावले की आरपीआई सहित तीन अन्य छोटी पार्टियां शामिल हैं। जबकि, कांग्रेस के अगुवाई वाले महाविकास अघाड़ी में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) के अलावा अन्य कुछ पार्टियों के लिए सीटें छोड़ी गई हैं। इस तरह से दोनों ही गठबंधन जहां सत्ता की लड़ाई लड़ रहे हैं तो छोटी पार्टियां किंगमेकर बनने की जुगत में लगी हैं। महाराष्ट्र चुनाव में बीजेपी 149 सीट पर किस्मत आजमा रही है तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना 81 और अजीत पवार की एनसीपी ने 59 सीटों पर ताल ठोक रखा है। कांग्रेस 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है तो शरद पवार की एनसीपी (एसपी) 86 सीट और उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने 95 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

दूसरी पार्टियां भले ही एक या दो सीटों पर जीत दर्ज करने की ताकत रखती हों, लेकिन महाविकास अघाड़ी और महायुति का खेल बनाने और बिगाड़ने की ताकत तो रखती ही हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कुल 288 विधानसभा सीटों के लिए 4,136 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं।इस बार महायुति और महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों के साथ कुल 158 पार्टियां विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने उतरी हैं, जिसमें राज ठाकरे की मनसे, दलित नेता प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी, असदुद्दीन ओवैसी की (ढ्ढरूढ्ढरू और बसपा जैसी चर्चित पार्टियों समेत करीब 150 छोटी पार्टियां भी किस्मत आजमा रही हैं। इन दलों के अलावा करीब 2,086 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं।

2019 के विधानसभा चुनाव में किसी भी एक दल को बहुमत का आंकड़ा नहीं मिल सका था। बीजेपी, शिवसेना ने मिलकर 161 सीटें जीते थे तो कांग्रेस और एनसीपी 98 सीटें जीतने में सफल रही थीं। इसके अलावा करीब 29 सीटें अन्य को मिली थीं, जिसमें 16 सीटें छोटे दलों ने जीत दर्ज की थीं जबकि 13 सीटों पर निर्दलीय विधायक चुने गए थे। इस तरह महाराष्ट्र में छोटे दलों की भूमिका काफी अहम हो गई, जिसके चलते ही इस बार करीब 150 छोटे दल चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने उतरे हैं।



महाराष्ट्र में बसपा सबसे ज्यादा सीटों पर चुनावी किस्मत आजमा रही है। बसपा ने राज्य की 237 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं तो प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी ने 200 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए हैं। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना 125 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी के 26 प्रत्याशी मैदान में हैं। बहुजन रिपब्लिकन सोशलिस्ट पार्टी 22 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। महाराष्ट्र स्वराज पार्टी ने 32 सीटों पर उम्मीदवार उतार रखे हैं।

इसी तरह पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डी) ने 44 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए हैं। प्रहार जनशक्ति पार्टी 38 सीट और राष्ट्रीय समाज पक्ष ने 93 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं तो आरपीआई (ए) 31 और रिपब्लिकन सेना 21 सीट पर चुनाव लड़ रही है। असुदद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम (ढ्ढरूढ्ढरू) ने कुल 17 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए हैं जबकि समाजवादी पार्टी ने 9 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रखे हैं। उत्तर भारत विकास सेना, पीस पार्टी, टीपू सुल्तान पार्टी, नेताजी कांग्रेस सेना, निर्भय महाराष्ट्र पार्टी, नेशनल वर्ल्ड लीडर पार्टी, राष्ट्रीय उलमा काउंसिल, जय विदर्भ पार्टी और देवेगौड़ा की जेडीएस भी महाराष्ट्र में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कई छोटी पार्टियां बड़े धमाल करने के लिए उतरी हैं। इन पार्टियों का क्षेत्रीय और जातिगत स्तर पर सियासी आधार है, उसी बेस पर चुनाव भी लड़ रही हैं। इन दलों का अपने-अपने इलाकों में अच्छा-खासा प्रभाव माना जाता है। इनके चुनावी मैदान में उतरने से वोटों के बिखराव का खतरा बना हुआ है, जिसका असर महायुति और महा विकास अघाड़ी दोनों को पड़ सकता है।

दलित आधार वाले तीन बड़े दल महाराष्ट्र के चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं और तीन ही दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य में 13 फीसदी दलित वोटर हैं, जिसके चलते ही मायावती की बसपा, चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी और प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुनज अघाड़ी ने कैंडिडेट उतारे हैं। बसपा और आजाद समाज पार्टी का भले ही कोई खास सियासी आधार न हो, लेकिन प्रकाश अंबेडकर का अपनी पकड़ है।

साल 2019 के विधानसभा चुनाव में वंचित बहुजन अघाड़ी ने 4।57 प्रतिशत वोट हासिल किए थे और कांग्रेस और एनसीपी के उम्मीदवारों का खेल बिगाड़ दिया था, जिसके चलते इस बार मुकाबला रोचक हो गया है। मायावती भी एक अहम फैक्टर है और पुणे व विदर्भ के इलाके में अच्छा खासा प्रभाव रखती है।

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन भी इस बार 17 सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। ओवैसी का आधार मुस्लिम वोटबैंक है। मुस्लिमों के दम पर ओवैसी 2014 और 2019 में दो-दो सीटें जीतने में कामयाब रहे थे। इसीलिए 17 में से 13 मुस्लिम उम्मीदवारों को उतारकर मुस्लिम वोटों में बिखराव का खतरा पैदा कर दिया है। मराठावाड़ा और मुबंई इलाके की मुस्लिम बहुल सीटों पर ओवैसी ने अपने प्रत्याशी उतार रखा है, जिसके चलते औरंगाबाद, मालेगांव, भिवंडी और मुंबई की मुस्लिम बहुल सीटों पर महायुति की सियासी टेंशन बढ़ा दी है। महाराष्ट्र में मुस्लिमों को महायुति का कोर वोटबैंक माना जाता है, जिसके लिए कांग्रेस ओवैसी को बीजेपी की बी-टीम बताने में जुटी है।

महाराष्ट्र में पूर्व सांसद राजू शेट्टी के नेतृत्व वाले इस गठबंधन में स्वाभिमानी पार्टी, संभाजी छत्रपति की छत्रपति महाराष्ट्र स्वराज पार्टी और विधायक बच्चू कडू की प्रहार जनशक्ति शामिल है। राजू शेट्टी का राजनीतिक प्रभाव खास तौर पर हातकंगले, कपूर और अचलपुर में देखने को मिलता है। इन इलाकों में उनकी पकड़ काफी मजबूत मानी जाती है। बट्टकू प्रहार अपनी पार्टी प्रहार जनशक्ति के नेतृत्व में चुनावी मैदान में हैं, जिनके उतरने से ओबीसी और किसानों के वोटों में बंटवारे का खतरा बन गया है।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को छोटी पार्टी तो नहीं कहा जा सकता क्योकि उसके प्रमुख राज ठाकरे ने 125 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रखे है। 2009 के चुनाव में राज ठाकरे ने 13 सीटें जीती थीं, जिनमें से 8 सीटें मुंबई की थीं, यह जीत पार्टी के लिए बड़ी कामयाबी थी, लेकिन इसके बाद पार्टी का प्रभाव धीरे-धीरे कम होता गया। 2014 और 2019 में सिर्फ एक ही सीट मनसे जीत सकी थी। इस बार मनसे के उतरे 125 उम्मीदवारों में 25 प्रत्याशी सिर्फ मुंबई इलाके की सीटों पर किस्मत आजमा रहे और बाकी कोंकण और दूसरे इलाके की सीटों पर ताल ठोक रखी है।राज ठाकरे चुनाव में जिस तरह से हिंदुत्व का एजेंडा सेट कर रहे हैं, उसके चलते सबसे बड़ा खतरा शिवसेना के दोनों गुटों के साथ-साथ बीजेपी को भी है। राज ठाकरे ने अपने बेटे को भी इस बार चुनाव में उतारा है और किंगमेकर बनने की कवायद में है। इस बार के विधानसभा चुनाव में एमएनएस पार्टी भी पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। क्या विधानसभा नतीजे के बाद मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे गठबंधन में शामिल होंगे? शुक्रवार को राज ठाकरे ने चुनावी घोषणापत्र जारी की और इस सवाल का जवाब दिया। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का घोषणापत्र चार महत्वपूर्ण तत्वों पर केंद्रित है। महिला, युवा, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण घोषणाएं और आश्वासन दिये गये है। इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज ठाकरे कहा कि यह मेरी पसंद है कि मैं कहां उम्मीदवार नामांकित करूं। मैं अपनी पार्टी के लोगों से पूछकर निर्णय लेता हूं। बता दें कि एमएनएस ने राज्य के कई सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं और राज ठाकरे और उनकी पार्टी के नेता लगातार प्रचार कर रहे हैं।

# सिर्फ सियासी नुमाइंदगी से बदलेगी औरतों की स्थिति

पंकज तोमर

अमेरिका जैसा विकसित देश हो या पाकिस्तान सरीखा पिछड़ा मुल्क, औरतें हर जगह अब मुखर होकर राजनीतिक-सामाजिक सत्ता में अपनी हिस्सेदारी मांग रही हैं, बल्कि मजबूत दावेदारी पेश कर रही हैं। ऐसे में, अफगानिस्तान से सटे पाकिस्तान के लोअर दीरऽ इलाके की शाद बेगम जिस तरह तालिबानी धमकियों के बावजूद महिलाओं को खुदमुख्तार बनाने में जुटी हैं, वह सचमुच सराहनीय है और दुनिया ने उचित ही उन्हें सम्मानित किया है। खैबर पख्तूनख्वा सूबे के दीर जिले में करीब 45 साल पहले शाद पैदा हुईं। पाकिस्तान की कुलजमा साक्षरता जब आज 60 फीसदी से कम है, तो चार दशक पहले दीर इलाके की क्या स्थिति रही होगी, यह आसानी से अंदाज लगाया जा सकता है। खासकर तब, जब सन् 1969 तक यह एक स्वायत्त रजवाड़ा हुआ करता था और वहां नवाब शाहजहां खान की निजामत थी। नवाब अपनी रिआया को तालीम की रोशनी से दूर रखना चाहते थे, क्योंकि उन्हें पढ़-लिखकर लोगों के बागी होने का खौफ सताया करता था। यही वजह है कि पाकिस्तान में विलय के एक दशक बाद भी दीर के महज पांच प्रतिशत लड़कों और एक फीसदी लड़कियों को स्कूल का मुंह देखना नसीब हुआ था। शाद की खुशकिस्मती थी कि वह उन एक फीसदी लड़कियों में थीं। उनके पिता एक डॉक्टर थे और समाज में उनकी बड़ी इज्जत थी। वह एक लोक-कल्याणकारी संगठन 'इदारा खिदमत-ए-खल्क' भी चलाते थे।

पांच भाइयों की इकलौती बहन शाद उनके लिए ऊपर वाले की रहमत ही थीं। पिता लड़कियों की शिक्षा के हामी थे, लिहाजा भाइयों ने भी शाद के स्कूल जाने पर कभी कोई सवाल नहीं उठाया। सबकी लाड़ली शाद स्कूल का सबक पूरा करने के बाद अक्सर पिता के क्लिनिक पहुंच जाया करतीं, जहां इलाज के साथ-साथ लोगों की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं में भी पिता को गहरी दिलचस्पी लेते देखकर उन्हें काफी अच्छा लगता। नन्ही शाद खिदमत-ए-खल्क के जलसों में भी अपने वालिद के साथ जाया करतीं। वहां होने वाली तकरीरों ने उनकी शख्सियत पर गहरा असर डाला।

मगर जब शाद सोलह की हुईं, तो एक दिन अब्बा ने उनसे कहा कि अब वह सार्वजनिक जलसों में उनके साथ आना बंद कर दें। परिवार के ज्यादातर सदस्य इस फैसले से खुश थे, मगर शाद को लगा, जैसे किसी ने कैद की सजा सुना दी हो। वह बहुत दुखी हुईं। आखिर दो साल बाद पिता ने खुद ही कहा कि वह एनजीओ में महिलाओं के मसलों पर गौर किया करें। औरतें तरह-तरह की तकलीफें लेकर आतीं। किसी को पढ़ने की इजाजत नहीं मिल रही थी; किसी का पति उसे बुरी तरह पीटता था; कोई पिता बेटा न होने की सूरत में बेटियों को हिस्सा देने के बजाय पूरी जायदाद भतीजों के नाम कर देता, तो कहीं इज्जत के नाम पर बेटी के कत्ल का मसला होता।

पिता और फरियादी औरतों के बीच संवाद का पुल बनीं शाद ने खुद से सवाल करना शुरू किया कि आखिर उनकी पहचान क्या है? क्या औरत होना कोई जुर्म है? पिता समझाते कि लड़की होने में बुराई नहीं, समाज के नजरिये में समस्या है। वह औरत को इंसान का दर्जा देने को भी तैयार नहीं। शाद के दिमाग में यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो चुकी थी कि औरतों को उनके परिवार में इज्जत का मुकाम तभी हासिल होगा, जब वे मिलकर अपने हक की लड़ाई खुद लड़ेंगी। शाद ने 1994 में 'एसोसिएशन फॉर बिहेवियर ऐंड नॉलेज ट्रांसफॉर्मेशन' (एबीकेटी) नाम से एक गैर-लाभकारी संगठन शुरू किया।

शाद ने कई लड़कियों और औरतों को अपने साथ जोड़ा, मगर यह सब इतना आसान न था। मिसाल कायम करने के लिए उन्होंने 2001 के स्थानीय निकाय चुनाव में बतौर आजाद उम्मीदवार उतरने का फैसला किया। तमाम बाधाओं के बावजूद शाद जीत गईं। मगर निर्वाचित परिषद में भी महिला प्रतिनिधियों को मर्द नुमाइंदों के साथ बैठने की इजाजत नहीं थी। वे एक अलग कमरे में बैठाई जातीं और परिषद के फैसलों में उनकी कोई रजा शामिल नहीं होती।

अगले छह सालों में शाद ने औरतों की वास्तविक समस्या पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने अपने क्षेत्र में पांच चापाकल लगवाए, दो सूखे कुओं को पुनर्जीवित कराया। इससे करीब पांच हजार परिवारों की साफ पानी तक पहुंच सुनिश्चित हुई। फिर सभी महिला पार्षदों के साथ मिलकर उन्होंने कौंसिल को बाध्य किया कि उन्हें मर्दों के बराबर बैठने दिया जाए और नियमों के निर्धारण में उनकी भी राय ली जाए। इस बीच उन्होंने एमए व एमबीए की डिग्री भी हासिल की। मगर 2009 में तालिबान की जानलेवा धमकियों के मद्देनजर उन्हें अपने बच्चों को उनके दादा-दादी के पास छोड़ दीर से निकलना पड़ा। वह सदमे में थीं कि अब कैसे आगे का काम करेंगी? कई सामाजिक कार्यकर्ताओं का कत्ल हो चुका था। लाखों की संख्या में लोग स्वात, दीर व आस-पास के जिलों से पलायन कर पेशावर आ गए थे। शाद ने वहां भी ्त्ररयों की जरूरतों की तरफ प्रशासन का उपेक्षित रवैया महसूस किया।

शाद जानती थीं, सामाजिक-राजनीतिक संस्थाओं में औरतों की न्यूनतम भागीदारी के कारण ही शासन का यह रवैया है। उन्होंने अपना पूरा ध्यान राजनीतिक क्षेत्र में महिला नेतृत्व तैयार करने पर केंद्रित किया, ताकि ्त्ररयां अपने भविष्य के लिए आवाज बुलंद कर सकें। साल 2015 के स्थानीय निकाय के चुनावों के मद्देनजर उन्होंने लगभग 300 युवा महिलाओं को राजनीतिक प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया। नतीजे चमत्कारिक निकले। उनमें से पचास फीसदी ने चुनावी फतह हासिल की। ज्यादातर महिला पार्षद अपने बजट का बड़ा हिस्सा औरतों की शिक्षा और सेहत सुधारने से जुड़ी योजनाओं पर खर्च कर रही हैं। जिस दीर इलाके में साल 2015 के चुनाव में 100 से भी कम महिलाओं ने वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया था, वहां आज 93,000 से ज्यादा महिला मतदाता हैं।

# बाजारीकरण की भेंट चढ़े हमारे सामाजिक त्यौहार

**कृषि प्रधान होने के कारण प्रत्येक ऋतु-परिवर्तन हंसी-खुशी मनोरंजन के साथ अपना-अपना उपयोग रखता है। इन्हीं अवसरों पर त्यौहार का समावेश किया गया है, जो उचित है। प्रथम श्रेणी में वे व्रतोत्सव, पर्व-त्यौहार और मेले हैं, जो सांस्कृतिक हैं और जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और विचारों की रक्षा करना है। इस वर्ग में हिन्दूओं के सभी बड़े-बड़े पर्व-त्यौहार आ जाते है, जैसे- होलिका-उत्सव, दीपावली, बसन्त, श्रावणी, संक्रान्ति आदि। संस्कृति की रक्षा इनकी आत्मा है। दूसरी श्रेणी में वे पर्व-त्यौहार आते है, हिन्हें किसी महापुरूष की पुण्य स्मृति में बनाया गया है।**

**डॉ सत्यवान सौरभ**

हिंदुस्तान त्योहारों का देश है। त्यौहार हमको सामाजिक और संस्कारिक रूप से जोड़ने का काम करते हैं। हमारी सांस्कृतिक और संस्कारिक एकता ही भारत की अखंडता का मूल आधार है। व्रत-त्यौहारों के दिन हम देवताओं का स्मरण करते हैं, व्रत, दान तथा कथा श्रवण करते हैं, जिससे व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी समाज में पहुँचता है। इसमें ही भारतीय संस्कृति के बीज छिपे हैं। हमारे सामाजिक जीवन में कुछ ऐसे दिन आते हैं जिनसे मात्र एक व्यक्ति, या परिवार ही नहीं वरन पूरा समाज आनंदित और उल्लासित होता है। भारत को यदि पर्व-त्योहारों का देश कहा जाए तो उचित होगा। यहाँ भोजपुरी भाषा में एक कहावत है- सात वार नौ त्यौहार।

कृषि प्रधान होने के कारण प्रत्येक ऋतु-परिवर्तन हंसी-खुशी मनोरंजन के साथ अपना-अपना उपयोग रखता है। इन्हीं अवसरों पर त्यौहार का समावेश किया गया है, जो उचित है। प्रथम श्रेणी में वे व्रतोत्सव, पर्व-त्यौहार और मेले है, जो सांस्कृतिक हैं और जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और विचारों की रक्षा करना है। इस वर्ग में हिन्दूओं के सभी बड़े-बड़े पर्व-त्यौहार आ जाते है, जैसे-होलिका-उत्सव, दीपावली, बसन्त, श्रावणी, संक्रान्ति आदि। संस्कृति की रक्षा इनकी आत्मा है। दूसरी श्रेणी में वे पर्व-त्यौहार आते है, हिन्हें किसी महापुरूष की पुण्य स्मृति में बनाया गया है। जिस महापुरूष की स्मृति के ये सूचक है, उसके गुणों, लीलाओं, पावन चरित्र, महानताओं को स्मरण रखने के लिए इनका विधान है। इस श्रेणी में रामनवमी, कृष्णाष्टमी, भीष्म-पंचमी, हनुमान-जयंती, नाग-पंचमी आदि त्यौहार रखे जा सकते हैं।

यानि यहाँ हर दिन में एक त्यौहार अवश्य पड़ता है। अनेकता में एकता की मिसाल इसी त्यौहार पर्व के अवसर पर देखी जाती है। रोजमर्रा की भागती-दौड़ती, उलझनों से भरी हुई ऊर्जा प्रधान हो चुकी, वीरान-सी बनती जा रही ज़िन्दगी में ये त्यौहार ही व्यक्ति के लिए सुख, आनंद, हर्ष एवं उल्लास के साथ ताज़गी भरे पल लाते हैं। यह मात्र हिंदू धर्म में ही नहीं वरन् विभिन्न धर्मों, संप्रदायों पर लागू होता है। वस्तुतः ये पर्व विभिन्न जन समुदायों की सामाजिक मान्यताओं, परंपराओं और पूर्व संस्कारों पर आधारित होते हैं। सभी त्यौहारों की अपनी परंपराएँ, रीति-रिवाज होते हैं। ये त्यौहार मानव जीवन में करुणा, दया, सरलता, आतिथ्य सत्कार, पारस्परिक प्रेम, सद्भावना, परोपकार जैसे नैतिक गुणों का विकास कर मनुष्य को चारित्रिक एवं भावनात्मक बल प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति के गौरव एवं पहचान ये पर्व, त्यौहार सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अति महत्त्वपूर्ण हैं।

सामाजिक त्यौहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल के निर्माण में सहायता करने के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं। पारस्परिक कौशल में दूसरों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने और बातचीत करने की क्षमता शामिल है और आत्मविश्वास स्वयं और स्वयं की क्षमताओं में विश्वास है, जो दोनों दूसरों के साथ सकारात्मक सम्बंध बनाने के लिए आवश्यक हैं। इस लेख में, हम कुछ तरीकों पर ग़ौर करेंगे कि ये आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल को बनाने में कैसे मदद करते हैं। सामाजिक त्यौहार विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के संपर्क में लाते हैं, जो उनके क्षितिज को व्यापक बना सकते हैं और उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ विकसित करने में मदद कर सकते हैं। नए दोस्त और संपर्क बना सकते हैं, जो समुदाय से अधिक जुड़ाव महसूस करने और अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद कर सकते हैं। ये आयोजन इसे विकसित करने का एक शानदार तरीक़ा है क्योंकि वे बहुत सारे लोगों को एक साथ लाते हैं और इस तरह एकता और भाईचारे की भावना पैदा करते हैं। ये जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के प्रति अधिक स्वीकार्य, सहिष्णु और समावेशी होना सिखाते हैं।

बाजारीकरण ने सारी व्यवस्थाएँ बदल कर रख दी है। हमारे उत्सव-त्योहार भी इससे अछूते नहीं रहे। शायद इसीलिए प्रमुख त्यौहार अपनी रंगत खोते जा रहे हैं और लगता है कि हम त्यौहार सिर्फ औपचारिकताएँ निभाने के लिए मनाये जाते हैं। किसी के पास फुरसत ही नहीं है कि इन प्रमुख त्योहारों के दिन लोगों के दुख दर्द पूछ सकें। सब धन कमाने की होड़ में लगे हैं। गंदी हो चली राजनीति ने भी त्योहारों का मज़ा किरकिरा कर दिया है। हम सैकड़ों साल गुलाम रहे। लेकिन हमारे बुजुर्गों ने इन त्योहारों की रंगत कभी फीकी नहीं पड़ने दी। आज इस अर्थ युग में सब कुछ बदल गया है। कहते थे कि त्यौहार के दिन न कोई छोटा और न कोई बड़ा। सब बराबर। लेकिन अब रंग प्रदर्शन भर रह गये हैं और मिलन मात्र औपचारिकता। हम त्यौहार के दिन भी हम अपनो से, समाज से पूरी तरह नहीं जुड़ पाते। जिससे मिठाइयों का स्वाद कसैला हो गया है। बात तो हम पूरी धरा का अँधेरा दूर करने की करते हैं, लेकिन खुद के भीतर व्याप्त अंधेरे तक को दूर नहीं कर पाते। त्योहारों पर हमारे द्वारा की जाने वाली इस रस्म अदायगी शायद यही इशारा करती है कि हमारी पुरानी पीढ़ियों के साथ हमारे त्यौहार भी विदा हो गये। हमारे पर्व त्यौहार हमारी संवेदनाओं और परंपराओं का जीवंत रूप हैं जिन्हें मनाना या यूँ कहें की बार-बार मनाना, हर साल मनाना हर समाज बंधु को अच्छा लगता है। इन मान्यताओं, परंपराओं और विचारों में हमारी सभ्यता और संस्कृति के अनगिनत सरोकार छुपे हैं। जीवन के अनोखे रंग समेटे हमारे जीवन में रंग भरने वाली हमारी उत्सवधर्मिता की सोच मन में उमंग और उत्साह के नये प्रवाह को जन्म देती है। हमारा मन और जीवन दोनों ही उत्सवधर्मी है। हमारी उत्सवधर्मिता परिवार और समाज को एक सूत्र में बाँधती है। संगठित होकर जीना सिखाती है। सहभागिता और आपसी समन्वय की सौगात देती है। हमारे त्योहार, जो हम सबके जीवन को रंगों से सजाते हैं, सामाजिक त्यौहार एक अनूठा मंच प्रदान करते हैं इनमे साथियों के साथ सहयोग करने, मिलने और सामूहीकरण करना, अपनी प्रतिभा दिखाने और विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के बारे में सिखाने और सीखने की क्षमता होती है। ये कौशल हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं और अक्सर हमारे जीवन के लगभग सभी पहलुओं के मूल में होते हैं। इसलिए, वर्तमान समय में इनकी प्रासंगिकता का जहाँ तक प्रश्न है, व्रत-त्यौहारों के दिन हम उक्त देवता को याद करते हैं, व्रत, दान तथा कथा श्रवण करते हैं जिससे व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी दिखाई पड़ता है। इसमें भारतीय संस्कृति के बीज छिपे हैं। पर्व त्योहारों का भारतीय संस्कृति के विकास में अप्रतिम योगदान है। भारतीय संस्कृति में व्रत, पर्व-त्यौहार उत्सव, मेले आदि अपना विशेष महत्त्व रखते हैं।

# कीटनाशकों के उपयोग से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें

> कीटनाशकों के चयन में यह ध्यान रखना चाहिए कि दवा कीट विशेष के लिए प्रभावकारी होना चाहिए परन्तु जानवरों, मनुष्यों, परागण में मदद करने वाले कीटों, मधुमक्खियों एवं लाभदायक कीटों के लिए सुरक्षित होना चाहिए। दवाओं की कीमत कृषकों की क्रय क्षमता के अंदर हो, बाजार में आसानी से उपलब्ध हो, तथा इसका प्रयोग का तरीका आसान हो।



इनके उपयोग के पश्चात् अधिक दिनों तक विषैला प्रभाव पौधों पर नहीं रहना चाहिए इन्हें पौधों के अन्दर जाकर किसी ऐसे अवशेष में नहीं बदलना चाहिए जो मनुष्यों एवं जानवरों के लिए हानिकारक हो, कीट के लिए इनका विषैला प्रभाव अधिक दिनों तक बना रहना चाहिए, इन्हें कंद, फलियों, फलों एवं खाने योग्य भागों में जमा नहीं होना चाहिए। कीटनाशकों को अन्य कृषि रसायनों जैसे कवकनाश, खरपतवारनाशक व उर्वरक आदि के साथ मिलाकर प्रयोग किया जा सके।

## क्रय करते समय सावधानियां

1. कीटनाशक रसायन हमेशा विश्वसनीय कम्पनी का विश्वस्त विक्रेता से ही लेना चाहिए। रसायन को खरीदते समय उसकी रसीद अवश्य लें एवं उसके उपयोग की अंतिम तिथि देख लें।
2. कीटनाशक रसायन वास्तविक पैकेट में ही क्रय करें।
3. कीटनाशकों के साथ दिए पत्रक या टिन पर दिए निर्देशों को पढ़कर ध्यान में रखें।
4. कीटनाशक रसायन के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर दवा विक्रेता, दवा कंपनी, कृषि विभाग व उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत प्रमाण सहित की जा सकती है।

## घर /संग्रहण में

1. कीटनाशक रसायनों को यथासंभव ठंडे व शुष्क स्थान में रखना चाहिए। कीटनाशकों को हमेशा बच्चों एवं पालतू पशुओं की पहुंच से दूर यथा संभव ताले में रखना चाहिए। इन्हें खाद्य सामग्री के साथ न रखें।
2. कीटनाशक, मूल डिब्बे से अलग अन्य किसी बिना लेबिल वाले डिब्बे, शीशी या पेपर की थैली आदि में न रखें।
3. उपयोग के लिए कीटनाशक निकालते समय बन्द स्थान का प्रयोग करें। चूर्ण आदि की थैली खोलते समय सावधानी रखें जिससे चूर्ण उड़ने न पाए।



## दवा प्रयोग करते समय (खेत में)

1. दवाओं का प्रयोग फसल की अवस्था के अनुसार करना चाहिए। फसल छोटी हो तो उनकी कम मात्रा प्रयोग में लानी चाहिए अन्यथा फसल झुलस सकती है।
2. फसल एवं कीट के अनुसार सुझायी दवाएं अनुशंसित मात्रा में ही उपयोग करें। कीट द्वारा क्षति की सीमा आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं है तो कीटनाशक दवा का प्रयोग न करें।
3. कीटनाशक दवा का विलयन लकड़ी की सहायता से अच्छी तरह मिलाकर तैयार करें। हाथ से मिलाना हानिकारक हो सकता है। कीटनाशक रसायन को छिड़काव यंत्र में सीधा डालकर घोल बनाने के कारण भी कई बार घोल समान रूप से नहीं बन पाता व उसकी प्रभावशीलता में अंतर आ जाता है।
4. स्वस्थ एवं कुशल व्यक्तियों को ही कीटनाशकों का छिड़काव या भुरकाव करना चाहिए। जिन व्यक्तियों को चोट या घाव हो या चर्म रोग हो उन्हें यह कार्य नहीं करना चाहिए। कीटनाशक रसायनों का प्रयोग करते समय दस्ताने एवं चश्मा या मास्क का उपयोग करें।

कीटनाशक या छिड़काव करने वाले व्यक्ति को समय-समय पर अपने खून कोलीन एस्टरेज की जांच कराना चाहिए। यदि खून में कोलीन एस्टरेज सामान्य से कम हो तो उस व्यक्ति को छिड़काव नहीं करना चाहिए।

5. त्रुटिरहित पौध संरक्षण यंत्रों का ही प्रयोग करना चाहिए। यंत्र में लीकेज नहीं होना चाहिए। जहां छिड़काव करना हो वहां पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।
6. छिड़काव या भुरकाव यंत्र को घोल या चूर्ण से पूरी तरह कभी न भरें।
7. यदि छिड़काव करते समय नोजल में कचरा आ जाने से फुहार बंद हो जाए तो उसे मुंह से फूंक मार कर साफ नहीं करना चाहिए। इसे पानी या पतले तार से साफ करना चाहिए।
8. कीटनाशक दवा शरीर के किसी भाग पर गिरने न दे। इनके प्रयोग के समय तंबाकू, सुपारी, धूम्रपान या अन्य खाद्य सामग्री का सेवन न करें।
9. एक दिन में जितनी दवा का उपयोग हो सकता हो उतना घोल तैयार करें, उससे अधिक नहीं।
10. छिड़काव या भुरकाव करते समय सिरदर्द होने, चक्कर या मितली आने पर कार्य बंद कर देना चाहिए एवं प्राथमिक उपचार के साधन तैयार रखना चाहिए।
11. दवा के उपयोग की तारीख लिखकर रखना चाहिए। दवा के प्रयोग की अंतिम तिथि निकलने के पश्चात् उसका उपयोग न करें।

## कीटनाशकों का विषाक्तता स्तर कैसे जाने

कीटनाशकों के डिब्बों, शीशियों या लेबिल पर बने तिकोन के रंग के आधार पर उनकी विषाक्तता का अनुमान लगाया जा सकता है। अत: जो कीटनाशक जिस स्तर का है उसे उतनी ही सतर्कता के साथ प्रयोग करें। कीट विषों का विषाक्तता के आधार पर निम्नानुसार वर्गीकरण किया जाता है।

| कीटनाशकों की विषाक्तता का स्तर | डिब्बे, शीशी, लेबिल अथवा थैली पर बने तिकोन का रंग |
|---|---|
| अत्यधिक विषैला | गहरा लाल |
| अधिक विषैला | गहरा पीला |
| मध्यम विषैला | गहरा नीला |
| कम विषैला | गहरा हरा |

# धनिया की उन्नत खेती

> **भूमि-** अच्छे जल निकास वाली रेतीली दुमट या कटियार दुमट भूमि जिसकी उत्तम उर्वराशक्ति हो उपयुक्त रहती है। क्षारीय एवं अम्लीय भूमि में उपज अच्छी प्राप्त नहीं होती। असिंचित क्षेत्रों के लिये भारी किस्म की भूमि जिसमें जल धारण क्षमता अच्छी हो, अधिक उपयुक्त होती है। सिंचित अवस्था में सभी प्रकार की भूमि जिसमें पर्याप्त जैविक अंश मौजूद हो धनिया की खेती की जा सकती है।



## उन्नत किस्में

गुजरात धनिया , गुजरात धनिया 2, को.1 को.2, को. 3, आर.सी.आर.41, आर.सी.आर.20, पूसा चयन 360, स्वाति, लाम चयन सी.एस. 2, साधना, राजेन्द्र स्वाति, सी.एस. 287, ग्वालियर नं.5365, सिन्दू, आर.सी.आर.435, आर.सी.आर. 436, आर.सी.आर.446।

## खाद एवं उर्वरक

धनिया की अच्छी फ्सल के लिये 20 से 25 टन गोबर या कम्पोस्ट की खाद प्रति हेक्टेयर की दर से प्रथम जुताई के पूर्व खेत में बिखेर दें। इसके अतिरिक्त नत्रजन 60 कि.ग्रा. स्फुर 40 कि.ग्रा. एवं पोटाश 20 कि.ग्रा. प्रति हे. की अनुशंसा की गई।

## बीज की मात्रा

बीज की मात्रा बुवाई विधि पर निर्भर करती है। छिटकवाँ विधि से बुवाई के लिये 22 से 25 कि.ग्रा. एवं पंक्तियों में बुवाई के लिये 12 से 15 किग्रा प्रति हे. बीज की आवश्यकता होती है।

## खेत की तैयारी

असिंचित खेती के लिये भूमि में सिंचित वर्षा की नमी जब उचित स्तर पर आ जाए खेत की तैयारी शुरू कर दें। पहली गहरी जुताई के पश्चात 2 से 3 जुताई देशी हल या हेरो से करके मिटटी को भुरभुरा बना लें। जुताई के बाद पाटा अवश्य लगायें ताकि ढेले अच्छी तरह से फूट जायें। सिंचित फ्सल के लिये भूमि में अगर नमीं का अभाव हो तो पलेवा देकर खेत की तैयारी करें। हल्की मिटटी में कम एवं भारी मिटटी में अधिक जुताई की आवश्यकता होती है। ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करना लाभप्रद होता है।

## खाद एवं उर्वरक देने की विधि

असिंचित क्षेत्रों में गोबर एवं कम्पोस्ट खाद की पूरी मात्रा खेत की पहली जुताई के समय समान रूप से फैलाकर मिटटी में मिलाएं एवं नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा खेत की अंतिम जुताई के समय मिट्टी में मिला दें। सिंचित क्षेत्रों मे खेत की अंतिम जुताई के समय नत्रजन की आधी मात्रा के साथ स्फुर एवं पोटाश की मात्रा खेत में समान रूप से छिटककर आधार खाद के रूप में दे। नत्रजन की शेष मात्रा को दो बराबर मात्रा में बाँट के 30 से 40 दिन बाद खेत में अतिरिक्त पौधों को निकालने के पश्चात खडी फसल में बिखेर दें।



## बुवाई का समय

धनिया मुख्यत: रबी की फ्सल है। अधिकांश क्षेत्रों में वर्षाधारित खेती की जाती है। इसलिये इसे शुद्ध या मिश्रित फ्सल के रूप मे उगाया जाता है। बुवाई के लिये सर्वोतम समय अक्टूबर से लेकर नवम्बर का द्वितीय सप्ताह होता है, क्योंकि इस समय ठंड अधिक नहीं पड़ती है। उत्तरी भारत में धनिये की बोआई का उपयुक्त समय 15 अक्टूबर से15 नवम्बर है।

## बीजोपचार

मृदा एवं बीज जनित फफूंदी रोगों से बचाव हेतु धनिया के दानों को दो भागों में विभक्त करने के पश्चात थायरम् . कार्बेन्डाजिम के 3 ग्राम सम मिश्रण या ट्राइकोडरमा विरडी या ट्राइकोडरमा हार्जीनिया 4 ग्राम प्रति किलो की दर से उपचारित कर बुवाई करें।

## बुवाई का तरीका

सामान्य तौर पर धनिया की बुवाई दो विधियों से की जाती है।

## छिटकवा विधि

इस विधि में कम समय में अधिक क्षेत्र की बुवाई सुगमता एवं शीघ्रता से की जा सकती है। इस विधि मे अधिक बीज की आवश्यकता होती है। साथ ही बीजों का वितरण समान रूप से नहीं होता है। परिणामस्वरूप अंत: शस्य क्रियायें पूर्णरूपेण नहीं हो पाती जिससे उपज कम मिलती है।

## कतारों मे बुवाई

धनिया की बुवाई पंक्तियों में करना अधिक लाभप्रद होता है। बुवाई के लिये कतार से कतार की दूरी 25 से 30 से.मी. एवं पौधे से पौधे की दूरी 10 से 12 से.मी. रखनी चाहिए। कूड़ में बीज की गहराई 3 से 5 से.मी. तक होनी चाहिए। बीज अधिक को अधिक गहराई पर बोने से अंकुरण कम प्राप्त होता है।

## सिंचाई एवं जल निकास

फ्सल के अंकुरण के बाद पहली सिंचाई एवं दूसरी सिंचाई फूल आने के समय एवं तीसरी सिंचाई दाने के बनते समय करनी चाहिए। सामान्यत: धनिया की फसल को अधिक सिंचाई की आवश्यकता नहीं होता है। मौसम एवं मिट्टी की दिशा को देखकर सिंचाई आवश्यकतानुसार करें। खेत में पानी का भराव न होने दें अन्यथा फसल के मरने की आशंका रहती है। यदि खेत में पानी भर जाय तो उसे तुरन्त निकालने की व्यवस्था करनी चाहिये।

## निराई - गुडाई एवं खरपतवार नियंत्रण

धनिया की फ्सल के साथ कई खरपतवार भी उग आते हैं जो भूमि से नमी, पोषक तत्वों स्थान धूप आदि के लिये प्रतिस्पर्धा करते है जिसके कारण पौधों के विकास एवं बढ़वार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। खरपतवार नियंत्रण के लिये दो बार निंदाई–गुड़ाई करनी चाहिये। बुवाई के 30 से 45 दिन बाद एवं दूसरी पहली निराई गुड़ाई के 60 से 70 दिन बाद करें। पहली के समय अतिरिक्त अनावश्यक पौधों को निकालकर पौधों से पौधों की दूरी 10 से 12 से.मी. कर लें। यदि फ्सल बड़े क्षेत्र मे उगाई गई है तो अंकुरण के पूर्व पेन्डामिथालिन 1.0 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व का प्रति हेक्टेयर की दर से नमीं की अवस्था में छिड़काव करें। इसके बाद बुवाई के 40 से 50 दिन बाद निराई – गुड़ाई करनी चाहिये।

## कटाई एवं गहाई

फ्सल 90 से 100 दिन में पककर तैयार हो जाती है। जब फूल आना बंद हो जाये और बीजों के गुच्छों का रंग भूरा हो जाये तब फ्सल कटाई के लिये तैयार मानी जाती है। कटाई के बाद फ्सल को खलिहान में छाया में सुखाना चाहिये।

## उपज

सिंचित क्षेत्रों में औसत उपज 12 से 18 क्विंटल एवं असिंचित क्षेत्रों 6 से 8 क्विंटल प्रति हेक्टयर प्राप्त होती है।

## भंडारण

दानों को सुखाने के पश्चात बोरियों में या कोठियों में भरकर नमीं रहित स्थानों में भंडारित करना चाहिये।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में सुरक्षा चौकी पर घातक हमले में सैनिकों सहित 7 लोगों की मौत, 10 घायल

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को एक सुरक्षा चौकी पर हुए जानलेवा हमले में सुरक्षाकर्मियों समेत कम से कम सात लोगों के मारे जाने और 10 अन्य के घायल होने की आशंका है। हमले के विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है। 'जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार बलूचिस्तान के कलात जिले में हुए हमले में सात लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हालांकि, न तो प्रांतीय सरकार और न ही किसी वरिष्ठ अधिकारी ने इस बारे में कोई बयान दिया है। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और संघीय गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने हमले की निंदा करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। हाल के दिनों में बलूचिस्तान में प्रतिबंधित अलगाववादी समूहों के हमले बढ़ गए हैं। पिछले सप्ताह प्रांत के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आत्मघाती हमले में कम से कम 27 लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे।

### आईएईए चीफ ने किया ईरान की न्यूक्लियर साइट्स का दौरा

**तेहरान, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने पहली बार नतांज और फोर्डो में दो ईरानी परमाणु स्थलों का दौरा किया। सिन्हुआ ने शुक्रवार को अर्ध-सरकारी फार्स समाचार एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी। यात्रा के दौरान ग्रॉसी के साथ आईएईए के उप महानिदेशक और आईएईए के सुरक्षा विभाग के प्रमुख मास्सिमो अपारो, ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के प्रवक्ता बेहरोज कमालवंडी और कानूनी एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के लिए ईरानी उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी भी थे। गुरुवार को, ग्रॉसी ने ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अरागची के साथ अपनी बैठक के बाद मीडिया से कहा कि दोनों परमाणु साइट्स का दौरा, ईरान की उनकी यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इससे मुझे ईरान के परमाणु कार्यक्रम के विकास की पूरी तस्वीर समझने में मदद मिलेगी। गुरुवार को, ग्रॉसी ने देश की परमाणु गतिविधियों पर ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और एईओआई के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लामी से भी मुलाकात की। बता दें कि ग्रॉसी की ईरान यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब तेहरान और आईएईए के बीच कई लंबित मुद्दे अभी भी सुलझ नहीं पाए हैं। इसमें एजेंसी का यह दावा भी शामिल है कि उसे कई अघोषित ईरानी स्थलों पर यूरेनियम के अवशेष मिले हैं, जिसे तेहरान ने बार-बार खारिज किया है।

### कांगो में चरमपंथी विद्रोहियों के हमले में 13 लोगों की मौत

**किंशासा, एजेंसी।** आईएस से संबंध रखने वाले एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज के विद्रोहियों ने उत्तर किवु प्रांत के माबिसियो गांव में नागरिकों की हत्या की। क्षेत्र के प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने सरकारी टेलीविजन पर यह जानकारी दी। इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से जुड़े चरमपंथी विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 13 लोगों की हत्या कर दी और कुछ अन्य को अगवा कर लिया। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईएस से संबंध रखने वाले एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज के विद्रोहियों ने उत्तर किवु प्रांत के माबिसियो गांव में नागरिकों की हत्या की। क्षेत्र के प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने सरकारी टेलीविजन पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर शाम हुए हमले में मरने वालों में महिलाएं भी शामिल थीं। हमलों के दौरान घरों को जला दिया गया तथा लूटपाट की गई।

### चीन : वूशी कॉलेज में चाकूबाजी, 8 की मौत, 17 घायल

**वूशी, एजेंसी।** चीन के वूशी शहर में एक दर्दनाक घटना में, यीशिंग आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स वोकेशनल एंड ट्रेनिंग कॉलेज में 21 वर्षीय छात्र ने चाकू से हमला कर 8 लोगों की जान ले ली, जबकि 17 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे घटी। संदिग्ध हमलावर, जिसका सरनेम शू बताया जा रहा है, कॉलेज का ही पूर्व छात्र था।

# युद्ध में बंदी बनाए गए लोगों का इंतजार कर रहे अपने, परिवारों ने बाइडन-ट्रंप से लगाई वापसी की गुहार

**तेल अवीव एजेंसी।**
पिछले दो हफ्तों में गाजा में संघर्ष विराम के लिए बातचीत को लेकर राजनीतिक परिदृश्य में नाटकीय परिवर्तन आया है। अमेरिकी चुनाव, इजरायली रक्षा मंत्री की बर्खास्तगी, कतर द्वारा मध्यस्थता को निलंबित करने का निर्णय और लेबनान में चल रहे युद्ध ने गाजा में संघर्ष विराम की संभावना को और दूर धकेल दिया है। हालांकि, बंदी बनाए गए बंधकों में से कुछ परिवारों को उम्मीद है कि ये बदलाव उनके प्रियजनों की घर वापसी की गति फिर से बढ़ाएंगे।

इजरायली-अमेरिकी बंधकों के परिवार से जुड़े लोगों ने जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप से मिलकर गुहार लगाई है। बंधक बनाए गए अलेक्जेंडर के माता-पिता वाशिंगटन में ट्रंप और जो बाइडन से मुलाकात की और एक ही समझौते के तहत सभी बंधकों को घर लाने के लिए मिलकर काम करने का अनुरोध




किया। एक अन्य महिला बेन बारूच ने कहा कि ट्रंप क्षेत्र में शांति चाहते हैं। बाइडन ने हमेशा कहा है कि वह बंधकों को रिहा कराना चाहते हैं, इसलिए मिलकर काम करें। वहीं, संयुक्त राष्ट्र विशेष समिति की एक नई रिपोर्ट में गाजा में इजरायल के आचरण को नरसंहार बताया गया है। समिति ने इजरायल पर जानबूझकर मौत, भुखमरी और गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया है। इराक में शिया मिलिशिया समूह ने शनिवार को इजरायल में कई स्थानों पर ड्रोन से हमला बोला। दक्षिणी इजरायल में दो महत्वपूर्ण स्थानों को निशाना बनाकर चार ड्रोन से हमला बोला गया। इनके निशान पर सैन्य ठिकाने थे। किसी नुकसान की सूचना नहीं दी गई है।

दक्षिणी लेबनान में पांच किमी अंदर तक पहुंची गई थी इजरायली सेनालेबनान पर आक्रमण के बाद से इजरायली थल सेना सीमा से काफी आगे बढ़ गई थी। लेबनान के सरकारी मीडिया के अनुसार शनिवार को हिजबुल्ला के साथ लड़ाई के बाद इजरायली सेनाएं वापस लौट गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सैनिकों ने इजरायली सीमा से लगभग पांच किमी दूर दक्षिणी लेबनान के चामा गांव में एक रणनीतिक पहाड़ी पर कुछ समय के लिए कब्जा कर लिया। एजेंसी ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने चामा में शिमोन पैगंबर की दरगाह के साथ-साथ कई घरों को उड़ा दिया, लेकिन इस दावे की तुरंत पुष्टि नहीं हो सकी। इस बीच, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शनिवार तड़के दक्षिण लेबनान के गांवों पर इजरायली हमलों में दो स्वास्थ्यकर्मी मारे गए, जबकि बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर लगातार पांचवें दिन बमबारी की गई। यह हमला तब हुआ है जब लेबनानी अधिकारी अमेरिका द्वारा प्रस्तुत युद्धविराम प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहे हैं।

## पाकिस्तान में सास और ननद ने मिलकर बहू का घोंटा गला; 25 टुकड़ों में काटा शव

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में 7 महीने की गर्भवती महिला को 25 टुकड़ों में काटकर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने इस हत्याकांड में उसके ससुराल वालों पर आरोप लगाए हैं, जो पाकिस्तान के पंजाब में दस्का के कोटली मरलान गांव के रहने वाले हैं। पीड़िता की पहचान जेहरा कादिर के तौर पर हुई। उसके पिता शब्बीर अहमद ने कहा कि 4 संदिग्धों ने उनकी बेटी का मर्डर करने की बात स्वीकार की है। वे सभी पुलिस की हिरासत में हैं।

पीड़ित पिता खुद एक पुलिस इंस्पेक्टर हैं। उन्होंने बताया, तकिए से दबाकर मेरी बेटी का गला घोंटा गया। इसके बाद उसके शरीर को तेज धार वाले चाकू और मांस काटने वाली मशीन से 25 टुकड़ों में काट दिया गया। इंस्पेक्टर शब्बीर अहमद ने बताया कि शव के हिस्सों को अलग-अलग बैग में पैक किया गया। उसे सीवरेज नालों में फेंक दिया गया। वह 7 महीने की गर्भवती महिला थी। मेरी बेटी जहरा कादिर की हत्या में उसकी सास और ननद भी शामिल हैं। मृतका का पति भी संदिग्धों की सूची में शामिल है। पुलिस अधिकारी ने बताया, पीड़िता की सास सुघरा बीबी ने अपनी बेटी यासमीन के साथ मिलकर जहरा उसकी हत्या की। इसके बाद शव के कई टुकड़े किए गए। उन्हें बैग में भरा और नाले में फेंक दिया गया। पीड़िता की सास ने इस मामले में बचने के लिए कहा कि जहरा किसी के साथ भाग गई है। मालूम हो कि जहरा गुरजनवाला के गांव कोट मंड की रहने वाली थी। साल 2020 में कोटली मरलान के निवासी कादिर से उसकी शादी हुई थी। पुलिस का कहना है कि कादिर की तलाश की जा रही है।

## लेबनान पर इजरायली हवाई हमले में 11 की मौत, 11 घायल



**बेरूत, एजेंसी।**
दक्षिण और पूर्वी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। शनिवार को आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार, पूर्वी बालबेक-हर्मेल गवर्नमेंट के खीबेह गांव में एक घर पर इजरायली हमले में एक ही परिवार के छह लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। इसके अलावा, नाबातिया नगरपालिका के गोदाम पर हुए हमले में पांच कर्मचारियों की मौत हो गई। सैन्य सूत्रों के अनुसार, शनिवार को इजरायली युद्धक विमानों और ड्रोन ने दक्षिण और पूर्वी लेबनान के गांवों और कस्बों पर लगभग 90 हमले किए। इसके अलावा, 16 गांवों पर लगभग 75 गोले दागे गए।

इसके अलावा रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमलों में तीन पैरामेडिक्स की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार हिजबुल्लाह ने शनिवार को एक बयान में बताया कि उन्होंने दक्षिणी लेबनान के चामा गांव में एक इजरायली टैंक को मिसाइल से निशाना बनाया, जिससे उसमें सवार सैनिक हताहत हुए।

## सूडान में हालात बेहद गंभीर, जारी हिंसा से गहरा सकता है मानवीय संकट- संयुक्त राष्ट्र

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।**
संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्मियों ने चेतावनी दी है कि सूडान में बढ़ती हिंसा के कारण हजारों लोग खतरे में हैं। यह हिंसा मानवीय संकट को और गंभीर बना रही है। इंटरनेशनल माइग्रेशन ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, एक महीने से भी कम समय में, सूडान की राजधानी खार्तूम के दक्षिण में अज जजीरा राज्य में 3,43,000 से अधिक सूडान के नागरिक विस्थापित हो गए हैं। ये नागरिक लगातार बढ़ रही लड़ाई और असुरक्षा के बीच मौजूद हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार उनमें से अधिकांश पड़ोसी राज्यों गेदारेफ और कसाला में भाग गए हैं, जहां संयुक्त राष्ट्र और उनसे साझेदार, मेजबान लोगों के साथ मिलकर भोजन, शेल्टर, हेल्थ केयर, मनोवैज्ञानिक सेवाएं, पानी और स्वच्छता समेत इमरजेंसी सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं।

मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि अज जजीरा में हथियारों के साथ हो रही हिंसा करीब 10,000 लोगों के जीवन को खतरे में डाल रही है। कार्यालय द्वारा पिछले सप्ताह किए गए



एक आकलन में पाया गया कि गेदारेफ और कसाला में आने वाले विस्थापित सूडान के नागरिक कई दिनों तक पैदल चले थे। अब वे खुले में शरण ले रहे हैं, जिनमें बच्चे, महिलाएं, बूढ़े और बीमार व्यक्ति शामिल हैं। ओसीएचए ने कहा कि अज जजीरा में लड़ाई से भागे नागरिकों को तुरंत टेंट, प्लास्टिक शीट, हीटर, गद्दे, दवाइयां और भोजन की जरुरत है। विस्थापन की वजह से गेदारेफ में हैजा के मामलों में भी बढ़ोतरी देखी गई है। इस महीने की शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के एक्सटर्नल रिलेशन के डायरेक्टर डोमिनिक हाइड ने कहा, दर्द, क्रूर अत्याचार और व्यापक मानवाधिकार उल्लंघन को डेढ़ साल से अधिक समय हो गया है। हर दिन, हर मिनट, दुनिया के ध्यान से दूर युद्ध और हिंसा से हजारों लोगों की जान चली जाती है। संयुक्त राष्ट्र के कार्यकर्ताओं ने नागरिकों की सुरक्षा की अपनीअपील दोहराई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानवीय कानून के तहत, नागरिकों को जीवित रहने के लिए आवश्यक सहायता को उन तक पहुंचना चाहिए।

## कनाडा: 55, 000 डाक कर्मचारी हड़ताल पर, पोस्टल सेवाएं प्रभावित

**ओटावा , एजेंसी।**
कनाडा पोस्ट ने कहा कि राष्ट्रीय हड़ताल के दौरान उसका कामकाज बंद रहेगा। इससे लाखों कनाडाई नागरिक और देशभर के बिजनेस प्रभावित होंगे। कैनेडियन यूनियन ऑफ पोस्टल वर्कर्स (सीयूपीडब्ल्यू) के प्रतिनिधित्व वाले लगभग 55,000 डाक कर्मचारी शुक्रवार को मध्य रात्रि के बाद देशव्यापी हड़ताल पर चले गए। कनाडा पोस्ट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय हड़ताल के दौरान मेल और पार्सल वितरित नहीं किए जाएंगे और कुछ डाकघर बंद रहेंगे। बयान में कहा गया कि डाक नेटवर्क में पहले से मौजूद वस्तुओं के लिए सर्विस गारंटी प्रभावित होगी और राष्ट्रीय व्यवधान समाप्त होने तक कोई भी नई वस्तु स्वीकार नहीं की जाएगी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा पोस्ट ने अपने एक बयान में कहा कि परिचालन फिर से शुरू होने पर वस्तुओं को जल्दी से जल्दी लोगों तक पहुंचाया जाएगा। डाक नेटवर्क में सभी मेल और पार्सल को सुरक्षित किया जाएगा और परिचालन फिर से शुरू होने पर जल्दी ही लोगों तक पहुंचा दिया जाएगा।

बता दें कि देश भर में अपनी सुविधाएं बंद करने से कनाडा पोस्ट का पूरा राष्ट्रीय नेटवर्क



प्रभावित होगा। कंपनी ने कहा कि प्रोसेसिंग और डिलीवरी को पूरी तरह से सामान्य होने में कुछ समय लग सकता है। इसे कैनेडियन यूनियन ऑफ पोस्टल वर्कर्स (सीयूपीडब्ल्यू) ने कहा कि एक वर्ष तक बातचीत के बाद भी कोई प्रगति नहीं होने पर डाक कर्मचारियों ने हड़ताल करने का कठिन निर्णय लिया। सीयूपीडब्ल्यू ने कहा कि कनाडा पोस्ट के पास इस हड़ताल को रोकने का अवसर था, लेकिन उसने डाक कर्मचारियों द्वारा रोज सामना किए जाने वाले मुद्दों के वास्तविक समाधान पर बातचीत करने से इनकार कर दिया।

सीयूपीडब्ल्यू ने कहा, हड़ताल अंतिम उपाय है। सीयूपीडब्ल्यू की उचित वेतन, सुरक्षित कार्य स्थितियां, सम्मान के साथ सेवानिवृत्त होने का अधिकार, तथा सार्वजनिक डाकघर में सेवाओं का विस्तार जैसी मांगो को लेकर हड़ताल कर रही है। सीयूपीडब्ल्यू ने कहा कि बातचीत के जरिए सामूहिक समझौते किए जा सकते हैं।

## ट्रंप के आते ही बदले चीन के सुर ! जिनपिंग ने बाइडेन से की आखिरी मुलाकात, चेहरे पर साफ दिखी टेंशन



**बीजिंग, एजेंसी।** अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के साथ ही चीन के सुर भी बदलने लगे हैं। बाइडेन प्रशासन में हेकड़ी दिखा रहे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही नरमी पर उतर आए हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से शनिवार को आखिरी मुलाकात की और कहा कि ''वह अमेरिका के नए प्रशासन के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। इस दौरान उनके चेहरे पर टेंशन साफ दिखाई दी। एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर दोनों देशों के राष्ट्रपतियों ने मुलाकात की। चिनफिंग ने बैठक के दौरान कहा, ''चीन और अमेरिका के संबंध न केवल दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह मानवता और भविष्य के लिए भी अहम हैं। उन्होंने कहा, ''सोच-समझ कर चयन करें। दो प्रमुख देशों के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए सही रास्ता तलाशें। जिनपिंग ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप का नाम लिए बिना चुनाव प्रचार के दौरान आयात के संबंध में दिए गए उनके बयान पर चिंता जाहिर की और कहा कि इससे दोनों देशों के संबंधों पर असर पड़ सकता है।

चीनी राष्ट्रपति ने कहा, '' चीन, अमेरिका के नए प्रशासन के साथ सहयोग बढ़ाने और मतभेदों को दूर कर काम करने के लिए तैयार है जिससे दोनों देशों के लोगों को इसका लाभ मिल सके। जो बाइडेन ने भी अमेरिका-चीन संबंधों पर विस्तार से बातचीत की। बाइडन ने कहा, ''हम हमेशा एक-दूसरे से सहमत नहीं होते, लेकिन हमारी बातचीत हमेशा स्पष्ट रही है। बाइडेन ने कहा, ''हम दोनों के बीच हुई यह बैठक उन सभी गलत अनुमानों पर रोक लगाती है और यह सुनिश्चित करती है कि दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा संघर्ष में नहीं बदलेगी।

## ट्रंप की नई टीम में क्रिस राइट को चुना गया ऊर्जा मंत्री

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'लिबर्टी एनर्जी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस राइट को ऊर्जा मंत्री नामित किया है। डेनवर स्थित 'लिबर्टी एनर्जी ऊर्जा क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी है।



राइट जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों पर अपनी बातों को हमेशा से मुखरता से रखते आए हैं और वह जीवाश्म ईंधन को बढ़ावा दे सकता है, जिसमें बाइडन प्रशासन की ओर से प्राकृतिक गैस निर्यात की मंजूरी पर एक साल की रोक को समाप्त करने के लिए त्वरित कार्रवाई भी शामिल है। राइट को ऊर्जा मंत्रालय का प्रमुख बनाने के निर्णय का तेल एवं गैस टाइकून हेरोल्ड हैम ने भी समर्थन किया है। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद जॉन बैरासो ने क्रिस के अनुमोदन को उचित करार दिया है। बैरासो को ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है।

## मैं तुमसे नहीं डरती... ब्राजील की फर्स्ट लेडी ने मस्क को कहे अपशब्द; टेस्ला के मालिक ने भी दिया जवाब

**टोरंटो एजेंसी।**
ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा की पत्नी जान्जा लूला डी सिल्वा ने टेस्ला के मालिक एलॉन मस्क पर विवादित टिप्पणी की है। ब्राजील की फर्स्ट लेडी ने शनिवार को जी20 के एक कार्यक्रम में एलॉन मस्क के खिलाफ अपशब्द कह दिए।

जान्जा सोशल मीडिया को नियंत्रित करने की जरूरत पर बात कर रही थी, ताकि फेक न्यूज ने फैले। इसी दौरान उन्होने एलन मस्क का जिक्र करते हुए उन्हें अपशब्द कहा।

जान्जा लूला डी सिल्वा ने मस्क को लेकर कहे अपशब्द

जब वो कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं



थीं तब एक जहाज की आवाज सुनाई दी। उन्होंने मजाक करते हुए कहा मुझे लगता



है कि यह एलॉन मस्क है। इसके बाद उन्होंने हंसते हुए कहा, मैं तुमसे नहीं डरती। फ.... यू, एलॉन मस्क। इस वीडियो पर मस्क ने प्रतिक्रिया भी दी। उन्होंने वीडियो पर एक हंसी वाली इमोजी पोस्ट की। ब्राजील में बैन हुआ था एक्स प्लेटफॉर्म बता दें कि ब्राजील ने एक्स प्लेटफॉर्म को एक महीने के लिए बैन कर दिया था। ब्राजील सरकार का कहना है कि एक्स प्लेटफॉर्म के जरिए फेक न्यूज फैलाया जा रहा है। यह देश के लोकतंत्र के लिए खतरा है।

ब्राजील की प्रथम महिला जानजा का सोशल मीडिया अकाउंट बीते साल हैक हो गया था, जिसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया कंपनी एक्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी भी दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने अक्टूबर में बनाया उच्चतम निर्यात रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्थशास्त्री आयात बिल में वृद्धि का कारण सोने और तेल के अधिक आयात को मानते हैं और वाणिज्य सचिव का कहना है कि भारत का गैर-पेट्रोलियम निर्यात बढ़कर 211.3 बिलियन डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वाणिज्यिक खुफिया और सांख्यिकी महानिदेशालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत ने अक्टूबर महीने में पिछले एक दशक में अब तक का सबसे अधिक 39.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापारिक निर्यात दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जो वैश्विक व्यापार में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। आंकड़ों से पता चलता है कि इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स और रसायन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों ने मजबूत प्रदर्शन किया है। इन क्षेत्रों में नीतिगत सुधारों और बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा ने निर्यात के आंकड़ों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एक दस्तावेज में उल्लेख किया गया है कि अक्टूबर के रिकॉर्ड-तोड़ निर्यात के आंकड़े अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत के बढ़ते प्रभाव और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं और निर्यात को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न व्यापार समझौतों जैसी सरकारी पहलों की सफलता को दर्शाते हैं।

### 25 नवंबर को खुलेगा राजेश पावर सर्विसेज आईपीओ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात की कंपनी राजेश पावर सर्विसेज का आईपीओ 25 नवंबर को खुलने जा रहा है। बाजार के नकारात्मक रुख के बीच यह 6वां एसएमई आईपीओ खुलने जा रहा है। कंपनी के आईपीओ का साइज 160 करोड़ रुपये का है। आइए डीटेल्स में जानते हैं इस कंपनी के आईपीओ के विषय में - इस आईपीओ का प्राइस बैंड 320 रुपये से 335 रुपेये प्रति शेयर तय किया गया है। इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स 22 नवंबर को दांव लगा पाएंगे। एंकर निवेशकों से कंपनी 44.77 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास करेगी। सभी के लिए आईपीओ 27 नवंबर को बंद हो रहे हैं। इस आईपीओ के जरिए 27.90 लाख फ्रेश शेयर जारी किया जाएगा। वहीं, ऑफर फार सेल के तहत 20 लाख शेयर जारी किया जाएगा। कंपनी के प्रमोटर्स पंचाल और पटेल फैमिली शेयर बेच रहे हैं। बता दें, मौजूदा समय में प्रमोटर्स की कुल हिस्सेदारी 100 प्रतिशत से अधिक है। आईपीओ का अधिकतम 50 प्रतिशत क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित रहेगा। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए कम से कम 35 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रहेगा।

### स्विगी, जोमैटो, जेप्टो, ब्लिंकिट को लेकर उदय कोटक ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। 10 से 15 मिनट से लगभग हर जरूरत का सामान घर पर डिलीवर करने वाली इन कंपनियों को लेकर अब चर्चाएं भी शुरू होने लगी हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक ने इन क्विक कॉमर्स कंपनियों के कारण खुदरा विक्रेताओं पर पड़ रहे प्रभाव पर चिंता व्यक्त की है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक एक कार्यक्रम में उदय कोटक ने भविष्यवाणी की है कि यह एक राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। सीएनबीसी टीवी18 के एक कार्यक्रम में बोलते हुए कोटक ने कई अन्य देशों के विपरीत भारत में क्विक कॉमर्स की सफलता को लेकर भी बात कही। उदय कोटक ने इस कार्यक्रम में कहा कि क्यू–कॉम (क्विक कॉमर्स) स्थानीय खुदरा विक्रेताओं के लिए एक चुनौती है। यह एक ऐसी चुनौती है जो राजनीतिक मोर्चे पर आएगी। उन्होंने किराना और फूड डिलीवर करने वाली कंपनी स्विगी की लिस्टिंग के ठीक बाद यह बात कही।

# एलन मस्क के दो लाख रुपये गिर जाएं तो वह उसे उठाएंगे नहीं

## कारण जानकर आप भी कहेंगे- क्या अमीरी है!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की संपति इस समय बहुत तेजी से बढ़ रही है। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी चुनाव जीतने के बाद इनकी संपत्ति में और तेजी आई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार मस्क की नेटवर्थ 313 बिलियन डॉलर है। अमेजन के जेफ बेजोस 224 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इस साल कमाई में अभी तक एलन मस्क सबसे आगे रहे हैं। एक जनवरी 2024 से लेकर अब तक उन्होंने 84.3 बिलियन डॉलर (करीब 7.12 लाख करोड़ रुपये) की कमाई की है। इस साल कमाई करने



के मामले में दूसरे नंबर पर एनवीडिया के जेसन हुआंग हैं। जेसन ने इस साल 80 बिलियन डॉलर की कमाई की है।

10, 20 नहीं... पूरे 85 बिलियन डॉलर का अंतर, दुनिया के नंबर वन और टू अमीर के बीच बढ़ रहा फासला, कहां हैं अंबानी और अडानी

### एक सेकेंड में कितना कमाते हैं मस्क

मस्क ने इस साल करीब 7.12 लाख करोड़ रुपये की कमाई की है। अगर हम इस कमाई को इस साल के 320 दिन की कमाई (नवंबर के 14 दिन और दिसंबर के 31 दिनों को छोड़कर) मान लें तो मस्क ने रोजाना करीब 2226 करोड़ रुपये कमाए हैं।

ऐसे में उन्होंने 92.73 करोड़ रुपये हर घंटे, 1.54 करोड़ रुपये हर मिनट और करीब 2.58 लाख रुपये हर सेकेंड कमाए। यानी अपने देश में बड़ी पोस्ट पर बैठे किसी कॉर्पोरेट एम्प्लॉई की जितनी महीने की सैलरी होती है, उतनी मस्क ने मात्र एक सेकेंड में कमा डाली।

### 2 लाख रुपये क्यों नहीं उठाएंगे मस्क

अब मान लीजिए कि मस्क के रास्ते में दो लाख रुपये गिर जाते हैं, तो वह रकम रकम को उठाने में अपना समय बर्बाद नहीं करेंगे। क्योंकि उस रकम को उठाने में कम से कम 4 या 5 सेकेंड का समय तो लगेगा ही। इतनी देर में मस्क 10 लाख रुपये से ज्यादा कमा लेंगे। ऐसी है मस्क की अमीरी।

### क्यों आई मस्क की कमाई में तेजी

ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद मस्क की प्रमुख कंपनी टेस्ला के शेयरों में काफी तेजी आई है। 4 नवंबर को टेस्ला के एक शेयर की कीमत 242.84 रुपये थी। अगले दिन यानी 5 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आए थे। इसमें ट्रंप ने जीत हासिल की। ट्रंप को जिताने में मस्क का भी काफी योगदान रहा है।

अब टेस्ला के शेयर की कीमत 320.72 रुपये है। यानी दो हफ्ते से भी कम समय में टेस्ला के शेयरों में 32 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके कारण ही मस्क की संपत्ति में तेजी आई है।

# गवर्नर शक्तिकांत दास बोले- भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक घटनाओं के असर से निपट सकती है, बाहरी क्षेत्र मजबूत

**कोच्चि एजेंसी।** भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र वैश्विक घटनाओं से उत्पन्न किसी भी प्रभाव को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार है।



उन्होंने कहा कि देश का बाहरी क्षेत्र भी मजबूत है और हमारा चालू खाता घाटा प्रबंधनीय सीमा के भीतर रहा है और 1.1 प्रतिशत पर रहा।

### कोच्चि इंटरनेशनल फाउंडेशन में बोले दास

कोच्चि इंटरनेशनल फाउंडेशन के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि आज भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि स्थिरता और मजबूती की तस्वीर पेश करती है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 2010 और 2011 में यह छह से सात प्रतिशत के बीच थी। इसके साथ ही दास ने यह भी कहा कि भारत के पास दुनिया के सबसे बड़े विदेशी मुद्रा भंडार में से एक है, जो करीब 675 अरब अमेरिकी डॉलर है।

### मुद्रास्फीति के बारे में बोले दास

इसके साथ ही मुद्रास्फीति के बारे में आरबीआई गवर्नर ने कहा समय-समय पर उतार-चढ़ाव के बावजूद इसके मध्यम रहने की उम्मीद है। जहां खाद्य मुद्रास्फीति के कारण भारत की मुद्रास्फीति सितंबर के 5.5 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में 6.2 प्रतिशत हो गई।

### मुद्रास्फीति की कमरे में मौजूद हाथी की तरह– दास

अपने संबोधन में आगे शक्तिकांत दास ने मुद्रास्फीति की तुलना कमरे में मौजूद हाथी से की। उन्होंने कहा अब हाथी टहलने के लिए कमरे से बाहर चला गया है फिर वह जंगल में वापस चला जाएगा। दास ने कहा कि जब यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ तो मुद्रास्फीति बढ़ गई, फिर हमने तुरंत नकारात्मक ब्याज दरों से परहेज किया। इसके साथ ही दास ने कहा कि हमने भारत में जो नहीं किया, वह भी महत्वपूर्ण है। हमने आरबीआई ने नोट नहीं छापे, क्योंकि अगर हम नोट छापना शुरू कर देते हैं, तो हम जिन समस्याओं को हल करने की कोशिश कर रहे हैं, वे बढ़ जाएंगी और उन्हें संभालना मुश्किल हो जाएगा।

# दैनिक उपभोग की चीजों पर खर्च घटा रहे हैं लोग, लेकिन परफ्यूम-डिओडोरेंट्स की बिक्री हो गई दोगुनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय खुशबू का कारोबार तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस सेक्टर में बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ छोटे-छोटे भी काफी प्लेयर आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि परफ्यूम, डिओडोरेंट्स आदि का इस्तेमाल करने वालों की संख्या में तेजी आ रहा है। स्थिति यह है कि उपभोक्ता दैनिक उपभोग की चीजों पर कटौती कर रहे हैं, लेकिन खुशबू वाले इन प्रोडक्ट को जरूर खरीद रहे हैं।



चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में खुशबू वाले प्रोडक्ट्स की जमकर बिक्री हुई है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, इमामी, आईटीसी और शॉपर्स स्टॉप जैसी कंपनियों ने बिक्री की जानकारी दी है। इसके आधार पर मार्केट रिसर्चर नीलसनआईक्यू ने बताया कि इस साल खुशबू वाले इन प्रोडक्ट्स की बिक्री लगभग दोगुनी हो गई है।

### तेजी से बढ़ रहा यह क्षेत्र

नीलसनआईक्यू ने अपना यह डेटा इकनॉमिक टाइम्स के साथ शेयर किया है। इस डेटा के अनुसार इस कैलेंडर वर्ष में सितंबर तक फ्रेगरेंस सेगमेंट में साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें रोल-ऑन डिओडोरेंट्स ने 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। नीलसनआईक्यू के अनुसार, पर्सनल केयर सेगमेंट में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। वहीं एफएमसीजी इंडस्ट्री में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में फ्रेगरेंस इंडस्ट्री 4,771 करोड़ रुपये की है।

नीलसनआईक्यू के भारत में कमर्शियल हेड रूजवेल्ट डिसूजा ने कहा कि फ्रेगरेंस प्रोडक्ट्स अब छोटी-छोटी जगह भी पहुंच रहे हैं यानी इनका डिस्ट्रिब्यूशन तेजी से हो रहा है। वहीं लोग अब पर्सनल ग्रूमिंग में तेजी से रुचि दिखा रहे हैं। इस कारण रोल-ऑन डिओडोरेंट्स की बिक्री में उछाल आया है।

# विदेशी संपत्ति, आय का खुलासा न करने पर लगेगा 10 लाख रुपये का जुर्माना, आयकर विभाग ने किया आगाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने रविवार को करदाताओं को आगाह किया कि अगर उन्होंने विदेश में मौजूद संपत्ति या विदेश में अर्जित आय का खुलासा अपने आयकर रिटर्न्स में नहीं किया तो इसके लिए करदाताओं पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है।

### आयकर विभाग ने किया आगाह

आयकर विभाग ने हाल ही में शुरू किए गए अनुपालन-सह-जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग ने करदाताओं को चेताया कि वे 2024-25 के निर्धारण वर्ष में आयकर रिटर्न में ये जानकारी जरूर दें। विभाग ने कहा कि भारत के करदाताओं के लिए विदेशी बैंक खाते, नकद मूल्य बीमा अनुबंध या वार्षिकी अनुबंध, किसी इकाई या व्यवसाय में वित्तीय साझेदारी, अचल संपत्ति, कस्टोडियल खाता, इक्विटी और ऋण ब्याज, आदि कोई भी पूंजीगत संपत्ति की जानकारी देना जरूरी है। आयकर विभाग ने कहा कि करदाताओं को अपने आईटीआर में विदेशी संपत्ति या विदेशी स्रोत आय अनुसूची को अनिवार्य रूप से भरना होगा, भले ही उनकी आय कर योग्य सीमा से कम हो। एडवाइजरी में कहा गया है, आईटीआर में विदेशी संपत्ति/आय का खुलासा न करने पर काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### आयकर रिटर्न्स भर चुके लोगों को भेजे जाएंगे संदेश

कर विभाग के प्रशासनिक निकाय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा था कि अभियान तहत उन करदाताओं को संदेश और ईमेल भेजा जाएगा, जिन्होंने पहले ही 2024–25 के लिए अपना आईटीआर दाखिल कर दिया है। यह संचार ऐसे व्यक्तियों को भेजा जाएगा, जिनकी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौतों के तहत प्राप्त जानकारी के माध्यम से पहचान की गई है कि उनके पास विदेश में संपति या विदेशी आय हो सकती है। सीबीडीटी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य उन लोगों को याद दिलाना जिन्होंने अपने जमा किए गए आईटीआर (एवाई 2024–25) में विदेशी संपत्तियों का विवरण नहीं दिया है।

# आरबीआई की समीक्षाः टाटा संस ने आईपीओ से मांगी राहत, सितंबर से पहले शेयर बाजार में होना होगा सूचीबद्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा संस ने आईपीओ लाने से आरबीआई से राहत मांगी है। इस आवेदन पर वह विचार कर रहा है। आरबीआई ने सूचना का अधिकार के तहत (आरटीआई) दिए गए जवाब में कहा कि टाटा संस ने स्वेच्छा से अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र लौटाया है। अगर इस आवेदन को आरबीआई स्वीकार कर लेता है तो टाटा संस को निर्गम लाने से छूट मिल जाएगी। अगर टाटा संस को छूट मिलती है तो इससे करोड़ों निवेशकों को इसमें भाग लेने से वंचित होना पड़ सकता है।

आईपीओ नियमों से छूट पाने के लिए टाटा संस ने 20,000 करोड़ का कर्ज भी चुकाया है। आरबीआई ने 14 नवंबर को आरटीआई के जवाब में कहा, टाटा संस ने इस साल 28 मार्च को प्रमुख निवेश कंपनी (सीआईसी) पंजीकरण छोड़ने के लिए आवेदन दिया है। दरअसल, आरबीआई ने 2022 में स्केल आधारित विनियमन (एसबीआर) के तहत 15 बड़ी कंपनियों को ऊपरी श्रेणी में रखा था। इन सभी को शेयर बाजार में सितंबर, 2025 से पहले सूचीबद्ध होना अनिवार्य था। इसमें से 11 कंपनियां सूचीबद्ध हो भी चुकी हैं।




विशेषज्ञों का कहना है कि आईपीओ लाने के लिए कम से कम 6-8 महीने की जरूरत होती है। इस आधार पर अब टाटा संस के पास समय भी कम है। उसे अब मंजूरी मिलती भी है तो तैयारी करने में ही 8 महीने लग जाएंगे। एसबीआर ढांचा प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर सख्त गवर्नेंस और पारदर्शिता मानदंड लागू करता है।

### राहत मिली तो बाकी भी कर सकती हैं अपील

विश्लेषकों का कहना है कि अगर टाटा संस को लिस्टिंग से छूट मिलती है तो ऊपरी श्रेणी वाली अन्य कंपनियां भी राहत मांग सकती हैं। टाटा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन की भागीदारी ने स्थिति को और भी जटिल बना दिया है। श्रीनिवासन आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल में भी कार्यरत हैं। यह दोहरी भूमिका सीधे-सीधे हितों के टकराव का मामला है। मर्चेंट बैंकरों का मानना है कि टाटा संस अब तक का सबसे बड़ा इश्यू ला सकता है जो 55,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। टाटा संस में दूसरे सबसे बड़े शेयरधारक शापुरजी पलोनजी है।

# भारत के चावल निर्यात में अक्टूबर में लगभग 86 प्रतिशत की वृद्धि, रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीदों के बीच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का चावल निर्यात अक्टूबर में 1 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया, इसके पीछे सरकार द्वारा चावल के शिपमेंट को सुगम बनाने के लिए उठाए गए कई कदम थे। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2024 में चावल निर्यात 1,050.93 मिलियन डॉलर रहा, जो पिछले साल अक्टूबर में 565.65 मिलियन डॉलर के मुकाबले 85.79 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। इसी वर्ष सितंबर में चावल निर्यात का मूल्य 694.35 मिलियन डॉलर था। चावल शिपमेंट में यह तेज़ वृद्धि सरकार द्वारा पिछले दो महीनों में चावल निर्यात को सुगम बनाने के लिए उठाए गए कदमों के कारण हुई है। 28 सितंबर को केंद्र सरकार ने नॉन-बासमती व्हाइट चावल के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया था। हालांकि, इस पर 490 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य निर्धारित किया था, जिसे अंततः 23 अक्टूबर को हटा लिया गया।



27 सितंबर को सरकार ने नॉन-बासमती व्हाइट चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क को हटा लिया और तीन अन्य चावल श्रेणियों पर निर्यात शुल्क को आधा कर दिया। हस्क में चावल (पैडी या रफ), हस्केड (ब्राउन) चावल और पारबॉयल्ड चावल पर शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया था। हालांकि, 22 अक्टूबर को इसे और घटाकर शून्य कर दिया गया। अक्टूबर में वृद्धि के साथ, चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले सात महीनों (अप्रैल से अक्टूबर) में कुल चावल निर्यात 5.27 प्रतिशत बढ़कर 6,171.35 मिलियन डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 5,862.23 मिलियन डॉलर था। सितंबर तक, इस वर्ष भारत का कुल चावल निर्यात (5,120.43 मिलियन) पिछले वित्तीय वर्ष की पहले छमाही (5,296.58 मिलियन) की तुलना में 3.33 प्रतिशत कम था।

# अनिल अंबानी की बढ़ी मुसीबत, लोन अकाउंट्स पर उठे सवाल, सरकारी बैंक ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने अनिल अंबानी की टेलीकॉम सेक्टर की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी सहायक कंपनियों के लोन अकाउंट्स को फ्रॉड घोषित कर दिया है। बता दें कि दिसंबर 2020 में भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा कंपनी के अकाउंट को फ्रॉड घोषित करने के बाद यह ऐसा करने वाला चौथा बैंक है। केनरा बैंक ने कंपनी को दिए गए नोटिस में कहा- बैंक ने रिलायंस कम्युनिकेशंस के लिए 1,050 करोड़ रुपये की नॉन-फंड आधारित क्रेडिट सीमा के तहत क्रेडिट फैसलिटीज, टर्म लोन, गारंटी और लेटर ऑफ क्रेडिट को मंजूरी दी थी। लोन, क्रेडिट फैसलिटीज का लाभ उठाने और आनंद लेने के बाद आपकी कंपनी ने डिफॉल्ट किया है और स्वीकृत नियमों, शर्तों का उल्लंघन किया है। बता दें कि मार्च 2017 में लोन अकाउंट को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति यानी एनपीए घोषित कर दिया गया था। डिफॉल्ट के बाद स्वीडन की एरिक्सन 2018 में टेलीकॉम कंपनी को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, मुंबई (एनसीएलटी) में ले गई।

# शादी के बंधन में बंधने वाली हैं कीर्ति सुरेश



जिन अभिनेत्रियों की शादी नहीं हुई होती, उनके बारे में बार-बार खबर आती है कि वह किसी के साथ रिलेशनशिप में हैं और जल्द ही शादी भी करने वाली हैं। हाल ही में साउथ की अभिनेत्री कीर्ति सुरेश की शादी की अफवाह भी उड़ी है। कितनी सच्चाई है इस बात में, जानिए। कीर्ति सुरेश तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में अभिनय करती हैं। उन्होंने कई नामी साउथ स्टार्स के साथ फिल्मों में काम किया है।

कीर्ति अपनी फिल्मों के अलावा अपने निजी जीवन को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। उनके अफेयर्स के बारे में फैंस के बीच चर्चा होती रहती है, लेकिन कीर्ति कभी खुलकर इस बारे में बात नहीं करती हैं। हाल ही में सुनने में आया है कि वह साल के आखिरी में शादी करने वाली हैं।

### अरेंज मैरीज की बात आई सामने

अगर सोशल मीडिया और साउथ इंडस्ट्री के गलियारों में चल रही एक खबर पर यकीन करें, तो कीर्ति इस साल के अंत तक शादी करने वाली हैं। सुनने में आया है कि वह अरेंज मैरीज कर रही हैं। यह शादी गोवा में होने वाली है। माना जा रहा है कि कीर्ति के माता-पिता ने उनका यह रिश्ता तय किया है। कीर्ति का होना वाला जीवनसाथी उनके ही रिश्तेदारी में है। वह दोनों पहले से एक-दूसरे को जानते हैं। वैसे अब तक शादी की खबर के बारे में कीर्ति की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

### पहले भी उड़ी है शादी की अफवाह

कुछ समय पहले भी कीर्ति की शादी को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह उड़ी, लेकिन तब परिवार वालों ने इस बात से इंकार कर दिया। दरअसल, कुछ साल पहले ऐसा सुनने में आया था कि कीर्ति, केरल के एक पॉलिटिशियन से शादी करने वाली हैं। इसके अलावा संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर के साथ भी उनका नाम जोड़ा गया।

ऐसा कहा गया है कि दोनों लंबे समय से प्यार में हैं और जल्द ही शादी करेंगे। उस समय कीर्ति के पिता और परिवार वालों ने इस बात पर आपत्ति जताई और कहा कि इस बात में कोई सच्चाई नहीं है। खुद कीर्ति ने भी कहा था कि वह अभी अपने करियर पर पूरा ध्यान दे रही है, इसलिए शादी के बारे में सोच नहीं रही हैं। अनिरुद्ध को तो उन्होंने अपना सिर्फ दोस्त बताया।

### कीर्ति बेबी जॉन में नजर आएंगी

अगले महीने कीर्ति वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन में उनकी पत्नी का किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। यह फिल्म देश भर में रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशक ए. कालीस्वरन हैं। फिल्म में वरुण पुलिस वाले के रोल में हैं, इसमें वह काफी एक्शन करते हुए नजर आएंगे, वहीं कीर्ति का रोल भी काफी दमदार होगा।

# निमरत कौर के लिए लंगर की जलेबी और कड़ा प्रसाद से बेहतर कुछ नहीं



**अभिनेत्री** निमरत कौर शानदार एक्टिंग के दम पर मनोरंजन इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम पर हैं। हर अपडेट सोशल मीडिया के जरिए देती हैं। गुरु परब पर भी ऐसा ही किया। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर गुरुद्वारा पहुंची। वहां उन्होंने मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। इससे जुड़ी कई तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर साझा की। गुरुपर्व पर 'एयरलिफ्ट' अभिनेत्री गुरुद्वारा पहुंची और मत्था टेकने के बाद कड़ा प्रसाद ग्रहण करती दिखीं। तस्वीरों को शेयर कर निमरत कौर ने कैप्शन में लिखा ठीक है, मुझे एक और चीज चाहिए। दिल से आप सभी का प्यार, लंगर की जलेबी और कड़ाही प्रसाद से बेहतर कुछ नहीं है।

गुरु पर्व का जश्न मना रहे सभी लोगों को शुभकामनाएं, सतनाम वाहे गुरु। गुरुपर्व के लिए अभिनेत्री ने मिंट ग्रीन कलर के सलवार सूट का चयन किया, जिसमें वह सादगी के साथ बेहद खूबसूरत लग रही हैं। बता दें कि गुरु नानक जयंती को गुरुपूरब या प्रकाश पर्व के नाम से भी जाना जाता है। इस साल ये पर्व (15 नवंबर) शुक्रवार को मनाया गया। फिल्म जगत के तमाम सितारों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर प्रशंसकों को इस खास पर्व की शुभकामनाएं दी। इससे पहले 'दसवीं' की अभिनेत्री ने एक मजेदार रील शेयर कर उन लोगों पर करारा तंज कसा जो कि उनका नाम अभिनेता अभिषेक बच्चन के साथ जोड़ रहे हैं। डेटिंग की अफवाहों के बीच 'दसवीं' स्टार ने मजेदार रील को इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसमें वह फर्श पर बैठी हैं और ट्रेंडिंग डायलॉग पर लिप-सिंक करती नजर आ रही हैं। उनके पीछे उनकी पेट बिल्ली भी है। रील में अभिनेत्री कहती नजर आ रही हैं दोस्ती इतनी पक्की होनी चाहिए, लोग देखते ही जल जाएं, जल जाएं। काहे हॉ, ऐदा। (दोस्ती इतनी मजबूत होनी चाहिए कि लोग इसे देखकर ही जलने लगें)।



# जब शॉर्ट नोटिस पर ऐश्वर्या के घर रोका करने पहुंचा था बच्चन परिवार

**बॉलीवुड** के पावर कपल अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के रिश्ते को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। इस बीच अभिनेत्री का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो अभिषेक संग रिश्ते को लेकर बात कर रही हैं। वीडियो में अभिनेत्री को यह कहते हुए देखा जा सकता है कि उन्हें रोका समारोह के बारे में पता नहीं था, क्योंकि यह उत्तर भारत में प्रचलित एक प्रथा है और कर्नाटक से होने के कारण ऐश्वर्या को इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी।

उन्होंने वीडियो में कहा, मेरे लिए यह आश्चर्यजनक था लेकिन आपको अभी भी पता नहीं है कि अगले दिन से बातचीत क्या होने वाली है। मुझे तो यह भी नहीं पता था कि 'रोका' नाम की कोई चीज होती है। अचानक उनके घर से हमारे घर पर फोन आया और अभिषेक ने कहा कि हम आ रहे हैं। इसके बाद अभिनेत्री ने कहा कि जब अभिषेक का परिवार 'रोका' समारोह के लिए उनके घर पहुंचने वाला था तो उनके पिता शहर से बाहर थे। आगे कहा, मेरे पिताजी शहर से बाहर थे। उन्होंने कहा कि मुझे आने में अभी भी एक दिन लगेगा'। अभिषेक कहते हैं, हम आज शाम को आपके घर आ रहे हैं। अभिषेक की दसवीं स्टार निमरत कौर संग रिलेशनशिप की अफवाहें जोरों पर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐश्वर्या अपने पति और उनके परिवार से अलग रह रही हैं। इस बीच, अभिषेक अपनी आगामी फिल्म आई वांट टू टॉक की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शूजित सरकार कर रहे हैं।

# रोड शो के बीच में बिगड़ी एक्टर गोविंदा की तबीयत, मुंबई लौटे



**महाराष्ट्र** के जलगांव जिले में बॉलीवुड एक्टर गोविंदा की तबीयत शनिवार को अचानक खराब हो गई। वह उस समय राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के लिए एक रोड शो में थे। तबीयत बिगड़ने के बाद एक्टर बीच में ही रोड शो छोड़कर मुंबई लौट आए। बताया जा रहा है कि उनके सीने में अचानक दर्द उठ गया था। गोविंदा के एक करीबी ने बताया कि एक्टर अब ठीक हैं। वह थक गए थे और असहज महसूस कर रहे थे। महाराष्ट्र की सभी 288 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान है। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। उल्लेखनीय है कि गोविंदा (60) को हाल ही में पैर में गोली लगी थी। डॉक्टर ने उन्हें कुछ दिन घर पर ही व्यायाम और फिजियोथेरेपी की सलाह दी थी। अपनी ही रिवॉल्वर से 1 अक्टूबर को गोली लगने के बाद उन्हें मुंबई के क्रिटी केयर एशिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# उत्तर भारत की खराब हवा को लेकर बढ़ी ऋचा चड्ढा की चिंता, सरकार से भी जताई नाराजगी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने हाल ही में उत्तर भारत की खराब वायु गुणवत्ता पर अपनी चिंता जताई है। साथ ही अभिनेत्री ने इस मुद्दे पर कोई समाधान ना करने पर सरकार की भी आलोचना की है। आइए जानते हैं ऋचा ने क्या कहा?

**अभिनेत्री ने क्या लिखा?**



अभिनेत्री ने अपना आधिकारिक एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर 16 जुलाई 2024 को लिखा, हम भारतीयों का आत्म-सम्मान बहुत कम है, उम्मीद और न्याय की भावना बहुत कम है... पूरे उत्तर भारत में हवा की गुणवत्ता साल दर साल इतनी खराब होती जा रही है और कोई विरोध नहीं है! बस चुप्पी है। सरकार हम पर हर चीज पर बहुत अधिक कर लगाती है... और हमें इस समस्या का कोई समाधान नहीं देती। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन सी पार्टी सत्ता में है, या आप किसका समर्थन करते हैं, आपके फेफड़े अंतर नहीं जानते! ऋचा ने आगे लिखा, बुजुर्ग लोग, बच्चे, जानवर सभी पीड़ित हैं। वयस्कों को पुरानी खांसी, कंजेशन की समस्या होती है। त्योहारों का मौसम और उसके बाद का समय सभी के लिए डरावना हो जाता है। हम कुछ भी नहीं करते हैं क्योंकि हम सभी धीरे-धीरे जहर की चपेट में आ जाते हैं। यह बहुत ही खराब आत्मसम्मान का संकेत है। दुखद।




# महारानी बन फिर अपनी सत्ता कायम करने आएंगी हुमा कुरैशी, अभिनेत्री ने किया चौथे सीजन का एलान

**हुमा** कुरैशी ने हाल ही में महारानी के चौथे सीजन की पुष्टि की। महारानी के तीन सीजन पहले ही आ चुके हैं, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब हुमा ने खुलासा किया कि इस सीरीज का चौथा भाग जल्द आने वाला है।

अभिनेत्री हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी सीरीज मिथ्या को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। सीरीज में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इसके साथ ही वे मिथ्या के प्रचार में भी जुटी भी हैं। ऐसे में अब उन्होंने अपने एक और हिट सीरीज महारानी के बारे में बात की। इसके साथ ही अभिनेत्री ने अपनी हिट सीरीज महारानी के चौथे भाग के बारे में भी जानकारी दी।

**जल्द आएगा चौथा सीजन**

हुमा कुरैशी ने हाल ही में महारानी के चौथे सीजन की पुष्टि की। महारानी के तीन सीजन पहले ही आ चुके हैं, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब हुमा ने खुलासा किया कि इस सीरीज का चौथा भाग जल्द आने वाला है। यूं तो हुमा ने कई सीरीज में काम किया है, लेकिन महारानी ने हुमा के करियर में चार चांद लगा दिए। सीरीज में उन्होंने रानी भारती की भूमिका निभाई थी, जो एक अनपढ़ महिला है, जो अपने पति के घायल होने के बाद बिहार की मुख्यमंत्री बन जाती है। दर्शकों ने सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रहे महारानी के तीनों सीजन में हुमा के अभिनय को खूब पसंद किया।

# क्या 'कंगुवा' के लिए दिशा को मिली अब तक की सबसे मोटी फीस?

दक्षिण भारतीय अभिनेता सूर्या की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'कंगुवा' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म हाल के दिनों में आई सबसे महंगी तमिल फिल्मों में से एक के रूप में चर्चा में है। इस पीरियड ड्रामा को हर जगह दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दिशा पटानी फिल्म में लीड फीमेल रोल में नजर आई हैं। हालांकि, उनकी भूमिका फिल्म में ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिशा पटानी को इस फिल्म में मोटी रकम दी गई है। अभिनेत्री को इस फिल्म के लिए पांच करोड़ रुपये दिए गए हैं। कहा जा रहा है कि यह उनकी अब तक की सबसे ज्यादा फीस है। सूर्या की फिल्म 'कंगुवा' लगातार सुर्खियों में बनी है। कहा जा रहा है कि फिल्म की फीमेल लीड दिशा पटानी को इस फिल्म के लिए उनके करियर की सबसे मोटी फीस मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिशा पटानी को इस फिल्म में मोटी रकम दी गई है। अभिनेत्री को इस फिल्म के लिए पांच करोड़ रुपये दिए गए हैं। कहा जा रहा है कि यह उनकी अब तक की सबसे ज्यादा फीस है।




-साभार एजेंसी

# सुष्मिता सेन इरादों को अमल में लाने में रखती हैं विश्वास



अभिनेत्री सुष्मिता सेन, जिन्हें आखिरी बार स्ट्रीमिंग क्राइम-थ्रिलर सीरीज आर्या सीजन 3 में देखा गया था, इरादों को अमल में लाने में विश्वास रखती हैं। अभिनेत्री ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया। उन्होंने लिखा, एक इंच आगे बढ़ने एक मील के सपने देखने से बेहतर है। उन्होंने कैप्शन में एक नोट भी लिखा, जिसमें उन्होंने सपनों को भी शक्तिशाली बताया लेकिन उन्होंने सपनों को क्रियान्वित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, यह आश्चर्यजनक है कि किसी भी चीज को हासिल करने की यात्रा कितनी सरल हो सकती है। इरादा एक शक्तिशाली उपकरण है, यह दिशा देने में मदद करता है लेकिन बिना गति के यह एक बेकार उपकरण है। इंच दर इंच हम मील तय करते हैं।

# कबीर बेदी ने बताया उन्हें खून भरी मांग के लिए क्यों चुना गया था



**दिग्गज** बॉलीवुड अभिनेता कबीर बेदी ने बताया कि फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने उनका चुनाव 'खून भरी मांग' फिल्म के लिए क्यों किया था। डिजिटल कमेंट्री पर फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने बताया कि फिल्म निर्माता-निर्देशक ने उन्हें खलनायक के रोल के लिए परफेक्ट बताया था। डिजिटल कमेंट्री पर फिल्म के बारे में बात करते हुए कबीर ने कहा फिल्म में जब मुझे रोल ऑफर हुआ तो मुझे यह पसंद आया और मैं चाहता था कि यह रोल बहुत डरावना और खतरनाक हो। मैं इसमें काफी हद तक सफल भी रहा। मैं टॉम सेलेक के साथ एक सीरीज के लिए उस अमेरिका में था और शूटिंग को पूरा करके मैं समंदर किनारे बैठा था।

अभिनेता ने बताया, इस बीच मुझे राकेश रोशन का फोन आया और उन्होंने कहा मैं एक फिल्म बना रहा हूं और मैं तुम्हें हीरो के तौर पर लेना चाहता हूं, इस पर मैंने कहा बहुत बढ़िया, लेकिन क्या बॉलीवुड में एक्टर्स के लिए कोई स्ट्राइक है, जो आप मुझे बुला रहे हो। कबीर ने आगे कहा कि मेरी इस बात पर उन्होंने बताया कि फिल्म में हीरो बाद में विलेन बन जाता है और अगर मैं दूसरा हीरो लेता हूं तो वह यह फिल्म नहीं कर पाएगा। केवल तुम ही हीरो और विलेन दोनों बन सकते हो। इसके बाद उत्साहित कबीर ने फिल्म में अभिनय करने वाली अभिनेत्री के बारे में पूछा और राकेश ने बताया कि फिल्म में रेखा हैं। कबीर ने कहा कि मैंने जब रेखा का नाम सुना तो बहुत खुश हो गया। मैंने तुरंत हां कर दिया क्योंकि उस समय रेखा बॉलीवुड की क्वीन थीं।

## 4 ओवर, 8 रन और 5 विकेट...

# 18 साल की बॉलर ने तो नया इतिहास ही लिख दिया

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में चल रही महिला बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट की युवा गेंदबाज लूसी हैमिल्टन ने इतिहास रच दिया है। सिर्फ 18 साल की उम्र में हैमिल्टन ने मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 8 रन देकर 5 विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने एक मेडेन ओवर भी डाला।



# क्रिकेट से कुछ दिनों के लिए ब्रेक लेंगे सूर्यकुमार यादव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टी20 टीम के



कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साउथ अफ्रीका में जबरदस्त कामयाबी हासिल की और 4 मैचों की टी20 सीरीज को 3-1 से जीत लिया। भारत को इतनी बड़ी कामयाबी दिलाने के बाद सूर्यकुमार यादव अब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 में मुंबई टीम के लिए खेलते हुए नजर आएँगे। हालांकि टीओआई के मुताबिक वो इस टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

**मुंबई के लिए खेलेंगे सूर्यकुमार यादव**

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सूर्या व्यक्तिगत कारणों से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 के पहले चरण के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। भारतीय टी20 कप्तान आखिरी कुछ मैचों में खेलने के लिए वापसी करेंगे और अगर मुंबई आगे के चरण के लिए क्वालिफाई करती है तो वह नॉकआउट में भी खेलेंगे। सूत्र के मुताबिक सूर्यकुमार यादव इस टूर्नामेंट के लिए दिसंबर की शुरुआत से उपलब्ध होंगे। वो मुंबई के लिए कुछ आखिरी लीग मैच में हिस्सा लेंगे और फिर टीम आगे बढ़ती है को नॉकआउट चरण के लिए भी उपलब्ध रहेंगे।

**23 नवंबर से शुरू होगा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी**

सूर्यकुमार यादव के मुंबई टीम में शामिल होने से इस टीम की बल्लेबाजी मजबूत होगी साथ ही साथ सूर्या अच्छे प्रदर्शन के जरिए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भी अपना दावा ठोक सकते हैं जो अगले साल फरवरी-मार्च में खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में से एक हैं और उनके टीम में होने से युवा खिलाड़ियों को भी काफी कुछ सीखने को मिलेगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इस सीजन की शुरुआत 23 नवंबर से होगी।



## भारत ने चीन के साथ किया उलटफेर

# भारत ने चीन को 3-0 से हराया

- चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बनाई जगह

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत में महिला हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हो रहा है। ऐसे में मेजबान टीम का मैच चीन से था, जिसमें उन्होंने कमाल कर दिया। भारत ने चीन को 3-0 से हरा दिया और सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। टीम इंडिया का मुकाबला अब जपान से होगा।

## टीम इंडिया के लिए गुड न्यूज...

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलेंगे केएल राहुल, शुभमन गिल बाहर!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था. अब भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहुंची है. इस टूर पर भारतीय टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है. वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भी भारत के लिए यह सीरीज काफी अहम है. टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर (शुक्रवार) से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाना है.

**तो पर्थ टेस्ट में खेलेगा ये धुरंधर, रोहित-गिल बाहर!**

पर्थ टेस्ट से पहले भारतीय टीम के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है. स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने एक बार फिर नेट्स पर बल्लेबाजी शुरू कर दी है. राहुल भारत-ए के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद चोट खा बैठे थे. राहुल के दाएं कोहनी में चोट लगी थी. इसके चलते उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था. हालांकि राहुल अब पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं. केएल राहुल के पहले मैच में कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में यशस्वी जायसवाल संग पारी की शुरुआत करने की उम्मीद है. बता दें कि रोहित का पर्थ टेस्ट में खेलना मुश्किल है. रोहित दूसरी बार पिता बने हैं और वो अभी कुछ दिन फैमिली के साथ रहना चाहते हैं. रोहित के एडिलेड टेस्ट के लिए टीम से जुड़ने की संभावना है. उधर शुभमन गिल के पर्थ टेस्ट में खेलने की संभावना ना के बराबर है. प्रैक्टिस मैच में दूसरे स्लिप पर कैच लेने के दौरान शुभमन गिल के बाएं अंगूठे में चोट लग गई. वह चोट के बाद काफी दर्द में दिख रहे थे और स्कैन के लिए तुरंत मैदान से बाहर चले गए थे. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के एक सूत्र ने समचार एजेंसी को बताया कि गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर है और टेस्ट शुरू होने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, उनका समय पर फिट होना लगभग असंभव होगा. अंगूठे के फ्रैक्चर को ठीक होने में आम तौर पर लगभग 14 दिन लगते हैं, जिसके बाद व्यक्ति से अपने नियमित नेट सत्र शुरू करने की उम्मीद की जाती है.

एडिलेड में दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से शुरू हो रहा है, तो संभावना है कि शुभमन गिल उस मैच के लिए समय पर फिट हो जाएंगे. प्रैक्टिस के दौरान सरफराज खान की भी कोहनी में चोट लग गई थी. वह अपनी कोहनी पकड़े हुए बाहर जाते नजर आए थे. हालांकि सरफराज पर्थ टेस्ट के लिए फिट हो गए हैं.

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में सरफराज ने एक मैच में 150 रनों की पारी खेली थी. देखा जाए तो केएल राहुल का हालिया प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है. राहुल बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में शून्य पर आउट हो गए थे और दूसरे टेस्ट में 12 रन बनाकर पवेल?ियन लौट गए थे. इसके बाद उन्हें बाकी के दो मैचों में प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली थी. ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भी केएल राहुल के बल्ले से रन नहीं निकले, जहां वो भारत-ए टीम का पार्ट थे. राहुल पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 10 रन बना सके थे.

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय स्क्वॉड:**

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर.

पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉड: पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क.

**भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा**

(नवंबर 2024 - जनवरी 2025)

22-26 नवंबर- पहला टेस्ट, पर्थ

6-10 दिसंबर- दूसरा टेस्ट, एडिलेड

14-18 दिसंबर- तीसरा टेस्ट, ब्रिस्बेन

26-30 दिसंबर- चौथा टेस्ट, मेलबर्न

03-07 जनवरी- पांचवा टेस्ट, सिडनी

## मैक्ग्रा बोले...

# कोहली इमोशनल उन्हें टारगेट बनाओ



**पर्थ, एजेंसी।** यह फोटो 5 जनवरी 2019 की है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ग्लेन मैक्ग्रा ने विराट कोहली को पिंक कैप दी थी। वह मैच ड्रॉ रहा और भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में 2-1 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को विराट कोहली पर दबाव बनाने की सलाह दी है।

54 साल के इस दिग्गज ने कहा, आउट ऑफ फॉर्म चल रहे कोहली खराब शुरुआत के दबाव में होंगे। कंगारुओं को उन्हें टारगेट बनाना चाहिए। न्यूजीलैंड से हार के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के पास उनके खिलाफ काफी गोला-बारूद है। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत 22 नवंबर से हो रही है। पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा। टीम इंडिया को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है और यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम है। भारत को अपने दम पर फाइनल तक पहुंचने के लिए 5 में से 4 मैच जीतने ही होंगे।

मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलियन मीडिया हाउस फॉक्स क्रिकेट से कहा, कोहली पर दबाव डालें और देखें कि वे इसके लिए तैयार हैं या नहीं। फॉक्स ने कहा कि पिछले एक दशक से ज्यादा समय से भारतीय बैटिंग के लीडर रहे कोहली खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस साल 6 मैचों में उनका औसत 22.72 का रहा है।

न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज में भी कोहली कुछ खास नहीं कर पाए। खराब फॉर्म से जूझते रहे। अब ऑस्ट्रेलिया में सीरीज से पहले चोटिल शुभमन गिल पहले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं।

# जून में मेरी मौत नजदीक थी... माइक टायसन बोले- आखिरी बार रिंग में उतरने का मुझे कोई पछतावा नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व विश्व हैवीवेट चैंपियन माइक टायसन ने शनिवार को कहा कि उन्हें रिंग में आखिरी बार उतरने और मैच में जेक पॉल से हारने का कोई पछतावा नहीं है।

58 वर्षीय इस महान मुक्केबाज को शनिवार को डलास काउबॉय के ए.टी एंड टी स्टेडियम में 27 वर्षीय यूट्यूब फाइटर पॉल से बस कुछ पॉइंट के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच को दुनिया भर में 72,300 प्रशंसकों ने देखा और 60 मिलियन से ज्यादा घरों में यह प्रसारित हुआ। टायसन ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, यह उन स्थितियों में से एक है जब आप हार गए, लेकिन फिर भी जीत गए। आखिरी बार रिंग में



आने का कोई पछतावा नहीं है। टायसन ने कहा कि वह स्वास्थ्य समस्याओं के कारण जून में मौत के नजदीक थे। हालांकि, उन्होंने उससे लड़ाई की और आखिरी बार रिंग में वापसी का जुनून बनाया। उन्होंने कहा कि यह केवल लड़ने के लिए और रिंग में उतरने के लिए परेशानियों पर मेरी एक जीत थी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई जुलाई में होने वाली थी, लेकिन उन्हें इसे स्थगित करना पड़ा था।

मियामी से लॉस एंजिलिस तक की फ्लाइट में उन्हें खून की उल्टी हुई थी। स्वास्थ्य समस्या होने के बावजूद उन्होंने अब रिंग में वापसी की। टायसन ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं जून में लगभग मर गया था। आठ रक्त संक्रमण थे।

# विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप 2024 का भव्य आगाज

**मोंटेसिल्वानो, एजेंसी।** इटली में आयोजित हो रही विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप 2024 का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता कांग्रेस सेंटर पाला डीन मार्टिन में हो रही है, जो 80 देशों के 716 खिलाड़ियों को एक ही हॉल में समेटने के लिए पर्याप्त रूप से विशाल है। आयोजकों ने सभी आधिकारिक होटलों को खेल स्थल के चारों ओर व्यवस्थित किया है, ताकि खिलाड़ियों को हॉल तक पहुंचने के लिए केवल पांच मिनट की पैदल दूरी तय करनी पड़े। यह व्यवस्था खिलाड़ियों के साथ आए परिजनों के लिए भी सुविधाजनक साबित हो रही है।

इस बार इतिहास रचते हुए, चैंपियनशिप में सभी बोर्ड लाइव हैं और डीजीटी शतरंज बोर्ड के जरिए दुनिया भर में प्रसारित किए जा रहे हैं। साथ ही, आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव वीडियो टेलीकास्ट की व्यवस्था भी की गई है, जिससे




शतरंज प्रेमी घर बैठे मैच का आनंद ले सकें। खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए आयोजकों ने अभिभावकों के लिए विशेष क्षेत्र, गेम विश्लेषण जोन और शतरंज की किताबें व अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए एक स्टॉल भी लगाया है।

चैंपियनशिप के सुचारू संचालन के लिए 31 मुख्य निर्णायक और 3 फेयर प्ले निर्णायक की टीम जुटी हुई है।

प्रतियोगिता शुरू होने से पहले, 80 देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक तकनीकी बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य निर्णायक और अधिकारियों ने नियमों और विनियमों की जानकारी दी। उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथियों में लुइगी मैगी, इटालियन शतरंज संघ के अध्यक्ष;ओज़गुर सोलाकोगलू, फिडे प्रतिनिधि; ओट्टावियो डी मार्टिनिस, मोंटेसिल्वानो के मेयर; और ग्रैंडमास्टर रॉबर्टो मोग्रांज़िनी, टूर्नामेंट के महा निदेशक उपस्थित थे।

# चौथे टी-20 में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया, लुईस और होप ने अर्धशतक जमाए

**सेंट लूसिया, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने अपने घरेलू मैदान पर टी-20 इंटरनेशनल का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया है। टीम ने इंग्लैंड को चौथे टी-20 मुकाबले में 5 विकेट से हराया। हालांकि, मेजबान टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-3 से पीछे चल रही है। आखिरी मुकाबला रविवार रात को खेला जाएगा। सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में शनिवार रात विंडीज के कप्तान शाई होप ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लिश टीम ने फिल सॉल्ट (55 रन) और जैकब बिथेल (62 रन) की फिफ्टी के सहारे 218 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज के बैटर्स ने 219 रन का टारगेट 19 ओवर में 5 विकेट पर चेज कर दिया। शाई होप प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। साथ ही इवेन लुईस के साथ 55 गेंद पर 136 रनों की ओपनिंग साझेदारी की।

निकोलस पूरन ने 102वां टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला। वे वेस्टइंडीज के सबसे ज्यादा खेलने वाले प्लेयर बने। पूरन ने कायरन पोलार्ड (101 मैच) को पीछे छोड़ा। वेस्टइंडीज की वापसी, सीरीज गंवा चुकी है इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में वापसी की है। हालांकि, टीम अब भी 1-3 से पिछड़ रही है। इससे पहले इंग्लैंड ने शुरुआती 3 मुकाबले जीतते हुए सीरीज में अजेय बढ़त बना ली है। आखिरी मुकाबले में भी विंडीज हार का अंतर कम कर सकेगी।

## विंडीज का घर में सबसे बड़ा रन चेज



विंडीज ने पहली बार घर में 200+ का टारगेट चेज किया वेस्टइंडीज की टीम ने अपने घरेलू मैदान पर पहली बार 200 रन से ज्यादा का टारगेट चेज किया है। इससे पहले 194 रन टीम का बेस्ट रन चेज था, जो विंडीज की टीम ने इंडिया के खिलाफ किंग्स्टन में 2017 में किया था।

ओपनर्स की फिफ्टी पार्टनरशिप, करेन बिथेल ने 200 पार पहुंचाया टॉस हारकर बैटिंग कर रही इंग्लैंड के ओपनर फिल सॉल्ट ने विल जैक्स के साथ शानदार शुरुआत की। उन्होंने 35 बॉल पर 54 रन बनाए और जैक्स के साथ 54 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इस साझेदारी को अल्जारी जोसेफ ने ब्रेक किया। उन्होंने विल जैक्स को विकेटकीपर पूरन के हाथों कैच कराया। कप्तान जोस बटलर ने 38 रन का योगदान दिया। फिर जैकब बिथेल ने 32 बॉल पर 62 रन बनाए। उन्होंने सैम करन (24 रन) के साथ 30 बॉल पर 63 रन की पार्टनरशिप की। इस साझेदारी के दम पर टीम 218 रन का स्कोर बनाने में कामयाब रही। लुईस-होप की सेंचुरी पार्टनरशिप, टीम ने 136 के स्कोर पर 3 विकेट गंवाए 219 रन का टारगेट चेज करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने मजबूत शुरुआत की। इवेन लुइस और शाई होप ने 136 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप करके टीम को तेज शुरुआत की।

लेकिन, 10वां ओवर लेकर आए रेयान अहमद ने पहली बॉल पर लुईस को मुसली के हाथों कैच कराया। अगली ही बॉल पर शाई होप रन आउट हो गए। फिर ओवर की तीसरी बॉल पर रेयान अहमद ने निकोलस पूरन को बोल्ड कर दिया। अब दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट चुके थे। ऐसे में कप्तान रोवमन पॉवेल ने शिमोरन हेटमायर (7 रन) और शेरफेन रदरफोर्ड के साथ अहम साझेदारियां की।

## संक्षिप्त समाचार

### कपिल शर्मा - कॉमेडियन या मेनिफेस्टेशन के किंग: गीता बसरा

**मुंबई, एजेंसी।** पिछले एपिसोड में हमारे इंडस्ट्रियल आइकन्स के साथ धमाकेदार मस्ती करने के बाद, नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो इस बार शो के फैंस के लिए कुछ बेहद जाने-पहचाने चेहरों के साथ लौट रहा है। कपिल के कप्स कैफे में इस बार नवजोत सिंह सिद्धू और उनकी पत्नी नवजोत कौर, साथ ही हरभजन सिंह और उनकी पत्नी गीता बसरा मेहमान बनकर आएंगे। यह एपिसोड पुराने दिनों की यादों से भरा होगा, जिसमें हमारे खास मेहमान अपनी दिलचस्प कहानियां शेयर करेंगे। ऐसी ही एक कहानी गीता बसरा ने शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे कपिल ने अनजाने में, सिर्फ अपनी शुभकामनाओं के जरिए, हरभजन और उनके चार सदस्यीय परिवार को 'मेनिफेस्ट' कर दिया। गीता बसरा ने कपिल से कहा, जब पहली बार हम आपके शो पर आए थे, हमारी नई-नई शादी हुई थी।

### भव्यतम 9 दिवसीय भैरव अष्टमी महोत्सव आयोजन: आध्यात्मिक एकता और समृद्धि का अनूठा पर्व

**नीमच।** मध्य प्रदेश के नीमच में 9 दिवसीय भैरव अष्टमी महोत्सव का भव्यतम आयोजन किया गया। अखिल भारतीय बटुक भैरव भक्त मंडल एवं पार्श्व पद्मावती शक्ति पीठ धाम, तमिलनाडु के पीठाधीश्वर, डॉ. वसंत विजय जी महाराज के सानिध्य में 23 नवंबर तक चलने वाला यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक धरोहर, एकता और समृद्धि का भव्य उत्सव है। इस महोत्सव में देश पर महामारी के संकट, आतंकवाद की चुनौतियों से मुक्ति व आर्थिक वृद्धि की कामना हेतु भैरव देव को 2024 प्रकार की मिठाइयां अर्पण की जा रही है। 8 कुंडीय महायज्ञ में 46 विद्वान पंडितों द्वारा भैरव देव की आराधना करते हैं, जिसमें एक कुंड में 11 पंडित और 7 कुंडों में 5-5 पंडित 9 दिन तक निरंतर यज्ञ करते हैं। इस महाअनुष्ठान का एक प्रमुख आकर्षण 84,000 वर्ग फीट में विशाल रंगोली का निर्माण, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक गुरुओं और राष्ट्र नायकों के चित्र उकेरे जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में परम पूज्य डॉ वसंत विजय जी महाराज के मुखरबिंद से कथा, साधना, महायज्ञ एवं महोत्सव के दौरान सभी भक्तों के लिए निशुल्क भोजन और सेवाएँ उपलब्ध कराई गई।

### विद्युत जामवाल ने डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही डेडपूल एंड वूल्वरिन को बहुत रोमांचक बताया

**मुंबई, एजेंसी।** एक्शन आइकन विद्युत जामवाल डिज़्नी+ हॉटस्टार पर डेडपूल एंड वूल्वरिन की रिलीज को लेकर बहुत उत्साहित हैं। अपने योद्धा जैसे अनुशासन के लिए मशहूर विद्युत को रयान रेनॉल्ड्स और ह्यूग जैकमैन द्वारा स्क्रीन पर दिखाया गया जबरदस्त एक्शन बहुत पसंद है। हाल ही में डिज़्नी+ हॉटस्टार पर विद्युत की फिल्म क्रैक रिलीज हुई थी, लेकिन इस बार वो एक फैन के रूप में लौटे हैं। वो मार्वल स्टूडियोज की लेटेस्ट ब्लॉकबस्टर के रोमांच के लिए उत्साहित हैं, जिसमें बेहतरीन ह्यूमर और प्यारा ब्रोमांस देखने को मिलेगा। उनका दिलचस्प वीडियो उनके जामवालियंस को पुकार रहा है। डिज़्नी+ हॉटस्टार के सहयोग से निर्मित इस वीडियो में विद्युत अपने अंदर के एक्शन फैन के साथ फिल्म के हाई-ऑक्टेन सीक्वेंस के बारे में बता रहे हैं।

### विश्व सीओपीडी दिवस 2024: बीमारी का पता शुरू में ही लगाने और उसके प्रबंधन के लिए फेफड़ों के स्वास्थ्य को समझना

**भोपाल।** विश्व सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़) दिवस 2024 के भाग के रूप में, स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे हैं कि फेफड़े के स्वास्थ्य और कार्य को जानना महत्वपूर्ण है। यह इस साल की थीम, अपने लंग फंक्शन को जानें के क्रम में है। यह महत्वपूर्ण है फेफड़े के कार्य के परीक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए डॉ. निशांत श्रीवास्तव, एम.डी. पल्मोनरी मेडिसिन, भोपाल ने कहा, सीओपीडी जैसी क्रोनिक श्वसन बीमारी के प्रभावी प्रबंधन और आगे की जटिलताओं को रोकने के लिए बीमारी का शुरू में ही पता चल जाना और उपचार शुरू होना महत्वपूर्ण हैं। सीओपीडी के प्रबंधन में जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, भोपाल के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. लोकेंद्र दवे ने बताया, सीओपीडी प्रबंधन का लक्ष्य रोग की प्रगति को धीमा करना और फेफड़ों की कार्यक्षमता में गिरावट को कम करना है।

# तमिल अभिनेत्री कस्तूरी शंकर हैदराबाद से गिरफ्तार, तेलुगू समुदाय पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

**चेन्नई, एजेंसी।**
ग्रेटर चेन्नई पुलिस द्वारा तैनात एक विशेष टीम ने तमिल अभिनेत्री कस्तूरी शंकर को शनिवार रात हैदराबाद के नरसिंगी स्थित एक फ्लैट से गिरफ्तार कर लिया। चेन्नई के एग्मोर पुलिस की एक विशेष टीम ने अभिनेता को गिरफ्तार किया। साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि एग्मोर पुलिस स्टेशन की एक टीम 16 नवंबर को हैदराबाद पहुंची और नरसिंगी स्थित उनके फ्लैट से गिरफ्तार किया। अधिकारी ने कहा कि कस्तूरी पर भारतीय न्याय संहिता अधिनियम 2023 की धारा 191 और 192 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने अभिनेत्री को गिरफ्तार कर लिया और ट्रांजिट पर चेन्नई ले जाएगी।



तमिल स्टार पर 3 नवंबर को चेन्नई में एक सभा के दौरान तेलुगू समुदाय के बारे में की गई विवादास्पद टिप्पणी के लिए जांच चल रही थी। कस्तूरी के खिलाफ अभद्र भाषा और तेलुगू समुदाय को निशाना बनाने के आरोप हैं। हालांकि उन्होंने इसका खंडन किया और दावा किया कि उनके बयानों को गलत ढंग से पेश किया गया। कस्तूरी द्वारा दायर अग्रिम जमानत को (14 नवंबर) मद्रास उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। अभिनेत्री की जमानत याचिका खारिज करने वाले न्यायमूर्ति आनंद वेंकटेश ने कहा था कि उनकी टिप्पणियां अनुचित थीं। यह मामला कस्तूरी द्वारा 3 नवंबर को चेन्नई में एक ब्राह्मण सभा में की गई टिप्पणियों से उपजा है।

उन्होंने कथित तौर तमिलनाडु में रह रहे तेलुगू भाषी लोगों को वेश्याओं का वंशज बताया था। कस्तूरी के मुताबिक ये 300 साल पहले राजाओं की सेवा करने आए थे और अब खुद को तमिल मूल का बताते हैं। कस्तूरी की टिप्पणियों की व्यापक आलोचना हुई, जिसके कारण नायडू महाजन संगम राज्य कार्यकारी समिति के एक सदस्य ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। प्रतिक्रिया के जवाब में, कस्तूरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक माफी जारी की, जिसमें दावा किया गया कि तमिलनाडु के गोएबल्स और हिंदू विरोधी डीएमके नेटवर्क द्वारा झूठी खबर फैलाई जा रही है। उन्होंने तेलुगू समुदाय के प्रति अपने प्यार और वफादारी का भी इजहार किया, उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लोग कभी भी उनके झूठ में नहीं फंसेंगे।

न्यायमूर्ति वेंकटेश ने कस्तूरी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उन्हें तेलुगू समुदाय की महिलाओं के खिलाफ बोलने से बचना चाहिए था। अदालत ने अभिनेत्री की टिप्पणियों की आलोचना की और उनकी माफी को अपर्याप्त पाया, क्योंकि इसमें महिलाओं के बारे में टिप्पणियों को सीधे संबोधित नहीं किया गया था। कस्तूरी ने अदालत में तर्क दिया कि एफआईआर राजनीति से प्रेरित थी, उन्होंने दावा किया कि डीएमके सरकार का उनके प्रति असहिष्णु और प्रतिशोधी रवैया था। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणियों ने तेलुगू समुदाय को भड़काने का काम नहीं किया है। 2024 के लोकसभा चुनावों में कस्तूरी ने भाजपा के लिए प्रचार किया था। लेकिन उनके इस बयान से तमिलनाडु इकाई ने किनारा कर लिया है।

हालांकि उन्होंने एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि उनकी टिप्पणियों की गलत व्याख्या की गई। कस्तूरी के अनुसार, उनकी टिप्पणी का उद्देश्य डीएमके के पाखंड और दोहरे मानदंडों को उजागर करना था, न कि तेलुगू समुदाय का अपमान करना। कस्तूरी ने कहा कि उनकी टिप्पणी में उन श्रमिकों के एक विशिष्ट समूह का उल्लेख था जो सदियों पहले तेलुगू शासकों के साथ तमिलनाडु आए थे और बाद में तमिल पहचान ग्रहण कर ली थी। उन्होंने दावा किया कि उनके बयानों को तोड़-मरोड़ कर तेलुगू समुदाय पर व्यापक हमले का सुझाव दिया गया, जिसका उन्होंने खंडन किया। कस्तूरी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने पत्नी के वंशजों का नहीं, बल्कि पत्नी के कर्मचारियों का संदर्भ दिया था, और दिवंगत डीएमके नेता एम. करुणानिधि की इस स्वीकारोक्ति का हवाला दिया कि समूह में कारीगर और संगीतकार शामिल थे।

## नवनीत राणा की चुनावी जनसभा में बवाल, फेंकीं गईं कुर्सियां और जमकर नारेबाजी

**दरियापुर, एजेंसी।**
भाजपा की पूर्व सांसद रणनीत राणा की चुनावी सभा में शनिवार को भारी हंगामा हो गया। इस दौरान भीड़ काफी उग्र नजर आई और राणा की ओर कुर्सियां फेंकने लगी। गनीमत रही कि इस हमले में वह बाल-बाल बच गईं। नवनीत राणा महाराष्ट्र के अमरावती से पूर्व सांसद हैं। जिले के दरियापुर विधानसभा क्षेत्र में वह प्रचार के लिए पहुंची थीं। युवा स्वाभिमान पार्टी के उम्मीदवार रमेश बुंदीले के समर्थन में सभा आयोजित की गई थी। इस दौरान कुछ लोग उग्र हो गए और महिला सांसद की ओर कुर्सियां फेंकने लगे। साथ ही, जमकर नारेबाजी की गई।



रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार देर शाम आयोजित चुनावी बैठक चल रही थी। इस दौरान किसी बात पर बहस छिड़ गई और फिर हंगामा होने लगा। मामला इस हद तक बिगड़ गया कि कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकने लगे। इस घटनाक्रम का वीडियो सामने आया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नवनीत राणा ने पूरी घटना को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वह अपने समर्थकों के साथ खल्लार पुलिस स्टेशन पहुंची थीं। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जाएगी।

गौरतलब है कि पूर्व सांसद नवनीत राणा को बीते दिनों धमकी भरी चिट्ठी मिली थी। इसमें 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई। अधिकारी ने बताया कि मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अमरावती की पूर्व सांसद को आमिर नामक व्यक्ति ने स्पीड पोस्ट के जरिए पत्र भेजा। राणा के निजी सचिव विनोद गुहे ने अमरावती के राजापेठ पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि यह पत्र 11 अक्टूबर को राणा के आवास पर एक कर्मचारी को मिला था। शिकायतकर्ता के मुताबिक पत्र भेजने वाले ने कहा कि उसने राणा की 'सुपारी' ली है और उनका यौन उत्पीड़न करने की धमकी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर रही है।

## छात्रों ने टीचर की कुर्सी के नीचे रख दिया बम, रिमोट से किया धमाका; यूट्यूब से सीखा था तरीका

**हिसार, एजेंसी।**
हरियाणा के एक स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्रों के एक समूह ने यूट्यूब पर बम बनाने के तरीका सीखकर बम बना दिया। इसके बाद उन्होंने शरारत करने के लिए उस बम को स्कूल की विज्ञान विषय की टीचर की कुर्सी के नीचे फिट कर दिया। उन्होंने रिमोट की मदद से बम को ब्लास्ट किया। सौभाग्य से, टीचर बाल-बाल बच गईं और उन्हें कोई चोट नहीं आई। हालांकि, इस घटना के बाद उन छात्रों को एक सप्ताह के लिए स्कूल से निलंबित कर दिया गया है।

कुछ छात्रों ने महिला टीचर से डांट खाने के बाद बदला लेने का सोचा। एक छात्र ने उनकी कुर्सी के नीचे बम जैसा पटाखा रखा, जबकि दूसरे छात्र ने रिमोट कंट्रोल के माध्यम से उसे सक्रिय कर दिया। इसके बाद यह फटा। छात्रों ने बम बनाने का तरीका यूट्यूब से सीखा था और इसे रिमोट कंट्रोल से ऑपरेट किया था।

**शिक्षा विभाग की कार्रवाई:** हिसार जिले के शिक्षा विभाग ने इस खतरनाक शरारत के लिए कड़ी कार्रवाई की है। सभी 13 छात्रों को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचे और घटना की गंभीरता से जांच शुरू की। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना के बाद यह भी चर्चा हुई थी कि इन छात्रों को स्कूल से निकाल दिया जाए, लेकिन उनके माता-पिता ने माफी मांगते हुए यह लिखित बयान दिया कि वे भविष्य में इस तरह काम नहीं करेंगे।



**गांव में पंचायती बैठक:** इस घटना के बाद संबंधित गांव में पंचायत की बैठक भी बुलाई गई। बच्चों की इस शरारत के बारे में चर्चा की गई। पंचायत के दौरान यह जानकारी सामने आई कि कक्षा के 15 छात्रों में से 13 छात्र इसमें शामिल थे। वे इसके बारे में जानते थे। सभी छात्रों को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। यह विचार किया जा रहा है कि इस पर कोई और कार्रवाई की जाए या नहीं।जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता ने बताया कि शिक्षिका ने उन छात्रों को माफ कर दिया है। उन्होंने कहा, अगर ये बच्चे एक मॉडल बनाकर उसे प्रस्तुत करते तो हम उनका सम्मान करते, लेकिन अब यह मामला चेतावनी देने के साथ सुलझा लिया गया है। इन बच्चों ने यह सब यूट्यूब से सीखा था। इस घटना ने स्कूल प्रशासन और शिक्षा विभाग के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। ऑनलाइन सामग्री का बच्चों पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ सकता है और किसे किस सीमा तक नियंत्रित किया जाना चाहिए।

## पीएम मोदी ने आरोप साबित कर दिए तो छोड़ दूंगा राजनीति: सिद्धारमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार में जुटे कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पीएम मोदी के उन आरोपों की आलोचना की कि कांग्रेस सरकार ने राज्य में लोगों को लूटा और उसे इलेक्शन में खर्च किया। शनिवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में सीएम सिद्धारमैया ने चुनौती दी कि प्रधानमंत्री को अपने आरोप साबित करें। उन्होंने कहा कि अगर आरोप सही साबित हुए तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। मालूम हो कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होना है। सीएम सिद्धारमैया ने शनिवार को सोलापुर में महा विकास अघाड़ी के लिए प्रचार करने पहुंचे थे।



मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पीएम मोदी के आरोपों को सरासर झूठ बताया और चुनौती भी दे डाली। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी आते हैं और सफेद झूठ बोलकर चले जाते हैं। अगर वह अपने आरोप साबित कर देंगे तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। आखिर मोदी मेरी चुनौती को स्वीकार क्यों नहीं करते हैं? क्या उन्हें किसी बात का डर है? सिद्धारमैया ने कहा कि पीएम मोदी दावा कहते हैं कि कल्याण गारंटी अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगी। मगर, भाजपा ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में चुनावों के दौरान इसी तरह की गारंटी दी थी। आखिर प्रधानमंत्री झूठ का सहारा क्यों ले रहे हैं? मोदी सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं भी दिखाई हैं। इसके तहत अमीरों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया गया, जबकि किसानों का एक रुपया भी माफ नहीं हुआ। सोलापुर में कुछ दिनों पहले ही पीएम मोदी की चुनावी रैली हुई थी।

## वे कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं क्योंकि वे महाराष्ट्र में चुनाव जीतना चाहते हैं: फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू, एजेंसी।**
नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कांग्रेस पर आर्टिकल 370 को लेकर लगातार हो रहे बीजेपी के हमलों को महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावी जीत हासिल करने का एक हथकंडा बताया। फारूक अब्दुल्ला ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज कांग्रेस पर बीजेपी हमला कर रही है। चाहे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या गृहमंत्री अमित शाह, वे लगातार कांग्रेस पर चिल्ला रहे हैं ताकि चुनाव जीत सकें। वे कांग्रेस को इसलिए निशाना बना रहे हैं क्योंकि वे महाराष्ट्र में चुनाव जीतना चाहते हैं, लेकिन हम उन्हें कांग्रेस को कमजोर नहीं करने देंगे।

ऑक्सफोर्ड यूनियन द्वारा आयोजित स्वतंत्र कश्मीर पर हुई विवादास्पद बहस पर प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने इसे पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, कुछ लोग ऐसा करना चाहते हैं, लेकिन मैं इस पर कैसे प्रतिक्रिया दूं? मैं वहां नहीं था। ऑक्सफोर्ड यूनियन ने मुझे आमंत्रित नहीं किया। स्वतंत्र



होना इतना आसान नहीं है। हम परमाणु शक्तियों पाकिस्तान और चीन से घिरे हैं। हमारी अर्थव्यवस्था का क्या होगा? जो लोग ऐसा सोचते हैं, वे विदेश में रहते हैं और यहां की स्थिति से अनजान हैं। हम भारत का हिस्सा हैं और हमेशा रहेंगे।

बीजेपी के चुनावी नारे 'कटेंगे तो बंटेंगे' पर तंज कसते हुए अब्दुल्ला ने कहा, यह कैसा नारा है? मैं इसे समझ नहीं पाता। क्या भारत एक नहीं है? क्या हम एकजुट नहीं हैं? भारत विविधता में एकता का प्रतीक है और हमें इस विविधता को मजबूत करना चाहिए, जिससे भारत और मजबूत होगा। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने में हो रही देरी पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा, आप केंद्र सरकार से किस प्रकार की प्रतिक्रिया चाहते हैं? राज्य का दर्जा वापस दिया जाएगा और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है। पहले लोग कहते थे कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव नहीं होंगे, लेकिन चुनाव हुए। बीजेपी ने सरकार बनाने का दावा किया था, लेकिन क्या हुआ? हवाई किले बनाना अच्छा नहीं है।

# महाराष्ट्र में गरमाया वोट जिहाद का मुद्दा, फडणवीस बोले- धर्मयुद्ध करना होगा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक खींचतान बढ़ती जा रही है। वोट जिहाद का मुद्दा भी इन दिनों खूब गरमाया हुआ है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुणे में चुनावी रैली में इस्लामिक विद्वान सज्जाद नोमानी का वीडियो दिखाकर वोट जिहाद का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि कहा जा रहा है कि जो व्यक्ति भाजपा को वोट देता है, उसे बहिष्कृत कर दिया जाना चाहिए। फडणवीस ने कहा, 'अगर ये लोग वोट जिहाद करने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे कह रहे हैं कि वे वोट जिहाद के जरिये सरकार को अस्थिर कर देंगे, तो आपको भी वोटों का धर्मयुद्ध करना होगा।'




शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पूछा कि क्या फडणवीस की ओर से किया गया वोटों के धर्मयुद्ध का आह्वान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। ठाकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले उनसे उनकी पार्टी के चुनावी गान से 'जय भवानी, जय शिवाजी' शब्द हटाने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बीच निर्वाचन अधिकारियों ने नागपुर में 14.5 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया। एक अधिकारी ने बताया कि आभूषणों और अन्य रूप में सोना गुजरात की कंपनी सीक्वल लॉजिस्टिक्स द्वारा ले जाया जा रहा था, तभी उड़नदस्ता ने उसे पकड़ लिया। महाराष्ट्र में 15 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू है। विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

बालासाहेब के विचारों के लिए लड़ रहे- संजय राउत

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर कहा, आज हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे का स्मरण दिवस है। 12 साल बीत गए बालासाहेब हमें केवल शारीरिक रूप से छोड़कर गए हैं, उनके विचार अभी भी हमारे साथ हैं। इस चुनाव में हम बालासाहेब के विचारों के लिए लड़ रहे हैं। बालासाहेब ने शिवसेना की स्थापना इसलिए की ताकि महाराष्ट्र में धर्म की रक्षा हो, यहां के मराठी मानुस के स्वाभिमान की रक्षा हो, हमारे विचारों की रक्षा हो। हमारे न्याय और अधिकार जिनकी बालासाहेब ने बात की थी, वे खतरे में हैं। आज उन्हें और उनके विचारों को याद करने का दिन है। हम उनके विचारों के आधार पर चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा, क्या शरद पवार को हिंदुओं के बारे में बोलने में शर्म आती है या उन्हें डर लगता है? मौलाना खलीलुर रहमान सज्जाद नोमानी जैसा कोई बयान नहीं देता कि अगर कोई हिंदू भाजपा के खिलाफ वोट करता है, तो उसका सामाजिक बहिष्कार करें और उसका नाम अब्दुल रहमान रखें। हिंदुत्व में ऐसी भाषा नहीं होती। शरद पवार ने ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड और मराठी मुस्लिम सेवा संघ को समर्थन दिया है। शरद पवार ने वोट जिहाद जैसी बातें फैलाई। राहुल गांधी, सलमान खुर्शीद का परिवार वोट जिहाद फैलाता है। उन्हें शर्म आनी चाहिए। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने भाजपा पर विभाजनकारी' राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भले ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और चिह्न 'चुरा' लिया हो, लेकिन उनकी घड़ी ने टिक-टिक करना बंद कर दिया है। कुमार ने मुंब्रा में एक रैली को संबोधित करते हुए शरद पवार के प्रति वफादारी दिखाने के लिए राकांपा-शरदचंद्र पवार के विधायक जितेंद्र अवहाद की तारीफ की।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेल: purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)